


राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# जागरण मोर्चा

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद में प्रसारित

जन-जन की आवाज



लखनऊ वर्ष : 05 अंक : 26 | सोमवार, 09 मार्च 2026 | चैत्र कृष्ण षष्ठी विक्रम संवत 2082 | पृष्ठ : 12 मूल्य : 05 रूपया

### राष्ट्रपति मुर्मू प्रोटोकॉल विवाद

# केंद्र सरकार ने बंगाल के मुख्य सचिव से किया जवाब तलब

**एजेंसी समाचार**

**नई दिल्ली/कोलकाता।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के पश्चिम बंगाल दौरे के दौरान हुई "लापरवाहियों" को लेकर विवाद के बीच, केंद्र सरकार ने राज्य सरकार से रविवार शाम पांच बजे तक प्रोटोकॉल, स्थल और मार्ग व्यवस्था से संबंधित "उल्लंघनों" पर जवाब मांगा है। सूत्रों ने यह जानकारी दी। केंद्र सरकार ने पश्चिम बंगाल के मुख्य सचिव को एक पत्र लिखकर 'ब्लू बुक' के नियमों के उल्लंघन, प्रोटोकॉल, स्थल और मार्ग व्यवस्था के बारे में जवाब देने के लिए कहा है।

'ब्लू बुक' में राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और उनके परिवारों के सुरक्षा व प्रोटोकॉल नियमों की सूची होती है। शनिवार को राष्ट्रपति मुर्मू ने बागडोगरा हवाईअड्डे के पास आदिवासी समुदाय के एक कार्यक्रम में कम लोगों की उपस्थिति पर निराशा व्यक्त की और बिधाननगर की जगह इस स्थान पर कार्यक्रम आयोजित करने के फैसले को लेकर सवाल उठाया। उन्होंने यह भी बताया कि उनके दौरे के दौरान पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और उनके मंत्री उपस्थित नहीं थे।

सूत्रों के अनुसार, पत्र में पश्चिम बंगाल के मुख्य सचिव से पूछा गया है कि जब राष्ट्रपति राज्य में पहुंची थीं तब मुख्यमंत्री, मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक क्यों उपस्थित नहीं थे। केंद्र सरकार ने यह भी कहा कि केवल सिलीगुड़ी के महापौर राष्ट्रपति का स्वागत करने के लिए मौजूद थे, जो कि प्रोटोकॉल का उल्लंघन है। सूत्रों के अनुसार, राष्ट्रपति के लिए बनाए गए वॉशरूम में पानी की कमी थी, जिसके लिए राज्य सरकार से स्पष्टीकरण मांगा गया है। राज्य से यह भी पूछा गया है कि राष्ट्रपति को लाने के लिए चुने गए मार्ग पर गंदगी क्यों थी।



पत्र में यह भी पूछा गया है कि दार्जिलिंग के जिलाधिकारी, सिलीगुड़ी के पुलिस आयुक्त और अतिरिक्त जिलाधिकारी के खिलाफ क्या कार्रवाई की गई है, जो इन उल्लंघनों के लिए सीधे जिम्मेदार प्रतीत होते हैं। मुर्मू को आदिवासी समुदाय के वार्षिक कार्यक्रम में आमंत्रित किया गया था, जो मूल रूप से बिधाननगर, सिलीगुड़ी में आयोजित होने वाला था। हालांकि, सुरक्षा और अन्य तार्किक कारणों का हवाला देते हुए अधिकारियों ने बिधाननगर की जगह बागडोगरा हवाई अड्डे के पास गोशैपुर में कार्यक्रम आयोजित किया।

राष्ट्रपति शनिवार दोपहर जब कार्यक्रम स्थल पर पहुंचीं, तो वहां केवल कुछ ही लोग उपस्थित थे। सिलीगुड़ी के महापौर गौतम देब हवाई अड्डे पर उनका स्वागत करने के लिए मौजूद थे। राष्ट्रपति ने कहा, "ममता बनर्जी मेरी छोटी बहन की तरह हैं। मैं भी बंगाल की बेटी हूं। मुझे नहीं पता कि वह नाराज हैं या नहीं। खैर, यह महत्वपूर्ण नहीं है। आप सभी का भला हो।" उन्होंने आदिवासी समुदाय के कार्यक्रम का स्थल बदलने पर भी सवाल उठाया।

मुर्मू ने कहा, "अगर कार्यक्रम वहां (बिधाननगर में) होता, तो बेहतर होता। वहां काफी जगह थी और काफी लोग आ सकते थे। लेकिन मुझे नहीं पता कि राज्य प्रशासन ने वहां कार्यक्रम की अनुमति क्यों नहीं दी। आज का कार्यक्रम ऐसे स्थान पर हो रहा है, जहां लोगों के लिए आना मुश्किल है।

## राज्य सरकार ने प्रोटोकॉल का कोई उल्लंघन नहीं किया : ममता



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने रविवार को कहा कि सिलीगुड़ी में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के कार्यक्रम में प्रोटोकॉल का कोई उल्लंघन नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम में अगर कोई गड़बड़ी हुई है, तो उसकी जिम्मेदारी निजी आयोजकों और भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण की है, जिसने कार्यक्रम स्थल उपलब्ध कराया था। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने तृणमूल सरकार पर एक महिला आदिवासी नेता और देश के राष्ट्रपति का 'अपमान' करने का आरोप लगाया था, जिसके जवाब में ममता ने कोलकाता में धरना स्थल पर प्रधानमंत्री की एक बड़ी तस्वीर दिखाई, जिसमें मोदी भाजपा के वरिष्ठ नेता लाल कृष्ण आडवाणी के साथ बैठे नजर आ रहे हैं और राष्ट्रपति उनके बगल में खड़ी हैं। उन्होंने तस्वीर को 'सबूत' बताते हुए दावा किया, "तस्वीर में देखा जा सकता है कि प्रधानमंत्री बैठे हैं जबकि राष्ट्रपति खड़ी हैं। हम ऐसा कभी नहीं करते। राष्ट्रपति का अपमान करने की संस्कृति भाजपा की है, हमारी नहीं।" ममता ने कहा, "हम राष्ट्रपति पद और संविधान का पूरा सम्मान करते हैं, जिसे हम अपनी मां मानते हैं। हमें दोष न दें।"

# महिला दिवस पर दिल्ली को 33,500 करोड़ की सौगात

### पीएम मोदी बोले- आपदा सरकार ने रोकी थी दिल्ली की विकास यात्रा

**एजेंसी समाचार**

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि आपदा सरकार की वजह से दिल्ली का विकास रूक गया था लेकिन पिछले एक साल दिल्ली में चहुंओर विकास हो रहा है और इसका लाभ लोगों को मिल रहा है। पीएम मोदी ने रविवार को यहां बुराड़ी में आयोजित एक कार्यक्रम में दिल्ली में 33,500 करोड़ से अधिक की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करने के बाद कहा कि अब पता चल रहा है कि एक वर्ष पहले दिल्ली जिस आपदा से मुक्ति पाई वह कितनी जरूरी थी। अगर आपदा सरकार न होती तो मेट्रो का चौथा चरण पहले हो जाता। भाजपा की सरकार बनने के बाद दिल्ली में चारों तरफ विकास में तेजी आई है।

दिल्ली में हर दिन लाखों लोग बसों में सफर करते हैं इसलिए लोगों को साफ आरामदायक बस सेवा मिली है। चार हजार से अधिक बसें दिल्ली की सेवा कर रही है जिसमें ईवी बसें भी शामिल है। करीब दस वर्षों तक आपदा सरकार ने विकास का काम ठप्प कर रखा था लेकिन अब विकास का तेजी से किया जा रहा है। भाजपा सरकार यमुना की सफाई के लिए भी बडे स्तर पर काम कर रही है। दिल्ली में पहले जो आपदा सरकार थी उसे लोगों की परेशानी से कोई फर्क नहीं पड़ता था। आपदा सरकार ने कभी गरीबों की परवाह नहीं की लेकिन रेखा गुप्ता के नेतृत्व में निरंतर स्थितियों को ठीक किया जा रहा है। पिछले एक वर्ष में बड़ी संख्या में आयुष्मान आरोग्य मंदिर बनाया गया जिससे लोगों को लाभ मिल रहा है। दिल्ली प्रशासन विज्ञान खेल या समाज सेवा क्षेत्र में भारत की नारी एक नई ऊर्जा के साथ आगे बढ रही है।

पीएम मोदी ने कहा कि दुनिया का कोई भी व्यक्ति भारत के विशाल लोकतंत्र के बारे में सोचता है तो दिल्ली की तस्वीर आती है। दिल्ली का विकास केवल एक शहर का विकास नहीं होता बल्कि



में विकास का माडल है। काम शुरू, बहाने बंद है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि मेट्रो के विस्तार से लेकर में हजारों कर्मचारियों के लिए लगातार सुविधाओं का विस्तार हो रहा है। दिल्ली में जिस उम्मीद के साथ भाजपा की सरकार बनी थी उसका परिणाम विकास कार्यों में दिख रहा है। आज का कार्यक्रम एक और वजह से भी विशेष है वह है अंतराष्ट्रीय महिला दिवस। राजनीति पूरे देश की छवि से जुड़ा होता है। दिल्ली जितनी आधुनिक होगी भारत का आत्मविश्वास दुनिया के सामने उतनी ही मजबूती से दिखायी देगा। आज दिल्ली सुविधाओं के मामले में आगे बढ रही है। एक समय था जब दिल्ली की खराब व्यवस्था की ही चर्चा होती थी। दिल्ली के एक हिस्से से दूसरे हिस्सों में जाने में घंटों लगते थे लेकिन अब विकास तेजी से आगे बढ रहा है।

## नेपाल में शांतिपूर्ण चुनाव पर पीएम मोदी ने सरकार और जनता को दी बधाई

**एजेंसी समाचार**

**दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को हिमालयी देश नेपाल में सफल आम चुनाव के लिए वहां की जनता और सरकार को बधाई



दी तथा कहा कि यह ऐतिहासिक उपलब्धि नेपाल की लोकतांत्रिक यात्रा में एक गौरवपूर्ण क्षण है।

पीएम मोदी ने यह भी कहा कि एक घनिष्ठ मित्र और पड़ोसी के रूप में, भारत नेपाल के लोगों और उसकी नयी सरकार के साथ मिलकर शांति, प्रगति और समृद्धि की नयी ऊंचाइयों को छूने के लिए दृढ़ संकल्पित है।

उन्होंने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, "नेपाल की जनता और सरकार को चुनावों के सफल और शांतिपूर्ण आयोजन पर हार्दिक बधाई। अपने नेपाली भाइयों और बहनों को इतने उत्साहपूर्वक तरीके से अपने लोकतांत्रिक अधिकारों का प्रयोग करते देखना बेहद खुशी की बात है। यह ऐतिहासिक उपलब्धि नेपाल की लोकतांत्रिक यात्रा में एक गौरवपूर्ण क्षण है।"

## जेडीयू में शामिल हुए निशांत कुमार : सक्रिय राजनीति में किया पदार्पण

**एजेंसी समाचार**

**पटना।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के पुत्र निशांत कुमार ने रविवार को जनता दल यूनाइटेड (जदयू) की सदस्यता ग्रहण की और इसके साथ हीं उनका औपचारिक तौर पर बिहार की सक्रिय राजनीति में पदार्पण हो गया है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के राज्यसभा जाने के फैसले के बाद जदयू नेताओं और कार्यकताओं की तरफ से निशांत को सक्रिय राजनीति में लाने की मांग तेज हो गई थी।

पिछले तीन दिनों तक पार्टी के अंदर हुई मशक्कत और विधायकों की बैठक में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से मिली सहमति के बाद आज निशांत कुमार ने जदयू की सदस्यता ग्रहण कर ली है। निशांत को जदयू के प्रदेश कार्यालय में आयोजित एक भव्य समारोह में पार्टी के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय झा ने पार्टी की सदस्यता दिलाई।

इस अवसर पर पार्टी के शीर्ष नेता और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे। कार्यकताओं ने उत्साह और उम्मीद के साथ इस समारोह को एक ऐतिहासिक क्षण बना दिया और आशा व्यक्त की कि संसद के उच्च सदन में नीतीश कुमार के जाने के बाद निशांत पार्टी की नई ताकत और ऊर्जा बनेंगे।

जदयू की सदस्यता ग्रहण करने के बाद निशांत ने पार्टी के नेताओं और कार्यकताओं को



संबोधित करते हुए कहा कि वे पार्टी को मजबूत बनाने के लिए अपनी पूरी कोशिश करेंगे। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के राज्यसभा जाने के फैसले से कार्यकताओं के बीच पैदा हुई निराशा और पीड़ा को कम करने की कोशिश करते हुए उन्होंने कहा कि यह उनका व्यक्तिगत निर्णय है।

निशांत ने कहा कि वह अपने पिता के राज्यसभा जाने के फैसले को स्वीकार करते है। उन्होंने कहा कि उनके पिता ने पिछले 20 वर्षों में मुख्यमंत्री के रूप में बिहार के विकास के लिए बहुत काम किया है और उनकी कोशिश होगी कि अपने पिता के प्रयासों का प्रचार करें और उसे आगे बढ़ाने की कोशिश करें।

उन्होंने कहा कि वह प्रदेश की जनता को मुख्यमंत्री के रूप में किए गए नीतीश कुमार के कार्यों और उपलब्धियों से अवगत कराएंगे। निशांत ने कहा कि वह नेताओं, कार्यकताओं और अन्य लोगों के भरोसे पर खरे उतरने की कोशिश करेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि उन्हें अपने पिता पर गर्व महसूस होता है।

प्रदेश पार्टी कार्यालय में इस अवसर का गवाह बनने के लिए जदयू के वरिष्ठ नेता राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह, विजय कुमार चौधरी, उमेश कुशवाहा और श्रवण कुमार सहित बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता मौजूद थे।

### नेपाल में जेन-जी प्रदर्शन पर बड़ा खुलासा

## 76 लोगों की मौत के पीछे सरकार की लापरवाही

**एजेंसी समाचार**

**काठमांडू।** नेपाल की राजधानी काठमांडू में पिछले साल सितंबर में हुए जेन-जी आंदोलन और हिंसा की



जांच करने वाले एक उच्च स्तरीय आयोग ने अपनी रिपोर्ट रविवार को अंतरिम सरकार को सौंप दी। इस रिपोर्ट में कहा गया है कि उस समय की सरकार की खराब शासन व्यवस्था और प्रशासन की अक्षमता ही इस पूरे हिंसक घटनाक्रम की बड़ी वजह थी। यह रिपोर्ट आयोग के अध्यक्ष और नेपाल के पूर्व सुप्रीम कोर्ट जज गौरी बहादुर कार्की ने अंतरिम प्रधानमंत्री सुशीला कार्की को सिंहदरबार स्थित प्रधानमंत्री कार्यालय में सौंपी।

हालांकि रिपोर्ट सौंपते समय आयोग और सरकार ने यह नहीं बताया कि प्रदर्शनकारियों पर गोली चलाने के लिए किन लोगों को जिम्मेदार ठहराया गया है।

# कई पंपों पर खत्म हुआ पेट्रोल: दिखने लगा युद्ध का असर

### नोएडा-ग्रेटर नोएडा-गाजियाबाद में नहीं मिला लोगों को तेल

**एजेंसी समाचार**

**ग्रेटर नोएडा।** खाड़ी देशों में युद्ध का असर नोएडा और ग्रेटर





नोएडा में दिखने लगा है। रविवार को कई पेट्रोल पंपों पर ईंधन नहीं पहुंचा। जिस कारण कई जगह पेट्रोल खत्म हो गया। पंप संचालकों ने कंपनियों से संपर्क किया तो वहां से सोमवार तक ईंधन की गाड़ियां आने का दावा किया है। वहीं जिला आपूर्ति विभाग के अफसरों का कहना है कि ईंधन की कमी नहीं है, लेकिन ट्रांसपोर्ट की परेशानी आ सकती है। कंपनियों ने आपूर्ति सामान्य होने का आश्वासन दिया है।

ईरान और अमेरिका-इस्राइल युद्ध के कारण कच्चे तेल के दाम बढ़ रहे हैं। इस कारण काफी देशों में पेट्रोल और डीजलों की कीमतों में वृद्धि की गई है। भारत में भी वृद्धि होने की आशंका है। इसके डर के कारण शनिवार को काफी पेट्रोल पंपों पर वाहनों की लाइन लगी रही। लोगों ने कार का टैंक फुल करवाया है।

एक पंट्रोल पंप के संचालक ब्रिजेश कुमार ने बताया कि लोगों की मारामारी के कारण देर रात की पेट्रोल खत्म हो गया। जिले में कई पंप पर पेट्रोल नहीं रहा। वहीं रविवार को पेट्रोल की गाड़ी नहीं आई। इस कारण पूरे दिन पंपों पर पेट्रोल की बिक्री नहीं हो सकी। वाहन चालकों को वापस भेजा गया।


### सोमवार को पेट्रोल आपूर्ति का आश्वासन

उन्होंने बताया कि गाजियाबाद में भी कुछ पंपों पर पेट्रोल खत्म हो गया है। पेट्रोलियम कंपनियों ने कोई ठोस कारण नहीं बताया है। सोमवार तक पेट्रोल की आपूर्ति होने का आश्वासन दिया है। वहीं प्रभारी जिला पूर्ति अधिकारी स्मृर्ति गौतम का कहना है कि पेट्रोल की कीमत बढ़ने की आशंका से कंपनियों ने इनकार किया है। उनके पास ईंधन भी पर्याप्त मात्रा में है। केवल ट्रांसपोर्ट की दिक्कत आई है। उससे आपूर्ति बाधित नहीं होने का दावा किया है।

### सीएम योगी की सौगात

## आंगनबाड़ी कार्यकताओं को मिलेगी साड़ी-यूनिफॉर्म, बीमा-आयुष्मान कार्ड का भी लाभ

**एजेंसी समाचार**



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को साड़ी-यूनिफॉर्म, बीमा और आयुष्मान कार्ड की सौगात दी। डीबीटी के जरिये कुल 38.49 करोड़ रुपये की धनराशि सीधे उनके खातों में भेजी गई। सीएम ने आंगनबाड़ी कार्यकताओं का मानदेय बढ़ाने का वादा भी किया। सीएम ने आंगनबाड़ी कार्यकताओं और सहायिकाओं को साड़ी-यूनिफॉर्म के लिए डीबीटी के माध्यम से 29.59 करोड़ रुपये की धनराशि स्थानांतरित की। उन्होंने मंच पर नेहा दुबे, मानसी साहू, पूनम तिवारी, मनोरमा मिश्रा को साड़ी भेंट की तो सेवा मित्र आकांक्षा (ब्यूटीशियन) और रत्ना भारती को यूनिफॉर्म सौंपी। इसके अलावा बीमा प्रीमियम की 8.90 करोड़ रुपये की धनराशि भी स्थानांतरित की। आंगनबाड़ी कार्यकताओं, मिनी कार्यकताओं और सहायिकाओं को सामाजिक सुरक्षा देने के लिए उन्हें प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना और प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना से जोड़ा। इसके तहत 18 से 50 वर्ष आयु वर्ग की पात्र कार्यकताओं की मृत्यु होने पर परिजनों को 2 लाख रुपये मिला है, जिसका वार्षिक प्रीमियम 436 रुपये है। वहीं 18 से 59 वर्ष आयु वर्ग की पात्र कार्यकताओं को प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के अंतर्गत दुर्घटना में मृत्यु या पूर्ण स्थायी विकलांगता होने पर 2 लाख रुपये तथा आंशिक स्थायी विकलांगता पर 1 लाख रुपये का बीमा कवर मिलता है, जिसका वार्षिक प्रीमियम 20 रुपये है। इसके अलावा सीएम ने पांच आंगनबाड़ी कार्यकताओं गुड़िया सिंह, प्रियंका सिंह, सुधा अवस्थी, उमा सिंह और लालावती को मंच पर बुलाकर आयुष्मान कार्ड प्रदान किए।

### अंतरराष्ट्रीय कानून लगभग खत्म

## पश्चिम एशिया में संघर्ष पर रूस की दो टूक, वैश्विक सुरक्षा को खतरे में बताया

**एजेंसी समाचार**

**मॉस्को।** पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष दिन-प्रतिदिन और भयावह होता जा रहा है। अमेरिका और इस्राइल के भीषण हमलों से दहक रहे मोर्चे पर ईरान भी जोरदार पलटवार कर रहा है। मिसाइलों और ड्रोन की गरज के बीच यह संघर्ष अब नौवें दिन में प्रवेश कर चुका है और पूरे क्षेत्र में तनाव चरम पर है। इसी उग्र हालात के बीच अब रूस का भी बयान सामने आया है। बढ़ते संघर्ष और हमलों पर मॉस्को ने चिंता जताते हुए कहा कि इस संघर्ष के बाद ऐसा लग रहा है कि अंतरराष्ट्रीय कानून अब वास्तव में मौजूद नहीं है।

रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव और क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेसकोव ने क्षेत्र की बढ़ती अस्थिरता और वैश्विक सुरक्षा पर इसके गंभीर प्रभाव को लेकर चिंता जताई है। पेस्कोव ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय कानून कानूनी तौर पर तो मौजूद है , लेकिन वास्तविकता में यह काम नहीं कर रहा। यह पूरी तरह से खतरे में है।

क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेसकोव ने आगे कहा कि हम किसी से नहीं कह सकते कि अंतरराष्ट्रीय कानून का पालन करें, किस कानून का पालन करें? आज



कोई भी इसे स्पष्ट रूप से नहीं बता सकता। उन्होंने बताया कि पश्चिम एशिया की स्थिति काफी अस्थिर हो गई है और क्षेत्रीय संघर्षों और अनसुलझे मुद्दों का असर अब राजनीतिक और आर्थिक दोनों स्तरों पर दिख रहा है।

इसके साथ ही अपने बयान में पेस्कोव ने रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के उस प्रस्ताव को दोहराने की जरूरत बताई, जिसमें उन्होंने उडश्क्क-19 से पहले पी-5 देशों रूस, अमेरिका, चीन, फ्रांस और ब्रिटेन के शिखर सम्मेलन की मांग की थी ताकि वैश्विक सुरक्षा और स्थिरता पर चर्चा की जा सके।

दूसरी ओर रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने कहा कि अमेरिका को अपने व्यापक योजनाओं की स्पष्टता देनी चाहिए और बताना चाहिए कि ये योजनाएं पहले से मौजूद अंतरराष्ट्रीय नियमों से कैसे जुड़ी हैं। उन्होंने कहा कि हम यह जानना चाहते हैं कि हम किस दुनिया में रह रहे हैं और अमेरिका की योजनाएं इससे कैसे मेल खाती हैं।

**आवश्यकता**

उत्तर प्रदेश का तेजी से बढ़ता अखबार जागरण मोर्चा 9 मार्च से आपके बीच आ रहा है। जिसमें जागरण मोर्चा को मुरादाबाद मंडल और जिला रामपुर में रिपोर्टरों और एजेंसी के लिए लोगों की आवश्यकता है। इसके अतिरिक्त विज्ञापन के लिए संपर्क करें।

**मोबाइल नंबर**
7906815587,9758444242

# अब सिलेंडर मिलेगा 931 रुपये में, 60 रुपये की वृद्धि

## जनपद में 6 लाख है एलपीजी कनेक्शन, किचन के बजट पर असर

**एक नजर**



### पुलिस लाइन में हुई परीक्षा

**रामपुर :** सहायक पुलिस अधीक्षक बिजनौर की उपस्थिति में पुलिस लाइन में आरटीसी प्रशिक्षु आरक्षियों की बीपीईटी (बैटल फिजिकल एफिशिएंसी टेस्ट) परीक्षा विधिवत कराई। इस दौरान पुलिस अधीक्षक विद्यासागर मिश्र भी उपस्थित रहे। परीक्षा को निष्पक्ष एवं सुव्यवस्थित ढंग से सम्पन्न कराने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गए।

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** किचन का राजा गैस सिलेंडर के दामों में 60 रुपये की वृद्धि हो गई है। दाम बढ़ने से रसोई के बजट पर असर पड़ेगा। क्योंकि किचन के राजा गैस सिलेंडर माना जाता है। इसलिए रसोई के बजट पर असर पड़ेगा। घरेलू एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में एक बार फिर बढ़ोतरी कर दी गई है।

केंद्र सरकार के फैसले के बाद 7 मार्च से नए रेट लागू हो गए हैं। गृहणियों के साथ आम लोगों ने मासिक घरेलू बजट पर सीधा असर पड़ने की आशंका जताई है। इसी के साथ ही नई दरें लागू होने से जिससे आम उपभोक्ताओं के साथ-साथ होटल, रेस्टोरेंट और अन्य व्यापारिक प्रतिष्ठानों की लागत भी बढ़ेगी। 14.2 किलोग्राम के घरेलू गैस सिलेंडर की कीमत में 60 रुपये की बढ़ोतरी की गई है। इसके बाद अब जनपद में घरेलू सिलेंडर 931 रुपये में मिलेगा। जिला पूर्ति अधिकारी पूरन सिंह चौहान ने बताया कि जिले में करीब 6 लाख एलपीजी उपभोक्ता हैं। इनमें उपभोक्ता उज्ज्वला योजना के तहत जुड़े हुए हैं। उन्होंने कहा कि जिले में एलपीजी की सप्लाई पर्याप्त है और किसी तरह की कमी नहीं है।





गैस सिलेंडर के दाम बढ़ने से लोगों को मुश्किलें बढ़ेगी। उच्च श्रेणी के लोगों पर तो कोई असर नहीं पड़ेगा। गरीब, दबे कुचले लोगों को दिक्कत होगी। लगातार रसोई का बजट बिगड़ता जा रहा है।

**-रिजवान खानम**



दिन ब दिन महंगाई दोगुनी होती जा रही है, गरीब और मध्यम वर्ग का व्यक्ति नीचे दबता है। इसलिए सरकार को चाहिए कि दामों में वृद्धि न की जाए, पहले भी सिलेंडर के दाम बहुत अधिक थे।

**-शौकीन जहाँ**

**बोली गृहणी**



सरकार द्वारा जो सिलेंडर के दामों में वृद्धि की है। इससे किचन का बजट बिगड़ेगा। पहले गैस मंगाने के लिए जद्दोजहद करनी पड़ती है अब और करनी पड़ेगा।

**-राजबाला।**



सरकार को चाहिए कि गैस सिलेंडर को दामों को कम करें, दामों में वृद्धि होने पर मध्यम वर्ग में काफी असर पड़ेगा, पहले से ही गैस सिलेंडर के दाम अधिक होने के कारण लोग परेशान थे।

**-उजमा**

# ई-रिक्शा से भिड़ी बाइक, मजदूर की टांग टूटी

जागरण मोर्चा कार्यालय



जिला अस्पताल में उपचार कराता घायल । -जागरण मोर्चा

**बिलासपुर।** शनिवार रात माठखेड़ा रोड पर एक सड़क हादसा हो गया, जब तेज रोशनी के कारण बाइक सवार मजदूर नियंत्रण खो बैठा और उसकी बाइक सड़क किनारे खड़े ई-रिक्शा से जा टकराई। हादसे में मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गया, जबकि उसके साथ बैठे दो बच्चे चमत्कारिक रूप से सुरक्षित बच गए।

मिलक खानम थाना क्षेत्र के रजानगर गांव निवासी नन्हे (40) शनिवार देर शाम लकड़ियां बीनकर बाइक से घर लौट रहे थे। बताया जाता है कि माठखेड़ा रोड पर चकफेरी मोड़ से आगे अचानक सामने से आ रहे एक बड़े वाहन की तेज हेडलाइट उनकी आंखों पर पड़ी, जिससे उनकी आंखें चौंधिया गईं और बाइक से संतुलन बिगड़ गया। संतुलन बिगड़ते ही बाइक सड़क किनारे खड़े एक ई-रिक्शा से जा भिड़ी। जोरदार टक्कर के बाद नन्हे सड़क पर गिर पड़े और गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही एम्बुलेंस मौके पर पहुंची और घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) बिलासपुर ले जाया गया। यहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उनकी हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर किया। सीएचसी के चिकित्सा अधिकारी डॉ. मणिक अग्रवाल ने बताया कि घायल को शरीर में कई चोटें आई हैं और उनकी एक टांग में फ्रैक्चर भी पाया गया है। परिजनों ने बताया कि नन्हे के साथ बाइक पर उनका बेटा ऋषभ और धेवता गोलू भी सवार थे। गनीमत रही कि दोनों बच्चों को हादसे में कोई चोट नहीं आई और वे सुरक्षित बच गए। घटना के बाद क्षेत्र में कुछ देर के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया। स्थानीय लोगों का कहना है कि रात के समय तेज हेडलाइट और सड़क किनारे खड़े वाहनों की वजह से इस मार्ग पर दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता है।

# कबड्डी खिलाड़ी ने किया 19वीं बार रक्तदान



जिला अस्पताल में उपचार कराता घायल । -जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** तहसील शाहबाद के ग्राम भवंरका निवासी 26 वर्षीय राष्ट्रीय कबड्डी खिलाड़ी सुनील यादव ने बताया कि शादी मंडेया स्थित हीरा नर्सिंग होम में ग्राम बिजईया निवासी 25 वर्षीय महिला को ओ नेगेटिव रक्त की आवश्यकता थी सुनील को जब इस बारे में जानकारी हुई तब वह तुरंत वर्धमान ब्लड बैंक पहुंचे। रक्तदान किया सुनील ने बताया कि वह 19 वीं बार रक्तदान कर रहे है सुनील खेल के माध्यम से भी जिलें का नाम राष्ट्रीय स्तर पर रोशन कर चुके है सुनील लगातार जनसेवाओं के माध्यम से आमजन के सारथी बनने का काम कर रहे है।

# सिविल सेवा परीक्षा उत्तीर्ण करने वाली बेटी को पुलिस अधिकारियों ने किया सम्मानित



यूपीएससी परीक्षा उत्तीर्ण करने वाली शाहबाद की होनहार बेटी को सम्मानित करते सीओ देवकीनंदन और कोतवाल प्रदीप कुमार। -जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**शाहबाद।** तहसील क्षेत्र में पहली बार यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा उत्तीर्ण करने वाली होनहार बेटी को बधाइयां देने वाला का तांता लग गया है। शहर समेत जिले भर के लोगों उनकी इस कामयाबी पर बधाई दे रहे है। जानकारी मिलते ही शाहबाद के पुलिस क्षेत्राधिकारी देवकीनंदन और कोतवाल प्रदीप कुमार यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा उत्तीर्ण करने वाली होनहार बेटी गुल फिजा के घर पहुंचे। उनको शॉल और बुके देकर सम्मानित किया। इस दौरान सीओ देवकीनंदन ने परिवार के लोगों से आभार व्यक्त किया। कहा कि आप लोगों के साथ की वजह से ही बेटी ने यूपीएससी परीक्षा उत्तीर्ण की है। जिसके लिए आप लोग भी बधाई के पात्र है। दोनों अधिकारियों ने गुल फिजा को बुके देकर भी सम्मानित किया। इस दौरान एसआई रमेश चंद्र, एसआई दिलीप सिंह के साथ परिवार के अन्य लोग भी मौजूद रहे।

# व्यापारियों की बैठक में उठीं शहर की बड़ी समस्याएं

## रेलवे-पशु चिकित्सालय पर ज्ञापन देने का फैसला

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बिलासपुर।** शिव बाग मंडी स्थित कार्यालय पर शनिवार रात उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल की मासिक बैठक में व्यापारियों और आम जनता से जुड़ी कई अहम समस्याएं जोरदार तरीके से उठाई गईं। बैठक में तय किया गया कि समस्याओं के समाधान के लिए जल्द ही संबंधित विभागों और उच्च अधिकारियों को ज्ञापन सौंपे जाएंगे।

सभा की शुरुआत व्यापारी गीत के साथ हुई, जिसके बाद पिछली बैठक की कार्यवाही की पुष्टि की गई। बैठक के दौरान व्यापारियों ने शहर में व्यापार से जुड़ी परेशानियों के साथ-साथ जनहित के कई मुद्दों पर भी चर्चा की। प्रांतीय उपाध्यक्ष धन्नूमल बंसल ने कहा कि संगठन व्यापारियों की समस्याओं के समाधान के लिए लगातार प्रयास कर रहा है। उन्होंने व्यापारियों से अपील की कि वे अपनी दुकानों के बाहर अतिक्रमण न करें, ताकि नगर पालिका या पुलिस के अभियान के दौरान अनावश्यक परेशानी से बचा जा सके। बैठक में कई व्यापारियों ने पशु चिकित्सालय में खराब स्वास्थ्य सेवाओं और बिलासपुर रेलवे स्टेशन से जुड़ी समस्याओं का मुद्दा भी उठाया। इस पर निर्णय लिया गया कि पशु चिकित्सालय की अव्यवस्थाओं को लेकर पशुपालन विभाग के उच्च अधिकारियों को ज्ञापन दिया जाएगा। इसके साथ ही बिलासपुर रेलवे स्टेशन पर नए प्लेटफॉर्म के निर्माण और अधिक ट्रेनों के ठहराव की मांग को लेकर राज्य मंत्री, रेल मंत्री और रेलवे के वरिष्ठ अधिकारियों को तीन अलग-अलग ज्ञापन भेजने का निर्णय लिया गया। सभा के अंत में नगर के पूर्व पालिकाध्यक्ष प्रमोद कुमार जौहरी के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए व्यापारियों ने दो मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि दी। बैठक की अध्यक्षता नगर उपाध्यक्ष जोगपाल सिंह ने की और संचालन महामंत्री राजीव अग्रवाल ने किया। इस दौरान गिरिराज किशोर अग्रवाल, विशाल अग्रवाल, मोहित अग्रवाल, विपिन अग्रवाल, हाफिज ताहिर, शिशुपाल सिंह, रवि गोयल, सुनील गर्ग बंटी, नवल किशोर, मुनीश गुप्ता सहित अनेक व्यापारी और पदाधिकारी मौजूद रहे।



बिलासपुर में बैठक में मौजूद पदाधिकारी।

# शाहबाद के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर आज से शुरू होगा ब्लड स्टोरेज यूनिट

**जागरण मोर्चा कार्यालय, शाहबाद।** ब्लड की समस्या से जुड़े गंभीर मरीजों को शाहबाद के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर बड़ी राहत मिलने वाली है। उन मरीजों को जिनको तत्काल ब्लड की आवश्यकता होती है, अब उन्हें बाहर की दौड़ नहीं लगानी होगी। नगर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर आज से ब्लड स्टोरेज यूनिट शुरू होने वाली है। जिसके बाद शाहबाद के सीएचसी पर हर ग्रुप का ब्लड स्टोर रहेगा और जरूरत पड़ने पर जरूरतमंद मरीजों को यह सुविधा मिल सकेगी। सीएचसी के अधीक्षक डॉ मोहित रस्तोगी ने जानकारी देते हुए बताया कि शाहबाद सीएचसी पर सोमवार से सभी ग्रुप के ब्लड स्टोरेज की सुविधा शुरू हो जाएगी। जिन जरूरतमंद मरीजों का 7 यूनिट से कम ब्लड होगा, उनको प्राथमिकता दी जाएगी।

**आयोजन** समाज और प्रशासन मिलकर इन्हें धरातल पर लागू करने की दिशा में ठोस प्रयास करेंगे

# महिला सशक्तिकरण से ही सुरक्षित और समतामूलक समाज का निर्माण संभव : निवेदिता मित्तल


जागरण मोर्चा कार्यालय

**बिलासपुर।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिला सशक्तिकरण, सामाजिक सुरक्षा, बालिका शिक्षा और लैंगिक समानता को लेकर आयोजित कार्यक्रम में समाज में महिलाओं के अधिकारों को मजबूती से लागू करने पर जोर दिया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की महिला समन्वयक एवं विभाग संयोजिका निवेदिता मित्तल ने कहा कि महिलाओं को उनके कानूनी अधिकारों और सुरक्षा का वास्तविक लाभ तभी मिलेगा, जब समाज और प्रशासन मिलकर इन्हें धरातल पर लागू करने की दिशा में ठोस प्रयास करेंगे।

महिला सशक्तिकरण केवल नारों या कार्यक्रमों तक सीमित नहीं होना चाहिए, बल्कि यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि महिलाओं को शिक्षा, सुरक्षा, सम्मान और न्याय के समान अवसर वास्तव में मिलें। सरकार द्वारा चलाए जा रहे मिशन शक्ति जैसे अभियान महिलाओं को सुरक्षा, स्वावलंबन और अधिकारों के प्रति जागरूक करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल हैं। निवेदिता मित्तल ने कहा कि बालिका शिक्षा महिला सशक्तिकरण की सबसे मजबूत नींव है। जब बेटियां शिक्षित होंगी तो वे अपने अधिकारों को समझेंगी, अन्याय के खिलाफ आवाज उठाने में सक्षम होंगी और समाज में सकारात्मक बदलाव लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी। एक शिक्षित और आत्मनिर्भर महिला न केवल अपने परिवार बल्कि पूरे समाज को मजबूत बनाती है। उन्होंने कहा कि समाज में आज भी कई स्थानों पर महिलाओं को भेदभाव, हिंसा और असुरक्षा का सामना करना पड़ता है। ऐसी परिस्थितियों में महिलाओं को कानूनी अधिकारों की जानकारी होना बेहद आवश्यक है। महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और न्याय सुनिश्चित करने के लिए कानून मौजूद हैं, लेकिन इनका प्रभावी क्रियान्वयन और जागरूकता भी उतनी ही जरूरी है। यदि समाज में वास्तविक लैंगिक समानता स्थापित करनी है तो परिवार, समाज और संस्थाओं को मिलकर यह सुनिश्चित करना होगा कि बेटियों को भी वही अवसर मिले जो बेटों को दिए जाते हैं। शिक्षा, रोजगार, सामाजिक भागीदारी और निर्णय लेने की प्रक्रिया में महिलाओं की सक्रिय भूमिका ही समाज को संतुलित और प्रगतिशील बनाएगी।




कार्यक्रम को संबोधित करती मुख्य अतिथि। -जागरण मोर्चा



## एक नजर



### वार्ड नंबर 36 के बाशिंदे पानी की बूंद बूंद को तरस रहे

**रामपुर।** वार्ड नंबर 36 के बाशिंदे पानी की बूंद-बूंद को तरस रहे हैं। घेर रहमत खान, ताश्का बस्ती सामने पानी का पंप काफी समय पहले खराब हो गया था। जिसकी सूचना उन्होंने कई बार लिखित और मौखिक रूप से नगर पालिका अध्यक्ष एवं संबंधित अधिकारियों को दी। इसके बावजूद अब तक इस समस्या का स्थायी समाधान नहीं किया गया है। जिसका खामियाजा लोगों को भुगतना पड़ रहा हैं। वार्ड नंबर 36 के सभासद मोहम्मद जफर ने कहा कि मौसम में बदलाव के साथ पानी का स्तर लगातार नीचे जा रहा है, जिससे आने वाले समय में पेयजल संकट और गहरा होने की आशंका है। नगर पालिका अध्यक्ष को इस गंभीर समस्या पर प्राथमिकता से ध्यान देना चाहिए। क्योंकि शहरवासियों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराना नगर पालिका की सबसे अहम जिम्मेदारी है। शहर के कई इलाकों में लोगों को गंदा पानी पीने को मजबूर होना पड़ रहा है, जिससे स्वास्थ्य संबंधी गंभीर बीमारियों का खतरा बढ़ रहा है। वार्ड 36 का लगभग 80 प्रतिशत हिस्सा इस समय पेयजल संकट से जूझ रहा है।

# समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने में युवाओं की भूमिका महत्वपूर्ण : घनश्याम

## जरूरतमंदों की सहायता के लिए जनहितकारी कार्य निरंतर किए जा रहे

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** युवा कल्याण सेवा समिति द्वारा एक सेवा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें समाज सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले समिति के सदस्यों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे निवर्तमान सांसद घनश्याम सिंह लोधी ने समिति के समर्पित सदस्यों को सम्मानित करते हुए उनके सामाजिक कार्यों की सराहना की।

इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि युवा कल्याण सेवा समिति समाज के विभिन्न क्षेत्रों में निरंतर जनसेवा के कार्य कर रही है। समिति द्वारा पिछले कई वर्षों से वृक्षारोपण अभियान, रक्तदान शिविर, शिक्षा के क्षेत्र में सहयोग, सामाजिक जागरूकता कार्यक्रम तथा जरूरतमंदों की सहायता जैसे अनेक जनहितकारी कार्य निरंतर किए जा रहे हैं, जिनका समाज पर सकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है।



युवाओं को सम्मानित करते मुख्य अतिथि। -जागरण मोर्चा

कार्यक्रम के दौरान युवा कल्याण सेवा समिति के संगठनात्मक स्वरूप को और अधिक सुदृढ़ करने की दिशा में पदाधिकारियों की घोषणा भी की। इस अवसर पर संगठन के पदाधिकारियों ने संकल्प व्यक्त किया कि भविष्य में भी समिति जनहित एवं समाज सेवा के कार्यों को और अधिक व्यापक स्तर पर संचालित करती रहेगी तथा युवाओं को सेवा और सामाजिक जिम्मेदारी के प्रति प्रेरित किया जाएगा। मुख्य अतिथि पूर्व सांसद घनश्याम सिंह लोधी ने संबोधन में कहा कि समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने में युवाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है और युवा कल्याण सेवा समिति द्वारा किए जा रहे सेवा कार्य सराहनीय एवं प्रेरणादायक हैं। कार्यक्रम में समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष, पदाधिकारी, सामाजिक कार्यकर्ता तथा बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक और युवा उपस्थित रहे।



महिला पुलिस कर्मी को सम्मानित करती पदाधिकारी। -जागरण मोर्चा

# महिलाओं को समिति ने किया सम्मानित

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुरः** महिला दिवस पर वीर खालसा सेवा समिति की ओर से महिला थाने में महिलाओं को सम्मानित किया। वीर खालसा सेवा समिति की महिला विंग के द्वारा निरीक्षक अनु तोमर, कल्पना देव, रीता शर्मा, रुचि चौहान, वर्षा चौधरी, आशु,स्नेह लता, उषा, मीरा, शिवानी, शालिनी महिला विंग सदस्यों के द्वारा सम्मानित किया। समिति के अध्यक्ष अवतार सिंह ने कहा कि महिलाओं का सम्मान करना महिला दिवस पर उनका हौसला बढ़ाना है।महिला थाने में सम्मानित किया। इस मौके पर नेहा अग्रवाल, रितु अग्रवाल, शेफाली अरोरा, अनु अरोड़ा, ममता भाटिया समिति के अध्यक्ष अवतार सिंह मनजीत सिंह, सुरजीत सिंह, मनिंदर सिंह गुरप्रीत सिंह मौजूद रहे।

# अंजुम वेतनभोगी समिति के सभापति निर्वाचित

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** शिक्षक वेतनभोगी सहकारी समिति लिमिटेड जनपद की नवीन कार्यकारिणी का निर्वाचन शनिवार को सम्पन्न हुआ, जिसमें डॉ. अंजुम स्नेही सक्सेना सभापति और कुलभूषण गौतम उपसभापति निर्वाचित हुए। उप्र राज्य सहकारी समिति निर्वाचन आयोग लखनऊ के आदेशानुसार यह निर्वाचन प्रक्रिया संपन्न कराई।

निर्वाचन आयुक्त राजमणि पांडेय द्वारा तिथि-वार कार्यक्रम जारी किया गया था। चुनाव अधिकारी के रूप में नलकूप विभाग से अरशद अली को नियुक्त किया गया था। समिति के इस चुनाव में नौ वार्डों से नौ निदेशक निर्विरोध चुने गए, जिन्होंने बाद में सभापति और उपसभापति का चयन किया। निर्वाचित निदेशकों में अनूप पांडेय, उमेश पाल सिंह, राजेश कुमार, विनीत श्रीवास्तव, ओमप्रकाश सिंह, महेंद्र कुमार हल्दिया और रश्मि सागर शामिल हैं। समिति के सचिव के रूप में मोहित कुमार सक्सेना को मनोनीत किया गया। नवनिर्वाचित सभापति डॉ. अंजुम सक्सेना ने कहा कि समिति का मुख्य उद्देश्य शिक्षकों को सरल प्रक्रिया के अंतर्गत ऋण उपलब्ध कराना रहेगा। इस अवसर पर दर्पण गौतम, कमर इस्हाक जव्वाद, आनंद प्रकाश गुप्ता, मुजाहिद खान, हिमेन्द्र प्रताप, सुरेंद्र पाल सिंह यादव, मनोज भारती, फात्मा इकबाल, प्रीति गंगवार, वरुण आर्या, अंकुर शुक्ला, महेंद्र दिवाकर, तेजपाल सिंह, प्रताप सिंह सैनी सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।



कार्यक्रम के दौरान मौजूद पदाधिकारी। -जागरण मोर्चा

## डीसीडीएफ की नीलामी का मामला पहुंचा सीएम के दरबार में

**जागरण मोर्चा कार्यालय, रामपुर।** डीसीडीएफ की बिल्डिंग का मामला तूल पकड़ता जा रहा हैं। अब यह मामला मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के दरबार में पहुंच गया है। चेयरमैन ने नीलामी में शामिल अधिकारियों की शिकायत सीएम से की हैं। जिसमें उनका कहना है कि बिल्डिंग का मामला न्यायालय में विचाराधीन हैं। डीसीडीएफ के चेयरमैन सुभाष गुप्ता ने मुख्यमंत्री को लिखे पत्र में कहा है कि जिला सहकारी विकास संघ लिमिटेड की पायल होटल के सामने बिल्डिंग है। जिसमें 13 दुकानें, 7 फ्लेट है इसका निर्माण वर्ष 1952 में हुआ है। इमारत की नीलामी तहसीलदार, डीसीबी के मुख्य कार्यापालक अधिकारी ने 26.50 लाख रुपये में कर दी। ध्वस्तीकरण के लिए संचालक मंडल ने कोई भी नया प्रस्ताव एवं अनुमोदन नहीं किया हैं। उन्होंने कहा कि जब तक न्यायालय से मुकदमों का फैसला संस्था के पक्ष में नहीं हो जाता है तब नीलामी प्रक्रिया को निरस्त किया जाए।

# एक दूसरे को गुझिया- मिठाई खिलाकर गले लगाकर दी बधाई

## कृषि विभाग के सभागार में आयोजित हुआ होली मिलन समारोह

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** उत्तर प्रदेश राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद जनपद शाखा ने कृषि विभाग के सभागार में होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें एक दूसरे के गले मिलकर गुझिया, नमकीन, फल खिलाकर बधाई दी। वर्षों पुरानी गंगा जमुना तहजीब को जिंदा रखा और एक दूसरे के सुख दुख में काम आने के लिए संकल्प लिया है।

कार्यक्रम में लगभग दो दर्जन संगठनों के पदाधिकारी व सम्मानित सदस्यों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम में परवेज अहमद खान, मुराद अली खान, रोहित राय, दिलशाद अली पाशा, प्रकाश केवट, सरदार फतेह सिंह, सरदार मंगल सिंह, मनोज कुमार सक्सेना, सोवंत सिंह, शैलेंद्र कुमार, कमलेश कुमार गुप्ता, सुधांशु कश्यप, मोहम्मद जुहैब, नरेंद्र कुमार, बरकत अली, हरिचरण लाल, सुशांत कुमार, योगेश पाल, शुभम कुमार, कांति गंगवार, शत्रुघ्न सिन्हा, अमान अहमद, मनोज कुमार कंबोज, गौरव सक्सेना, देवेंद्र पाल, देश बंधू सिंह, संजय गौड़, सुभाष चंद्र, देश दीपक, अरविंद कुमार, रवि कुमार, नरेंद्र कुमार, चंद्रभान सिंह मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष पं. रामबाबू शर्मा ने संचालन जिला मंत्री जगदीश कुमार पटेल ने किया।


कृषि विभाग के सभागार में आयोजित होली मिलन समारोह में मौजूद जिलाध्यक्ष व अन्य।

# पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर मारपीट का मुकदमा दर्ज

जागरण मोर्चा कार्यालय

**मसवासी।** स्वार थाना पुलिस ने एसपी के आदेश पर चार लोगों के खिलाफ मारपीट का मुकदमा दर्ज किया है। नगर के मोहल्ला चाउपुरा निवासी इसरार पुत्र अनीस अहमद ने पुलिस अधीक्षक से शिकायत की थी कि उसका मकान निर्माणाधीन है। मकान का प्लास्टर का कार्य चल रहा है। पड़ोस के ही कलवे हसन उसके पुत्र आजम शाहिद रंजिश रखते हैं उसके चलन और बढ़ते कारोबार से हसद रखते हैं।

आरोप है कि व्यक्ति निर्माणधीन मकान के पास बंधी पाड़ को गिराने लगा। विरोध करने पर पाड़ के ऊपर काम कर रहे राजमिस्त्री को गिराने लगा। जिसका काफी विरोध किया लेकिन वह नहीं माना जिस पाड टूट कर गिर गई और राजमिस्त्री नीचे गिरकर घायल हो गया। कल्बे हसन के भाई इस्लाम अली पुत्र शफीक अहमद आ गया।हाथ में लाठी डंडे लेकर हमला बोल दिया जिससे वह चोटिल हो गया और दाहिना दांत टूट गया मुंह पर भी चोट आई है। किसी तरह जान बचाकर पुलिस चौकी पहुंचा और चौकी पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की गुहार लगाई। चौकी पुलिस ने मेडिकल मुआयना करने के लिए स्वार अस्पताल भेज दिया,लेकिन स्वार कोतवाली पुलिस ने मुकदमा दर्ज नहीं किया। मेडिकल के लिए भी टरका दिया गया। जिससे हताश होकर इसरार ने इस मामले की शिकायत पुलिस अधीक्षक से की और कार्रवाई की गुहार लगाई पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर थाना पुलिस ने पिता पुत्र सहित चार लोगों के खिलाफ शनिवार को रिपोर्ट दर्ज कर कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। चौकी इंचार्ज अजय कुमार शुक्ला ने बताया कि शीघ्र ही गिरफ्तारी कार्रवाई की जाएगी।

# पेड़ों की टहनियों से बाधित रही बिजली

## 50 से अधिक गांवों की बिजली दिनभर गुल

जागरण मोर्चा कार्यालय

**स्वारः** टांडा से दढ़ियाल आने वाली 33 केवीए विद्युत लाइन से पेड़ों की टहनियां टकराने की समस्या के चलते रविवार को कई गांवों की बिजली आपूर्ति बंद कर दी गई। लाइन की मरम्मत और पेड़ों की छंटाई के कारण दढ़ियाल नगर समेत आसपास के 50 से अधिक गांवों में शाम तक बिजली बाधित रहेगी। बिजली विभाग के अधिकारियों के अनुसार हाईटेंशन लाइन से पेड़ों की टहनियां टकराने के कारण अक्सर फाल्ट हो जाता था। इससे दढ़ियाल स्वार के आसपास के क्षेत्रों के उपभोक्ताओं को बार-बार बिजली कटौती का सामना करना पड़ रहा था। समस्या के स्थायी समाधान के लिए रविवार सुबह करीब 10 बजे टांडा बिजलीघर से लाइन बंद कर दी गई। लाइन बंद होने के बाद बिजली कर्मी टांडा से दढ़ियाल के बीच हाईटेंशन लाइन से टकरा रही पेड़ों की टहनियों की छंटाई का काम कर रहे हैं। विभाग के अनुसार यह कार्य शाम करीब चार बजे तक पूरा होने की संभावना है, जिसके बाद बिजली आपूर्ति बहाल कर दी जाएगी।दढ़ियाल बिजलीघर के जेई भूपेंद्र शर्मा ने बताया कि इस कार्य के चलते दढ़ियाल नगर के साथ अकबराबाद, रामपुर धममन, पर्वतपुर, रूपापुर, भावपुरा, मेवला, दधारू, मेवला कलां, जटपुरा, घोसीपुरा और पीपली नायक एवं स्वार क्षेत्र समेत 50 से अधिक गांवों की बिजली आपूर्ति प्रभावित रहेगी। उन्होंने बताया कि लाइन की छंटाई का कार्य पूरा होते ही सभी क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति सामान्य कर दी जाएगी।



# बच्चों को पठन पाठन सामग्री निशुल्क वितरण किया


आंगनबाड़ी केंद्र पर बच्चों को सामग्री देते संस्था प्रतिनिधि। -जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** शनिवार को ग्राम करनपुर में संस्था आप्ति ग्रामीण विकास संस्थान द्वारा आंगनबाड़ी केंद्र पर बच्चों को शिक्षा एवं स्वच्छता का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें संस्था प्रतिनिधि राकेश कुमार ने बच्चों को शिक्षा एवं स्वच्छता से संबंधित विस्तार पूर्वक समझाया। संस्था आप्ति ग्रामीण विकास संस्थान ने गांव के जनप्रतिनिधि क्षेत्र पंचायत सदस्य पति सुरेंद्रपाल सिंह के द्वारा बच्चों को निःशुल्क पठन पाठन की सामग्री वितरण किया। इस अवसर पर आंगनबाड़ी कार्यकत्री अनिता, सहायिका कृष्णा, सुनील, गुंजन, पंकज, सुनील आदि मौजूद रहे।

**कार्यक्रम** सेवक कार्यालय पर हुआ होली मिलन समारोह का आयोजन

# समाज को एक सूत्र में बांधने का त्योहार होली : आकाश

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** शहर विधायक आकाश सक्सेना के सेवक कार्यालय पर होली मिलन समारोह का आयोजन हुआ। इसमें भाजपा नेताओं के साथ ही हजारों की संख्या में दूर दराज के गांवों के लोग सम्मिलित हुए। इस अवसर पर शहर विधायक ने कहा कि होली का पर्व समाज को एकसूत्र में पिरौने का पर्व है। उन्होंने एकता एवं भाईचारे का संदेश देने के साथ ही संगठित होकर समाज का सशक्त करने का संदेश दिया।

कृष्णा विहार कालोनी में आयोजित होली मिलन समारोह का शुभारंभ पूजन के साथ हुआ। इसके बाद समारोह में सम्मिलित लोगों का भव्य स्वागत किया। सभी ने एक दूसरे से गले मिलकर होली की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर शहर विधायक आकाश सक्सेना ने कहा कि होली का पर्व समाज को एक सूत्र में बांधने वाला त्योहार है और यह परस्पर सद्भाव तथा सामाजिक समरसता का संदेश देता है। विधायक ने कहा कि रामपुर की जनता ने हमेशा भाईचारे और एकता की मिसाल कायम की है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन समाज के विभिन्न वर्गों को एक मंच पर लाने का कार्य करते हैं और आपसी संवाद को मजबूत बनाते हैं। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से क्षेत्र के विकास और जनसेवा के कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान भी किया। पारंपरिक होली गीतों और ढोल की थाप पर लोगों ने उत्साह के साथ होली का आनंद लिया।


होली मिलन कार्यक्रम के दौरान लोगों के साथ मौजूद विधायक। -जागरण मोर्चा

### यह लोग रहे मौजूद

कार्यक्रम में एमएलसी कुंवर महाराज सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष हरीश गंगवार, राज्य महिला आयोग की सदस्य सुनीता सैनी, राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के उपाध्यक्ष सूर्य प्रकाश पाल, निवर्तमान सांसद घनश्याम सिंह लोधी आदि उपस्थित रहे। इसके अलावा सुरक्षा के लिहाज से पुलिस बल भी तैनात रहा। ताकि शाहबाद-पटवाई रोड पर जाम नहीं लग सके।

# 17वीं तरावीह को केले वाली मस्जिद में कुरआन ए करीम तकमील

## हाफिज, सामा की हुई गुलपोशी, मुल्क में अमन शांति के लिए कराई दुआ

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** 17 वीं नमाज ए तरावीह को बारादरी महमूद खां स्थित केले वाली मस्जिद में कुरआन ए करीम तकमील हुआ। हाफिज अब्दुल सबूर ने सुनाया जबकि मौलाना नौशाद ने सामा के फराइज अदा किए। इस मौके पर हाफिज सबूर ने रमजान की फजीलत बयान की। उन्होंने कहा कि रमजान में अल्लाह इबादत का सवाब सत्तर गुना कर देता है। इसलिए सभी मुसलमानों को चाहिए कि इस माह में अधिक से अधिक इबादत करें। कहा कि इस माह में तीन अशरे होते है इसमें पहला अशरा गुजर चुका है जबकि दूसरा अशरा चल रहा है तीसरा अशरा 21 वीं नमाज ए तरावीह से शुरू होगा। इसलिए इस माह में सभी को ज्यादा से ज्यादा सवाब करें। आखिर में हाफिज और सामा की गुलपोशी की गई। इसके बाद मुल्क में अमन शांति और भाईचारे के लिए दुआ कराई। इस अवसर पर मोहम्मद अमान खान, हाफिज अब्दुल सबूर मौलवी नौशाद, मौलवी रिजवान, हाफिज समी और मौलवी गुलनवाज आदि मौजूद रहे।


केले वाली मस्जिद में हाफिज, सामा की गुलपोशी करते लोग। -जागरण मोर्चा

एक नजर

### 17 मार्च को निकाली जाएगी शोभायात्रा

**बिलासपुर।** श्री बालाजी महाराज की 32 वीं शोभायात्रा आगामी 17 मार्च को निकाली जाएगी ।इसमें मुख्य अतिथि कृषि राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख,विशिष्ठ अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष हरीश गंगवार और पालिकाध्यक्ष चित्रक मित्तल रहेगें। संकट मोचन श्री बालाजी मंदिर एवं दरबार समिति के अध्यक्ष सत्यपाल जिंदल ने बताया कि गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी बिलासपुर में हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष्य पर श्री बालाजी महाराज की 32 वीं भव्य शोभायात्रा का विशेष आयोजन 17 मार्च मंगलवार को शाम चार बजे शिव बाग मंडी से प्रारम्भ होने के बाद मुख्य चौराहा,सिनेमा रोड पुरानी रामलीला रोड होती हुई रामपुर रोड शिव मंदिर डाकखाना रोड से शिव बाग मंडी में पहुंचकर सम्पन्न होगी। रात्रि में दस बजे से शक्ति दरबार लगाया जाएगा। उन्होंने बताया 18 मार्च को आरती एवं प्रसाद वितरण का कार्यक्रम होगा ।जबकि इससे पहले 14 मार्च शनिवार को विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने धर्म प्रेमियों को अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने की अपील की है।

# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को किया सम्मानित

## विकास भवन में कार्यक्रम, मुख्य सेविकाओं को दिए नियुक्ति पत्र व कार्यकर्त्रियों को प्रशस्ति पत्र

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 2026 के अवसर पर विकास भवन सभागार में महिलाओं, अधिकारियों एवं कर्मचारियों की गरिमामयी उपस्थिति में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ लखनऊ स्थित जुपिटर ऑडिटोरियम, इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान से आयोजित मुख्यमंत्री के कार्यक्रम के सीधे प्रसारण को प्रोजेक्टर के माध्यम से उनके संबोधन को सुना। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष खयाली राम लोधी ने उपस्थित सभी को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की बधाई देते हुए महिलाओं के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि आज महिलाएं समाज के प्रत्येक क्षेत्र में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं और देश व समाज के विकास में बराबर की भागीदार हैं। महिलाओं का सशक्तिकरण समाज के समग्र विकास के लिए अत्यंत आवश्यक है तथा सरकार द्वारा महिलाओं को आत्मनिर्भर एवं सशक्त बनाने के लिए विभिन्न योजनाएं संचालित की जा रही हैं।कार्यक्रम के दौरान बाल विकास विभाग की 2 मुख्य सेविकाओं को नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए। साथ ही उत्कृष्ट कार्य करने वाली 5 आंगनबाड़ी कार्यकर्त्रियों को उनके सराहनीय योगदान के लिए प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।इसके अतिरिक्त मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के अंतर्गत 5 लाभार्थियों को कक्षा 10 में उच्च अंक प्राप्त करने पर जिला पंचायत अध्यक्ष ने प्रमाण पत्र वितरित कर उनका उत्साहवर्धन किया।इस अवसर पर जिला कार्यक्रम अधिकारी धर्मेंद्र कुमार मिश्रा ने कहा कि महिला सशक्तिकरण शासन की प्राथमिकताओं में प्रमुख स्थान रखता है। उन्होंने बताया कि बाल विकास विभाग के माध्यम से महिलाओं एवं बच्चों के स्वास्थ्य, पोषण एवं शिक्षा के क्षेत्र में विभिन्न योजनाएं संचालित की जा रही हैं, जिनका उद्देश्य महिलाओं को सशक्त एवं आत्मनिर्भर बनाना है। उन्होंने आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों से अपेक्षा की कि वे अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा एवं समर्पण के साथ करते हुए योजनाओं का लाभ अंतिम पंक्ति तक पहुंचाएं। इस दौरान प्रभारी सेवायोजन अधिकारी ने विभाग की योजनाओं एवं मुख्यमंत्री द्वारा लॉन्च की की मोबाइल ऐप के सम्बन्ध में बताया। कार्यक्रम का संचालन महिला कल्याण विभाग की ओर से चांद बी, केन्द्र प्रबंधक, वन स्टॉप सेंटर द्वारा किया गया तथा विभाग में महिलाओं एवं बच्चों के उत्थान के लिए चल रही योजनाओं की जानकारी दी गयी।कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी, आंगनबाड़ी कार्यकर्त्रियां एवं बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित रहीं।



मुख्य सेविका को नियुक्ति पत्र देते मुख्य अतिथि। -जागरण मोर्चा



मुख्यमंत्री के संबोधन को सुनती महिलाएं। -जागरण मोर्चा



दढ़ियाल से दिल्ली में यूजीसी बिल का विरोध करने जाते सवर्ण समाज के लोग। -जागरण मोर्चा

# यूजीसी बिल का विरोध, सवर्ण समाज के लोग दिल्ली के लिए रवाना

जागरण मोर्चा कार्यालय

**दढ़ियाल।** नगर सहित क्षेत्र के गांवो के लोग यूजीसी कानून के विरोध में स्वर्ण समाज के लोगों ने दिल्ली के रामलीला मैदान में धरना प्रदर्शन करने रवाना। स्वर्ण समाज के लोग इस कानून को वापस लेने की मांग कर रहे हैं। इस प्रदर्शन में शामिल होने के लिए कई गांवों से लोग दिल्ली के लिए रवाना हुए हैं।

स्वर्ण समाज के लोग काफी समय से यूजीसी कानून का विरोध कर रहे है। उनकी प्रमुख मांग है कि सरकार इस कानून को तत्काल वापस ले। कानून वापस न होने की स्थिति में समाज ने बड़े प्रदर्शन की चेतावनी दी थी, जिसके तहत यह धरना आयोजित किया गया है नगर नगर सहित के कुंडेसरा, भाऊपूरा, रूपापुर, सरकथल, पीपली नायक सहित कई गांवों के दिल्ली के लिए निकल गए। ये सभी लोग रामलीला मैदान पहुंचकर स्वर्ण समाज के धरना प्रदर्शन में शामिल होंगे और अपनी आवाज बुलंद करेंगे।इससे पहले, भाजपा कार्यकर्ताओं ने भी सरकार को चेतावनी दी थी। उन्होंने कहा था कि यदि यूजीसी कानून वापस नहीं लिया गया, तो वे अपने पदों से इस्तीफा दे देंगे। यह दर्शाता है कि इस मुद्दे पर राजनीतिक दबाव भी बढ़ रहा है। नगर से चरण सिंह चौहान, अशोक गहलोत, जयपाल सिंह, जितेंद्र सिंह, प्रदीप सिंह, मास्टर अशोक, धर्म सिंह और सूर्य प्रताप सिंह सहित कई अन्य गांव के लोग इस धरना प्रदर्शन में शामिल होने के लिए दिल्ली पहुंचे हैं।

# जिले में 2640 अभ्यर्थी 14 और 15 मार्च को देंगे दरोगा की परीक्षा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** 14 और 15 मार्च को शहर के 11 सेंटरों पर उप निरीक्षक की परीक्षा होगी। जिसको लेकर प्रशासनिक अधिकारियों ने तैयारियां शुरू कर दी है। परीक्षा में 2640 अभ्यर्थी शामिल हो सकते है। दो पालियों में परीक्षा का आयोजन होगा।

उत्तर प्रदेश पुलिस में कुछ माह पहले उप निरीक्षक के पद पर 4543 भर्ती निकाली थी। जिसमें प्रदेश भर से करीब 15 लाख से अधिक अभ्यर्थियों ने आवेदन किया था। जिसके बाद शासन की ओर से कुछ दिनों पहले प्रदेश भर में परीक्षा कराने की तैयारियां पूरी कर ली गई है। जिसमें 14 और 15 मार्च को जनपद में दो पालियों में 2640 अभ्यर्थी परीक्षा देंगे ।जिसको लेकर प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा तैयारियां शुरू कर दी है। शहर में 11 परीक्षा केंद्र बनाए गए है। जिसमें रजा डिग्री कॉलेज, महिला डिग्री कॉलेज, जुल्फिकार इंटर कॉलेज सहित 11 कॉलेज शामिल है। जिसमें आस पास के जिलों के अभ्यर्थी शामिल हो सकते हैं।

### आधार कार्ड लाना होगा

अभ्यर्थियों को परीक्षा केंद्र पर केवल नीला या काला पेन, पहचान पत्र और प्रवेश पत्र के साथ ही प्रवेश मिलेगा। आधार कार्ड लाना अनिवार्य होगा। मेटा चश्मों, ब्लूटूथ डिवाइस सहित किसी भी इलेक्ट्रॉनिक उपकरण और मोबाइल फोन पूरी तरह प्रतिबंध रहेगा। परीक्षा में सभी अभ्यर्थियों की बायोमेट्रिक जांच व आधार सत्यापन किया जाएगा। डीजी ने शनिवार को बैठक कर नोडल अधिकारियों को सभी अभ्यर्थियों की बायोमेट्रिक जांच व आधार सत्यापन अनिवार्य रूप से कराने का निर्देश दिए।



"14 और 15 मार्च को उप निरीक्षक की परीक्षा होगी। जिसको लेकर तैयारियां चल रही है। सुरक्षा के लिहाज से पुलिस बल तैनात रहेगा।"
-विद्यासागर मिश्र, एसपी

# सत्संग में होलिका पर्व के वैदिक और वैज्ञानिक स्वरूप का किया वर्णन

## यज्ञ में उपस्थित जन समूह द्वारा बारी-बारी से यज्ञ में विश्व कल्याण के उद्देश्य से आहुतियां प्रदान की

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** सिविल लाइंस के तत्वाधान में होली मिलन समारोह का कार्यक्रम आर्य साइकिल स्टोर के प्रांगण में गणेश धर्मशाला के निकट शाहबाद रोड ज्वाला नगर प्रधान चंद्रलेखा आर्य के सभापतित्व तथा मंत्री गीता देवी के संचालन में संपन्न किया।

होली मिलन समारोह के प्रथम चरण में यज्ञ के ब्रह्मा भारत सिंह आर्य द्वारा विश्व में शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाने, वायु प्रदूषण से मुक्ति के उद्देश्य से वैदिक रीति रिवाज से वैदिक मंत्रोच्चार द्वारा विधि विधान से वैदिक यज्ञ संपन्न किया। यज्ञ में उपस्थित जन समूह द्वारा बारी-बारी से यज्ञ में विश्व कल्याण के उद्देश्य से आहुतियां प्रदान की। उसके बाद वैदिक सत्संग का आयोजन किया गया। सत्संग में होलिका पर्व के वैदिक और वैज्ञानिक स्वरूप का विस्तार से वर्णन किया गया। सभा के मुख्य वक्ता एवं आर्य समाज ज्वाला नगर के प्रधान ओमवीर सिंह वैदिक द्वारा बताया कि होलिका पर्व सृष्टि के प्रारंभ तथा वैदिक काल से ही चल रहा है क्योंकि हमारा देश कृषि प्रधान देश रहा है। इसलिए वेदों के अनुसार मुख्य दो पर्व होली एवं दीपावली नवसस्येष्टि पर्व के रूप में मनाये जाते हैं क्योंकि परमपिता परमात्मा द्वारा दो प्रकार के अनाज पैदा किये हैं जिसमें एक खरीफ की फसल के रूप में अनाज पैदा होने के समय पर दीपावली का पर्व तथा दूसरा रवि की फसल के रूप में अनाज पैदा होता है। रवि की फसल आने से पूर्व होलिका पर्व मनाया जाता है क्योंकि होलिका पर्व का रूप अधपका अनाज से लिया जाता है।

सत्संग में सत्य प्रकाश आर्य, डॉ. सुरेंद्र सिंह आर्य, सुरेश कुमार श्रीवास्तव, सत्यवीर सिंह आर्य, गिरेंद्र सिंह आर्य, सुरेंद्र कुमार आर्य, सोमपाल सिंह आर्य, श्याम गुप्ता, गीता देवी आर्या, शगुन आर्या, पंकिल आर्य, नीरजा आर्या, ललिता आर्या, चंद्रा आर्या, मालती आर्या, धर्मवती आर्या, हीरेश आर्य, मुन्नी देवी आर्या, मधु गुप्ता, अमन सिंह आर्य आदि ने विचार व्यक्त किए। सभा के अंत में सभाध्यक्षा चंद्रलेखा आर्या द्वारा सभी को बधाई दी।



हवन में आहुति देते पदाधिकारी। -जागरण मोर्चा

# संत गाडगे महाराज के चित्र पर श्रद्धा-सुमन अर्पित किए

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बिलासपुर।** राष्ट्रीय गरीब कल्याण संघ के अध्यक्ष एवं संस्थापक प्रेमनरेश वाल्मीकि ने कहा कि संत गाडगे महाराज एक महान संत थे। जिन्होंने समाज में व्याप्त कुरीतियों के खिलाफ आवाज उठाई। समाज को एक नई दिशा दी। रविवार की दोपहर क्षेत्र के पिपलिया मिश्र तीन पानी गांव में संत गाडगे महाराज की जयंती पर आयोजित गोष्ठी को संबोधित कर रहे थें। उन्होंने कहा संत गाडगे महाराज की शिक्षाएं आज भी प्रासंगिक हैं,और हमें उनके आदर्शों पर चलने का प्रयास करना चाहिए। आह्वान किया उनका संघ महाराज के आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है।इससे पूर्व पदाधिकारियों और सदस्यों ने संत गाडगे महाराज के चित्र पर श्रद्धा-सुमन अर्पित किए और उनके जीवन और कार्यों को याद कर संकल्प लिया।इस मौकें पर अनिल राज, नवीन कुमार सोनू, कुलदीप वाल्मीकि, बब्लू अंसारी,अली अहमद,कुनाल राजीव वाल्मीकि, लौकी राम, अर्जुन कुमार, यशपाल,करन राजपूत, सिद्धार्थ, राहुल नरेश, विजय कुमार,रामा देवी, सुनीता देवी,अनीता,गुंजन आदि मौजूद रहे।

# इंडिया और न्यूजीलैंड का फाइनल देखने को टीवी से चिपके रहे लोग

## भारत की शानदार बल्लेबाजी देख लोगों ने की वाह-वाह

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** टी-20 आईसीसी वर्ल्ड कप जोकि अहमदाबाद में भारत और न्यूजीलैंड के बीच फाइनल खेला जा रहा हैं। जिसको देखने के लिए लोग टीवी-मोबाइलों से चिपके रहे। भारत की पहली पाली में शानदार बल्लेबाजी की लोगों ने जमकर वाहवाही की। रविवार को टैक्सी स्टैंड स्थित क्रिकेट प्रेमी भारत और न्यूजीलैंड के फाइनल को देखने के लिए चौराहा पर लगी एलइडी से चिपके रहे।एलआईसी रोड स्थित लगी एलइडी से चलते राहगीर भी चिपके रहे। शाम 7 बजते ही कामकाज कर भारत की जीत के लिए एक स्वर से प्रार्थना करते रहे। मुकाबला को देखने के लिए हर आदमी ने अलग और खास इंतजाम कर रखा था। जिले का हर क्रिकेट प्रेमी इष्ट देवों से भारत की जीत की प्रार्थना करता नजर आया। बड़े ही नहीं बच्चे, युवा, महिलाएं और बुजुर्ग भी भारत की जीत के लिए दुआ करते दिखे।



मैच देखते लोग। -जागरण मोर्चा

# व्यापार मंडल के नगराध्यक्ष परिवार समेत चार दिवसीय धार्मिक यात्रा पर रवाना

जागरण मोर्चा कार्यालय

**शाहबाद:** रविवार शाम उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के नगर अध्यक्ष अपनी पत्नी मनीषा गुप्ता एवं अपने रिश्तेदारों के साथ चार दिवसीय धार्मिक यात्रा पर रवाना हो गए। बताते चलें मुकेश चंद्र गुप्ता की यात्रा के पहला पड़ाव भगवान श्रीराम के दर्शन करने के बाद अयोध्या धाम से शुरू होगा, वहां पर सभी दर्शनीय स्थलों के दर्शन करने के बाद करेंगे तथा पूजा पाठ करेंगे उसके बाद वह अयोध्या से काशी विश्वनाथ के लिए रवाना होंगे, काशी विश्वनाथ में काशी के धार्मिक स्थलों के दर्शनों के बाद वह 12 मार्च अपने घर वापस होंगे।उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल के नगर अध्यक्ष मुकेश चंद्र गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि उनकी चार दिवसीय यात्रा रविवार को शुरू होगी अयोध्या के बाद वह काशी विश्वनाथ जाएंगे उनके साथ उनके दो और रिश्तेदार भी इस यात्रा पर गए हैं। जाने से पहले वह अपने सभी मिलने वालों एवं रिश्तेदारों से मिले उनके मिलने वालों ने उनकी यात्रा की सुखद एवं मंगलमय यात्रा की कामना की उनकी रवानगी के समय अभय गुप्ता, गोरे खा, शावेज़ खा, सिफत मियां,सुधीर शर्मा, अन्नू रावत आदि लोग उपस्थित रहे।

विरोध

कई माह से शिक्षक लगातार जता रहे विरोध

# टीईटी के विरोध में शिक्षक 16 मार्च को निकालेंगे मशाल जुलूस



बैठक में चर्चा करते शिक्षक। -जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** यूनाइटेड टीचर्स एसोसिएशन यूटा की एक बैठक यूटा के जिला महामंत्री राम चन्द्र के आवास स्थित बिलासपुर में संपन्न हुई। जिसमें प्रांतीय आह्वान पर टेट अनिवार्यता कानून के विरोध में मशाल जुलूस के कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की गई। जिलाध्यक्ष हेमलता सिंह एवं अन्य पदाधिकारियों की सहमति से 16 मार्च को मशाल जुलूस जिला मुख्यालय अंबेडकर पार्क से कलेक्ट्रेट तक निकालना सुनिश्चित किया गया है जिसमें अधिक से अधिक शिक्षकों के उपस्थित होने की अपील की। टीईटी को लेकर शिक्षक लगातार विरोध जता रहे हैं। पिछले दिनों भी शिक्षकों द्वारा मुख्यालय पर धरना प्रदर्शन करके आक्रोश जताया था। साथ ही अधिकारियों को ज्ञापन दिया था। उसके बाद भी स्थिति जस की तस बनी हुई है। इस मौके पर अमित कुमार त्यागी, मंगल सेन, गोविंद सिंह, सोमपाल सिंह, प्रदीप कुमार, प्रवीण कुमार, जनेश कुमार, ओमवीर ,आकांक्षा गौतम आदि उपस्थित रहे।



पहले से नियुक्त शिक्षकों के लिए टीईटी की अनिवार्यता एक दमनकारी नीति प्रतीत होती है ।क्योंकि ये शिक्षक पहले ही अपनी योग्यता के आधार पर नियुक्त हो चुके हैं। वर्षों से शिक्षण कार्य कर रहे हैं। ऐसी स्थिति में दोबारा परीक्षा की बाध्यता उनके अनुभव और सेवा का उचित सम्मान नहीं करती। इससे शिक्षकों में असंतोष और असुरक्षा की भावना पैदा हो सकती है। सरकार को इस विषय पर संतुलित और न्यायसंगत नीति बनानी चाहिए।
-राजीव कुमार



नियमों और नई नीतियों के नाम पर शिक्षकों पर बार-बार शिक्षक पात्रता परीक्षा जैसी परीक्षाओं को थोपना न केवल उनकी मानसिक स्थिति को प्रभावित करता है, बल्कि पूरी चयन प्रक्रिया की विश्वसनीयता पर भी सवाल खड़े करता है। जब एक अभ्यर्थी ने कठिन प्रतियोगी परीक्षा पास की और सभी निर्धारित मानकों को पूरा करने के बाद सेवा में प्रवेश पाया, तो पुन: उसी स्तर की परीक्षा लेना तर्कसंगत प्रतीत नहीं होता।
-अमित कुमार त्यागी



सुप्रीम कोर्ट के आदेश अनुसार वर्ष 2011 से पूर्व नियुक्त सभी शिक्षकों को टेट अनिवार्य किया गया है जिसमें शिक्षकों की नौकरी/रोजी रोटी पर एक संकट बना हुआ है। सत्ता में नियुक्त राज्य व केंद्र सरकार की यह जिम्मेदारी बनती है कि वह संविधान का सहारा लेकर नियमावली में आवश्यक संशोधन कर शिक्षकों की नौकरी सुरक्षित करें। 16 मार्च को जनपद में मशाल जुलूस निकालना है। जिसमें यूटा अधिक से अधिक शिक्षकों से उपस्थित होने की अपील करता है।
-राम चन्द्र



सेवारत शिक्षकों पर टेट की अनिवार्यता न्याय संगत नहीं है। यह टेट की आड़ में जबदस्ती सरकारी सेवा से बाहर करने के समान है। जिस समय शिक्षक देश को शिक्षारूपी फल दे रहा है। उस समय शिक्षक अपने अस्तित्व को लेकर चिंतित है। यह अपने अनुभवी शिक्षकों पर नया कानून लाकर शिक्षक व देश के भविष्य के साथ खतरनाक खिलवाड़ करने जैसा है। हम इसका विरोध करते हैं ।जिसमें यूटा अधिक से अधिक शिक्षकों से उपस्थित होने की अपील करता है।
-सुनील कुमार

# होली का रंग वास्तव में रंगों का उत्सव होता : स्वामी परमानंद

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** रविवार को राष्ट्रीय सैनी, मौर्य, कुशवाहा, शाक्य, माली महासभा के तत्वाधान में जिला स्तरीय होली मिलन सम्मान समारोह स्वार रोड खौद स्थित अभिनंदन धारा वेंकट में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य मुख्य अतिथि सुनीता सिंह सैनी रही।

समारोह में अयोध्या जनपद से पधारे विशिष्ट अतिथि स्वामी परमानंद महाराज ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि होली का रंग वास्तव में रंगों का उत्सव होता है। जिसमें हमें आपसे स्वभाव से प्रियता परस्पर सहयोग एवं आत्मनिर्भरता के रंगों से एक दूसरे का अभिनंदन करना चाहिए। कार्यक्रम में पधारे विशिष्ट अतिथि श्याम सिंह सैनी प्रदेश अध्यक्ष सैनी ने कहा कि हमें सभी संप्रदायों और सभी जातियों को एकजुटता के रंगों में रंग जाना चाहिए। जिसमें समाज संगीत होकर राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका निभा सके। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि सुनीता सैनी ने कहा कि आज सौभाग्य से अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस भी है।

कार्यक्रम के संयोजक अखिलेश कुमार सैनी ने कहा कि होली रंगों का महापर्व है सभी कुरूतियों को मिटाते हुए समाज में सतरंगी रंग भरकर आपस में भाईचारा कायम रखें। आज मातृशक्ति दिवस भी है मेरे समाज की मातृशक्ति समाज का वह आधार है जो बदलाव ला सकती है जब एक महिला जागती है,तो अपने अधिकारों को जानती है तो वह केवल अपने जीवन में ही नहीं बल्कि पूरे समाज में ऊर्जा भर्ती है। हरिओम मौर्य पूर्व अध्यक्ष नगर पंचायत मसवासी ने सभी वक्ताओं के सामाजिक मार्गदर्शन सही बताते हुए इस मार्गदर्शन पर समाज के प्रति व्यक्ति को चलने का आह्वान किया तथा समाज की शक्ति मजबूत करने पर बल दिया।

इस अवसर पर हरिओम मोर्या, भूकन लाल सैनी, करण सिंह सैनी, राजपाल सैनी, हरिओम सैनी, बलजीत सैनी, डॉ. अरुण कुमार, शंकर लाल सैनी, संजना सैनी,डॉ. वीर सिंह सैनी, डॉ. मेघा सैनी, पंकज सैनी सतीश मौर्य, राजेश मौर्य, अतर सिंह मौर्य, रामजीवन सैनी, महेंद्र सैनी, विजय सैनी, हरकेश सैनी करनैल सिंह सैनी, डॉक्टर दीपक सैनी, महेश पाल सैनी, विनोद सैनी, रामपाल सैनी, जगदीश सैनी, मोहित सैनी, ब्लॉक प्रमुख चंद्रपाल सैनी, तेज प्रकाश सैनी, अशोक सैनी, दिलीप सिंह सैनी, मखर सिंह सैनी आदि मौजूद रहे।

## एक नजर



### आज से शुरू होगा जनपद में कुष्ठ रोगी अभियान

**रामपुर**। जनपद में आज से कुष्ठ रोग उन्मूलन अभियान का आगाज किया जाएगा। यह अभियान 23 मार्च तक जारी रहेगा। अभियान का उद्देश्य यह रहेगा कि गांव-गांव और घर-घर जाकर कुष्ठ रोग के संभावित मरीजों की पहचान की जाएगी। साथ ही उन्हें समय पर उपचार उपलब्ध कराया जाएगा। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. दीपा सिंह ने बताया कि अभियान सरकार के निर्देशानुसार चलाया जाएगा।जोकि 9 से 23 मार्च तक आरंभ रहेगा। इसमें स्वास्थ्य विभाग की टीमों के साथ-साथ गांव की आशा कार्यकर्ताओं को भी शामिल किया गया है। आशा कार्यकर्ता घर-घर जाकर लोगों की जांच करेंगी। कुष्ठ रोग के संभावित लक्षणों वाले मरीजों की जानकारी स्वास्थ्य विभाग को देंगी। उन्होंने बताया कि आशा कार्यकर्ता दो साल से अधिक उम्र के बच्चों और लोगों की स्क्रीनिंग कराई जाएगी। लोगों से भी अपील है कि वह अभियान में सहयोग करें।

# महिलाओं को सम्मानित कर खेली फूलों की होली

## जायंट्स ग्रुप सखी सहेली ने मनाया होली मिलन समारोह एवं अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी**। जायंट्स ग्रुप आफ सखी सहेली समूह की अध्यक्ष डा. मधु तोमर के आवास मयूर विहार पर होली मिलन समारोह एवं अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित करके किया गया।

कार्यक्रम में नूतन चौधरी सीडब्ल्यूसी की सदस्य ने अपने संबोधन में महिला दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए महिलाओं के सशक्तिकरण और समाज में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका पर अपने विचार व्यक्त किए। ग्रुप के सदस्यों ने होली के गीत गाए गए तथा नृत्य प्रस्तुतियों के माध्यम से सभी ने उत्साहपूर्वक इस पर्व का आनंद लिया। सभी ने एक-दूसरे को फूलों के साथ होली की शुभकामनाएँ दीं और आपसी प्रेम, सौहार्द एवं एकता का संदेश दिया।



महिला दिवस पर सीडब्ल्यूसी की सदस्य नूतन चौधरी को सम्मानित करते ग्रुप के सदस्य। -जागरण मोर्चा

कार्यक्रम के अंत में महिलाओं के उत्थान के साथ समाजहित में किए गए कार्य को लेकर नूतन चौधरी सहित अन्य महिलाओं को समूह अध्यक्ष डा. मधु तोमर द्वारा शाल उड़ाकर व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन राजेश्वरी श्रीवास्तव ने किया। इस दौरान डा. सुधा, पदमा भार्गव, अनु रस्तोगी, अंजू राजपूत, सीमा वर्मा, सरोज शर्मा, अनुराधा, मुन्नी देवी सक्सेना, करुणा, संगीता, सरोज वार्ष्णेय, रेनू अग्रवाल, नीरू गोयल, दीप्ति दुबे, रेनू वार्ष्णेय, मोनिका शर्मा, अनिता सक्सेना, सविता भटनागर, रेखा गुप्ता, अल्का रानी तथा अर्निका सक्सेना शामिल रहीं।



महिला दिवस कार्यक्रम में शामिल जनकल्याण सेवा समिति के पदाधिकारी। -जागरण मोर्चा

# नारी ही वह शक्ति जो संस्कृति को संजोती

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी**। जनकल्याण सेवा समिति की एक सभा साईं धाम कालोनी स्थित समिति की सदस्य रिनी अग्रवाल के आवास पर आयोजित की गई। जिसमें महिला दिवस पर आशा गोस्वामी एवं सीमा अग्रवाल को समिति की अध्यक्ष कल्पना वार्ष्णेय एवं समिति के सदस्यों द्वारा पटका पहनाकर एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

समिति की अध्यक्ष कल्पना वार्ष्णेय ने आशा गोस्वामी एवं सीमा अग्रवाल के कार्यक्षेत्र की, घर परिवार में उनके योगदान के लिए उनके सामाजिक कार्यों के लिए बहुत प्रशंसा एवं उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम में आगामी कार्यक्रमों की चर्चा भी की गई। अध्यक्ष कल्पना वार्ष्णेय ने अन्य सभी समिति की महिलाओं को भी उपहार देकर सम्मानित किया। आशा गोस्वामी ने कहा कि महिला शक्ति सृजन, संवर्धन तथा उन्नत समाज की आधारशिला है। नारी ही वह शक्ति है जो संस्कृति को संजोती है, सभ्यता को आगे बढ़ाती है और राष्ट्र निर्माण में निर्णायक भूमिका निभाती है। इस दौरान कल्पना वार्ष्णेय, सीमा फैंसी, पूर्णिमा वार्ष्णेय, रिनी अग्रवाल, आभा रानी, पूनम वार्ष्णेय, सारिका, रचना, कांता अदलखा, सीमा अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर महिलाओं को किया सम्मानित

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चंदौसी**। महापुरुष स्मारक समिति एवं सर्वसमाज जागरुकता अभियान की ओर से अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन सीता रोड स्थित नीलम हास्पिटल में किया गया। जिसका आरंभ मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित करके किया गया। कार्यक्रम में महिलाओं को बैज लगाकर, पगड़ी पहनाकर व पटका ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कवि माधव मिश्र ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाने के पीछे का लक्ष्य महिलाओं को बराबरी का अधिकार देना एवं सभी क्षेत्रों में उनकी भागेदारी को बढ़ावा देना है। आज का दिन महिलाओं के आर्थिक, राजनीतिक व सामाजिक उपलब्धियों को स्मरण करने का दिन भी है। सनातन धर्म के ग्रंथों ने आदिकाल से ही महिलाओं को सर्वोपरि बताया है और कहा है कि पृथ्वी पर किसी देवतुल्य



अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाते महापुरुष स्मारक समिति के पदाधिकारी। -जागरण मोर्चा

मनुष्य का जन्म किसी महिला माता के गर्भ से ही होता है। किसी पुरुष की उन्नति के पीछे भी नारी का ही हाथ है। रमाबाई, सावित्री बाई फूले ने महिलाओं के अधिकारों को सदी के उत्तरार्द्ध में सक्रिय भूमिका निभाई है। हमारे सनातन धर्म में नारी की सब रूपों में पूजा है, विद्या प्राप्त करनी है तो मां सरस्वती, धन प्राप्त करना है तो लक्ष्मी और शक्ति प्राप्त करनी है तो मां काली की पूजा करते हैं। यहां तक ही नहीं बल्कि हिंदू नवदुर्गा में छोटी-छोटी कन्याओं का पूजन कर उन्हें भोजन कराते हैं, जिससे संसार की सभी खुशियां प्राप्त होती हैं। महिला ही प्रकृति है और प्रकृति ही सृष्टि की निर्माता है। इस अवसर पर डा. नीलम गुप्ता, डा. अरविंद कुमार, डा. महेश गुप्ता, डा. शाजिया शाहीन, डा. निशा गुप्ता, रीमा गुप्ता, सरोज कुमारी, अश्विनी शर्मा, शोभा यादव, सोनिका, सपना, नीतू, रितु, डा. नितिन कौशिक, अंकित वार्ष्णेय, अनमोल मिश्रा, पंकज अग्रवाल, हिमांशु यादव, विकास यादव, अवधेश कुमार आदि मौजूद रहे।

# पेड़ों की छटाई के कारण बिजली आपूर्ति बाधित

**जागरण मोर्चा कार्यालय, दढ़ियाल:** रविवार को नगर सहित क्षेत्र के गांव में पेड़ों की छटाई के कारण बिजली आपूर्ति बाधित रही। टांडा नगर से दढ़ियाल आ रही 33 केवीए लाइन पर पेड़ों की टहनियां टकराने के कारण यह फैसला लिया गया है।बिजली कर्मचारियों ने बताया कि 33 केवीए लाइन पर पेड़ों की टहनियां टकराने से अक्सर लाइन में खराबी आ जाती थी, जिससे दढ़ियाल नगर और आसपास के क्षेत्रों के बिजली उपभोक्ता परेशान रहते थे। इस समस्या के समाधान के लिए रविवार सुबह 10 बजे टांडा बिजली घर से लाइन बंद कर दी गई। इसके बाद बिजलीकर्मी टांडा से दढियाल के बीच हाई टेंशन लाइन से टकरा रही पेड़ों की टहनियों की छंटाई का कार्य कर रहे हैं। यह कार्य शाम 4 बजे बजे तक जारी रहेगा वहीं दूसरी ओर बिजली आपूर्ति बाधित रहने के कारण नगर में पेयजल व्यवस्था कर मर गई वहीं गर्मी में नगर के लोगों का बुरा हाल हो गया।

# सामाजिक एकता, प्रेम, सौहार्द और आपसी भाईचारे का त्यौहार

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चंदौसी**। अखिल भारतीय हिन्दू पर्सनल ला बोर्ड के तत्वाधान में घंटाघर स्थित सनातन धर्म पुस्तकालय में होली मिलन समारोह बड़ी धूमधाम से मनाया गया। समारोह का शुभारंभ बोर्ड के संस्थापक सदस्य योगेन्द्र मोहन शास्त्री एवं विनय अग्रवाल ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इसके तत्पश्चात अशोक कुमार गुप्ता एवं योगेन्द्र कुमार शर्मा द्वारा गायत्री मंत्र का पाठ किया गया।

कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष चौधरी विवेक कुमार ने कहा कि होली का पावन पर्व रंगों का त्यौहार है, यह सामाजिक एकता, प्रेम, सौहार्द और आपसी भाई चारे का त्यौहार है। मुकेश अग्रवाल ने कहा कि होली का त्योहार बुराई



होली मिलन समारोह मनाते अखिल भारतीय हिन्दू पर्सनल ला बोर्ड के सदस्य। -जागरण मोर्चा

पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है। सुभाष भोलेनाथ एवं जगदीश राणा ने कहा कि होली का त्योहार हमें मिलजुलकर मनाना चाहिए। अंत में सभी ने एक दूसरे को गले मिलकर होली की बधाई दी। इस दौरान अवनेश चौहान, कृष्ण गोपाल गुप्ता, अशोक गुप्ता, योगेन्द्र शर्मा, तुलसीदास शर्मा, प्रशांत गुप्ता,योगेन्द्र कुमार, अरुण कुमार शर्मा, दीपेन्द्र नाथ गुप्ता, श्रीकृष्ण रस्तोगी, जगत साहनी आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन योगेन्द्र मोहन शास्त्री ने किया।

# खिलाड़ियों को बेल्ट व सर्टिफिकेट प्रदान किए



ताइक्वांडो चैंपियनशिप के विजेता प्रतिभागी।। -जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी**। मयूर विहार स्थित अंकुश ताइक्वांडो क्लब में जिला ओलंपिक एसोसिएशन के सचिव आशु शर्मा की देखरेख में फाइट कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें क्लब कोच अंकुश राणा ने खिलाड़ियों को फाइट की नई तकनीकें और टिप्स दिखाई, ताकि खिलाड़ियों को चैंपियनशिप के दौरान किसी प्रकार की कठिनाई का सामना न करना पड़े। कैंप के दौरान खिलाड़ियों को कलर बेल्ट, सर्टिफिकेट प्रदान कर सम्मानित भी किया गया। खिलाड़ियों को कलर बेल्ट, सर्टिफिकेट प्रदान कर सम्मानित किया गया।

# 11 अप्रैल को निकाली जाएगी श्री अक्रूरजी महाराज की शोभायात्रा

## शोभायात्रा के समापन के उपरांत होगा भंडारा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चंदौसी**। श्री वार्ष्णेय यूथ संगठन की बैठक का आयोजन कैथल गेट स्थित बारहसैनी धर्मशाला में हुआ। जिसमें 11 अप्रैल को श्री अक्रूरजी महाराज की शोभायात्रा को लेकर रूपरेखा तैयार की गई।

संगठन के अध्यक्ष अनुज वार्ष्णेय ने कहा कि गत वर्ष भी श्री अक्रूरजी महाराज की शोभायात्रा धूमधाम व भव्यता के साथ निकाली जाएगी। यात्रा में इस बार पूरे देश के वार्ष्णेय समाज को आमंत्रण दिया जाएगा। वार्ष्णेय समाज ही एक ऐसा समाज है जो पूरे देश को आर्थिक मजबूती देता है। अमित कुमार ने कहा कि शोभायात्रा में साउंड का विशेष ध्यान रखा जाएगा ताकि किसी को अत्यधिक साउंड से किसी को कोई परेशानी न हो। मौसम गुप्ता ने कहा कि शोभायात्रा में इस



श्री वार्ष्णेय यूथ संगठन की बैठक में बोलते वक्ता। -जागरण मोर्चा

बार श्री अक्रूरजी महाराज की पीतल की मूर्ति यात्रा की शोभा बढ़ाएगी। शोभायात्रा के समापन के बाद भंडारे का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर प्रभात कृष्णा, पवन भट्ठा, विमल वार्ष्णेय, सुशील वार्ष्णेय, कौशल वंदे मातरम, मंतेश वार्ष्णेय, देवेंद्र मोनू, मयंक वार्ष्णेय, चिराग, शिशंक वार्ष्णेय, आशीष तूफानी, लकी वार्ष्णेय, बृजेश वार्ष्णेय, रितिक वार्ष्णेय, राहुल, विपिन कुमार, अनिश अजंता, आशीष कुमार, प्रमोद गुरु, हेमंत वार्ष्णेय, अभिनव वार्ष्णेय, तुषार कुमार, सोनू, कुणाल आदि मौजूद रहे।

# बस्ती की ओर अपने गेट खोल रहे मुस्लिम समाज के लोग



मौके पर पहुंच बस्ती के लोगों से जानकारी करती पुलिस। -जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी**। मुस्लिम समाज द्वारा अपने गेट जाटव समाज की बस्ती की ओर खोलने पर समाज के लोगों ने विरोध कर कोतवाली में तहरीर दी। पुलिस ने मौके पर पहुंच जाटव समाज के लोगों से जानकारी की। जाटव समाज का कहना है कि घटलेश्वर गेट में जाटव समाज की बस्ती है। बस्ती के सामने छोटी सी सामाजिक स्था नहै। जहां बस्ती के लोग अपने छोटे-छोटे सामाजिक कार्यक्रम करते हैं। उसके पीछे नोनवाला मोहल्ला हैं, जिसमें मुस्लिम समाज के लोग रहते हैं। जबकि नोनवाला मोहल्ला के गेट उनके मोहल्ले के ओर खुले हैं, इसके बाद भी उक्त लोग बस्ती की ओर से गेट खेलने रहे हैं। बस्ती के लोग मुस्लिम समाज के लोगों से विरोध कर चुके हैं। इसके बाद मुस्लिम समाज के लोगों का गेट खोलने का कार्य चालू है। जाटव समाज के लोग कोतवाली पहुंचे और जानकारी दी। इसके बाद पुलिस ने मौके पर पहुंच बस्ती के लोगों से जानकारी की।

**आयोजन** एनकेबीएमजी कालेज की राष्ट्रीय सेवा योजना की दोनों इकाईयों का हुआ कार्यक्रम

# स्वयंसेविकाओं ने नशा मुक्ति के लिए महिलाओं को घर घर जाकर जागरूक किया

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चंदौसी**। एनकेबीएमजी कालेज की राष्ट्रीय सेवा योजना की दोनों इकाईयों की कार्यक्रम अधिकारी डा. शीतल एवं डा. प्रियंका के संयोजन में गांव पतरौआ स्थित पूर्व माध्यामिक विद्यालय में चल रहे सप्तदिवसीय विशेष शिविर दूसरे दिन भी जारी रहा।

द्वितीय दिवस पर नशा मुक्त भारत एवं युवा सशक्तिकरण' विषय पर मनाया गया। शिविर का आरंभ स्वयंसेविकाओं तमन्ना वार्ष्णेय, प्रिया, मीनाक्षी शर्मा, खुशी, नेहा, निशिका, भावना आर्य आदि द्वारा मां सरस्वती की वंदना, लक्ष्य गीत व आह्वान गीत प्रस्तुत कर किया गया। इसके बाद छात्राओं ने व्यायाम किया। प्रथम सत्र में स्वयंसेविकाओं ने गांव में जाकर सर्वे किया जिसके अंतर्गत स्वयंसेविकाओ



नशा मुक्ति के लिए महिलाओं को जागरूक करती स्वयंसेविकाएं। -जागरण मोर्चा

ने नशा मुक्ति पर घर घर जाकर प्रश्न किए और स्वंसेविकाओ की टोलियों ने लोगो को नशे के दुष्परिणामों के बारे में जागरूक किया।

शिविर के द्वितीय सत्र में कार्यक्रम अधिकारी डा. शीतल एवं डा. प्रियंका ने स्वयंसेविकाओ को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय सेवा योजना के माध्यम से समाज व समुदाय की सेवा के लिए प्रेरित किया और नशे के दुष्प्रभावों पर प्रकाश डाला की किस तरह से इस नशे ने परिवार के परिवार खत्म कर दिए हैं। इसके साथ किस तरीके से यह नशा युवाओं को अपनी गिरफ्त में ले रहा है। साथ ही उन्होंने नशे को कम कैसे किया जा सकता है इसके बारे में भी छात्राओं को जागरूक किया। इसके बाद कहा कि कोई भी परिस्थिति आप के लक्ष्यों को प्राप्त करने में रोड़ा नही हो सकती अगर आप अपने लक्ष्यों के प्रति सौ प्रतिशत समर्पित हैं। कार्यक्रम के अंत में स्वयं सेविकाओं ने नशा मुक्ति के ऊपर लघु नाटिका प्रस्तुत की। कार्यक्रम में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी सीता और मुकेश का विशेष सहयोग रहा।

# महासंघ करेगा टीईटी के विरोध में आंदोलन

## अखिल भारतीय संयुक्त शिक्षक महासंघ की बैठक संपन्न

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चंदौसी**। अखिल भारतीय संयुक्त शिक्षक महासंघ की बैठक का आयोजन सुभाष रोड पर किया गया। जिसमें टीईटी प्रकरण में महासंघ द्वारा तैयार की गई रूपरेखा पर चर्चा की गई। जिसमें पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ की प्रांतीय महामंत्री संतोष देवी यादव ने कहा कि 9 से 15 मार्च तक चलने वाले शिक्षक की पाती अभियान से जुड़ने का आह्वान किया। इसके अंतर्गत शिक्षक राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, नेता विपक्ष तक पत्र के माध्यम से अपनी बात पहुंचाएंगे।

दूसरे चरण में 13 अप्रैल को जनपद मुख्यालय पर मशाल जुलूस निकाला जाएगा। तीसरे चरण में 3 मई को ईको गार्डन में धरना प्रदर्शन कर विधान सभा तक पैदल मार्च किया जाएगा।



महासंघ की बैठक में मौजूद शिक्षक। -जागरण मोर्चा

इसके बाद भी सरकार संज्ञान नहीं लेती है तो मानसून सत्र में नई दिल्ली संसद भवन तक मार्च करके घेराव किया जाएगा। बैठक में सुशील पांडे, अपूर्व दीक्षित, शिव कुमार शुक्ला, तेजस्वी शुक्ला, भुवनेश कुमार, कालाराम यादव, प्रहलाद यादव, राजकुमार सिंह, बावेश कुमार, राजेंद्र कुमार, रामौतार सिंह, चिंतामणि, शशांक सैनी, जगदीश बाबू, उमेश यादव, सर्वेश, मंजीत, मोहन, राहुल, रामराज रश्मि यादव, नीरेश कुमारी, सुशीला देवी, शीतल देवी, आफताब आलम आदि मौजूद रहे।

## एक नजर



### टेंपो की टक्कर से बाइक सवार दंपति सहित मासूम घायल

**हसनपुर।** कोतवाली क्षेत्र के संभल मार्ग पर आगे चल रही बाइक को टेंपो ने मारी टक्कर बाइक सवार पति-पत्नी व बहन सहित मासूम बेटी घायल निजी चिकित्सक के यहां भर्ती। मासूम की हालत को गंभीर देखते हुए चिकित्सकों ने किया हायर सेंटर रेफर। असमोली थाना क्षेत्र के गांव असरफपुर निवासी अब्दुल सलाम पुत्र अशफाक पत्नी शाइस्ता बहन सायरा वह दो वर्षीय बेटी इनाया को सैद नंगली से बाइक पर बैठाकर नगर में खरीदारी करने के लिए आ रहा था। रविवार की दोपहर बाद जैसे ही उसकी बाइक संभल मार्ग पर काला खेड़ा पुल के निकट पहुंची तो पीछे आ रहे टेंपो ने आगे चल रही बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही बाइक सड़क पर गिर गई जिसमें अब्दुल सलाम, शाइस्ता, सायरा, वह दो वर्षीय बेटी इनाया गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों के द्वारा घायलों को नजदीक के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां दो वर्षीय इनाया की हालत को गंभीर देखते हुए चिकित्सकों ने उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया।

# महाराजा निषादराज और महर्षि कश्यप जयंती पर भव्य शोभायात्रा निकालने का निर्णय

## गौरव कश्यप को समिति का नगर अध्यक्ष एवं कार्यक्रम संयोजक मनोनीत किया

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** महाराजा निषादराज महर्षि कश्यप-तुरैहा समाज समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक रविवार को कैथल गेट स्थित गोला मंदिर धर्मशाला में संपन्न हुई। बैठक में समाज के उत्थान और आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा की गई।

सभा में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि आगामी 5 अप्रैल 2026 को महाराजा निषादराज और महर्षि कश्यप जी की जयंती के अवसर पर नगर में एक भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। उपस्थित सदस्यों ने इस उत्सव को हर्षोल्लास और धूमधाम से मनानेका संकल्प लिया। साथ ही बच्चों के लिए विशेष कार्यक्रमों के आयोजन पर भी सहमति बनी। शोभायात्रा की सफलता और संगठन को मजबूती देने के लिए नए पदाधिकारियों को चुना गया। जिसमें



नवनियुक्त नगर अध्यक्ष व सह संयोजक का स्वागत करते। -जागरण मोर्चा

गौरव कश्यप को समिति का नगर अध्यक्ष एवं कार्यक्रम संयोजक मनोनीत किया गया। इसके साथ मोहित कश्यप को सह-संयोजक की जिम्मेदारी सौंपी गई। नवनियुक्त नगर अध्यक्ष गौरव कश्यप ने समाज का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सभी कार्यक्रमों को सुव्यवस्थित और भव्य तरीके से संपन्न कराया जाएगा। बैठक की अध्यक्षता श्री प्रेमदादा ने की तथा संचालन नीरज कुमार ने किया। इस दौरान प्रहलाद राय, कल्लू कश्यप, शंकरलाल, महीपाल, राज कुमार ठाकुर, मोहनलाल, सोहनलाल, दीनदयाल, रामेश्वर, पप्पू, हरप्रसाद, बाबूराम, भगवान स्वरूप, बबलू कश्यप, डेविड कश्यप, अमित कश्यप, राहुल कश्यप, वीरेंद्र तुरैहा, प्रमोद, मनीष कुमार, कालीचरन, राजीव, संजय कश्यप, अतुल कश्यप, अजय तुरैहा, विक्की आदि मौजूद रहे।

# दबंगों द्वारा मकान कब्जाने को लेकर विकलांग ने कोतवाली में दिया प्रार्थना पत्र

जागरण मोर्चा कार्यालय

**हसनपुर।** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी विकलांग ने कोतवाली में प्रार्थना पत्र देते हुए कहा है कि गांव के ही कुछ दबंग दीवार कूद कर उसके घर में घुस आए। मारपीट कर जेब में रखी 1200 रुपए की नगदी व घर में रखा सामान तोड़कर फरार हो गए। पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर दी है।

कोतवाली क्षेत्र के गांव दीपपुर निवासी विकलांग गुड्डन पुत्र फकीरचंद ने कोतवाली में शिकायत पत्र देते हुए कहा है कि गांव के ही तीन युवक शनिवार की देर रात घर पर पहुंचे आवाज देने पर गेट ना खोलने पर आरोपी दीवार कूद कर घर में घुस आए और गाली गलौज करते हुए मारपीट करनी शुरू कर दी ।पीड़ित का आरोप है कि आरोपियों ने लाठी डंडों से मारपीट के दौरान तमंचा से फायर भी झोंका,घर में रखा सामान भी आरोपियों के द्वारा तोड़ दिया गया तथा जेब में रखी 1200 रुपए की नगदी भी आरोपी जबरदस्ती निकाल कर ले गए। पीड़ित का आरोप है कि आरोपी जबरदस्ती उसके मकान को खरीदना चाहते हैं,जबकि वह मकान नहीं बेचना चाहता। मारपीट



पीड़ित विकलांग। -जागरण मोर्चा

के दौरान शोर मचाने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। पीड़ित के द्वारा कोतवाली में नामजद तहरीर दी गई है। जब इस बारे में कोतवाली के वरिष्ठ उप निरीक्षक अमित कुमार से बात की तो उन्होंने बताया मामला मारपीट का है तहरीर प्राप्त हुई है। जांच कराकर कार्रवाई की जाएगी।

# डॉ. अंबेडकर जन्मोत्सव की तैयारी तेज, सर्वसमाज की भागीदारी पर जोर

जागरण मोर्चा कार्यालय

**हसनपुर।** भारतीय संविधान के शिल्पकार बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की आगामी जयंती को ऐतिहासिक बनाने हेतु रविवार को डॉ. भीमराव अंबेडकर जन्मोत्सव समिति की महत्वपूर्ण बैठक हसनपुर गैस एजेंसी प्रतिष्ठान पर संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता वरिष्ठ समाजसेवी जयपाल सिंह ने की व संचालन रामवीर सिंह ने किया। समिति अध्यक्ष दिनेश गौतम ने घोषणा की कि इस वर्ष जयंती भव्य होगी, जिसमें सर्वसमाज को साथ लेकर आपसी भाईचारे का संदेश दिया जाएगा। कार्यकारी अध्यक्ष लता सागर ने महिलाओं की रिकॉर्ड भागीदारी और उनके सम्मान पर विशेष जोर दिया। संयोजक विनोद कुमार गौतम ने बताया कि प्रतिभावान विभूतियों को



डॉक्टर अंबेडकर जन्मोत्सव समिति की बैठक को संबोधित करते अध्यक्ष। -जागरण मोर्चा

मंच पर सम्मानित किया जाएगा। इस अवसर पर प्रधानाचार्य महीपाल सिंह, पूर्व प्रबंधक रामनारायण, महामंत्री जगवीर सिंह मौर्य, उपाध्यक्ष कविता रानी, अतर सिंह नेताजी, मुरारीलाल मौर्य, मास्टर सोम सिंह, नवाब सैफी, विजय गौतम, मलखान सिंह, जसवंत सिंह, अरविंद कुमार अन्ना, लवी सागर, मुकेश कुमार जाटव, दिनेश कुमार, शिवम जाटव, जंग बहादुर व सुरेश सिंह सहित अनेक गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

# घर के बाहर बुलाने से मना करने पर युवक को लाठी-डंडों से पीटा

**जागरण मोर्चा कार्यालय, हसनपुर।** सैदनगली थाना क्षेत्र के गांव में घर के बाहर जाने से मना करने पर दबंगों ने एक युवक के साथ गाली-गलौज करते हुए लाठी-डंडों से जमकर मारपीट की। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने चार नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।सैदनगली थाना क्षेत्र के गांव मथना रोड निवासी पीड़ित सुरेश पुत्र श्यामलाल ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 4 मार्च की शाम वह अपने घर पर था। इसी दौरान गांव के ही चार युवक उसे अपने साथ बाहर चलने को कहने लगे। सुरेश द्वारा मना करने पर आरोपियों ने उसे भद्दी भद्दी गालियां दीं। विरोध करने पर हमलावरों ने लाठी-डंडों से मारपीट शुरू कर दी, जिससे सुरेश के सिर, मुंह और नाक पर गंभीर चोटें आईं। शोर सुनकर आए ग्रामीणों ने उसे बचाया, जिसके बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए।

# राष्ट्रीय महिला दिवस पर हुआ गोष्ठी का आयोजन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**हसनपुर।** रविवार को सिंह वैलनेस सेंटर हसनपुर में महिला सशक्तिकरण दिवस पर अंबेडकर विकास मंच के तत्वाधान में एक गोष्ठी का आयोजन किया गया,जिसकी अध्यक्षता पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष कमलेश आर्य ने की तथा संचालन ग्राम प्रधान मीनू रानी ने किया।अंबेडकर जन्मोत्सव समिति की अध्यक्ष चंचल सागर ने अपनी बात रखते हुए कहा की देश में संविधान लागू होने के बाद महिलाओं की शिक्षा में भागीदारी के बाद उन्हें सशक्त होने का मौका मिला है,आज महिलाएं शिक्षा के माध्यम से हर क्षेत्र में अपना परचम लहरा रही है।पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष कमलेश आर्य ने कहा कि महिलाओं को सशक्त बनाने में परिवार का महत्वपूर्ण योगदान होता है इसलिए हर हालत में सभी को आज देश की आधी आबादी को दरकिनार करके हम सशक्त उन्नत एवं शक्तिशाली राष्ट्र की कल्पना



राष्ट्रीय महिला दिवस पर हुआ गोष्ठी का आयोजन। -जागरण मोर्चा

नहीं कर सकते आज महिलाएं सशक्त शासक़ और प्रशासक के रूप में भी अपनी सेवाएं देश में देने का काम कर रही है। इस अवसर पर सुषमा रानी,गीता देवी,बबीता रानी,जग रोशनी, गंगावती,मास्टर जयवीर सिंह,मास्टर छोटेलाल, जगत सिंह,रामपाल सिंह, फतेहचंद,जगदीश कुमार,सुशील भगत जी,विनय प्रताप,भोला सिंह, पप्पू,बृज किशोर,बिरजू एडवोकेट, अमित सिंह,प्रशांत कुमार आदि लोग उपस्थित रहे।

# खेल केवल शारीरिक विकास का माध्यम नहीं है यह अनुशासन: घनश्याम सिंह



शहीद ए आजम स्पोर्ट्स स्टेडियम में स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते पूर्व सांसद व अन्य। -जागरण मोर्चा



हरी झंडी दिखाकर प्रतियोगिता का शुभारंभ घनश्याम सिंह लोधी। -जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर माई भारत द्वारा शहीद-ए-आज़म स्टेडियम बमन पुरी अस्मिता लीग का भव्य आयोजन किया गया। यह आयोजन युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार की खेलो इंडिया, अस्मिता पहल के अंतर्गत आयोजित किया गया। जिसका उद्देश्य देशभर में महिलाओं एवं बालिकाओं की खेलों में भागीदारी बढ़ाना तथा नई प्रतिभाओं की पहचान करना है।

कार्यक्रम का शुभारंभ घनश्याम सिंह लोधी पूर्व सांसद द्वारा किया गया। उद्घाटन समारोह के दौरान स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन किया गया। गुलाबी गुब्बारों का आकाश में विमोचन कर महिला सशक्तिकरण सम्मान और समानता का संदेश दिया गया। प्रतियोगिताओं का आयोजन तीन आयु वर्गों 0 से 13 वर्ष, 13 से 18 वर्ष तथा 18 वर्ष से अधिक में किया गया। जिनमें 100 मीटर, 200 मीटर और 400 मीटर दौड़ प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। इन प्रतियोगिताओं में प्रतिभागियों ने अद्भुत ऊर्जा, खेल भावना और प्रतिस्पर्धात्मक उत्साह का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के दौरान घनश्याम सिंह लोधी ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस केवल एक उत्सव नहीं, बल्कि समाज में महिलाओं की क्षमता, सम्मान और अधिकारों को स्वीकार करने का महत्वपूर्ण अवसर है।

इस अवसर पर जिला क्रीड़ा अधिकारी संतोष कुमार ने कहा कि खेलों के माध्यम से युवतियों को सशक्त बनाने की दिशा में यह एक अत्यंत सराहनीय पहल है। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले युवा क्लबों को पूर्व सांसद घनश्याम सिंह लोधी द्वारा खेल सामग्री देकर सम्मानित किया गया।

**आयोजन में रहे मौजूद :** आयोजन को सफल बनाने में संतोष कुमार जिला क्रीड़ा अधिकारी, शांति भूषण पांडेय, सौरभ कुमार, सुरेश आर्य, नरवीर, रोहित, कुलदीप, अरविंद राजपूत, सीमा राजपूत, विजय राजपूत, अलीम, राजपाल, अंकित सैनी, संजीव कुमार सहित अनेक गणमान्य व्यक्तियों, स्वयंसेवकों एवं युवा क्लबों के सदस्यों ने सक्रिय सहयोग प्रदान किया।

# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर विचार गोष्ठी का आयोजन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**हसनपुर।** महिला दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं आरटीआई परिषद द्वारा एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। रविवार को कार्यक्रम परिषद के प्रदेश सचिव मनोज गोयल के घास मंडी स्थित आवास पर गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी की अध्यक्षता महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश अध्यक्ष कविता सैनी ने की इस दौरान वक्ताओं ने महिला सशक्तिकरण और उनके कानूनी अधिकारों पर विस्तार से चर्चा की।अध्यक्षा कविता सैनी ने जोर दिया कि महिलाओं को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक होना आवश्यक है,तभी वह समाज में बराबरी का स्थान प्राप्त कर सकेंगी।कार्यक्रम के आयोजक मनोज गोयल ने उपस्थित महिलाओं को पेन वितरण कर उन्हें शिक्षा और लेखन के माध्यम से सशक्त बनाने का संदेश दिया। गोष्ठी में राष्ट्रीय अध्यक्ष दीनदयाल यादव एडवोकेट ,अतुल गर्ग



राष्ट्रीय मानव अधिकार एवं आरटीआई परिषद की हुई बैठक। -जागरण मोर्चा

,गोविंद कौशिक, प्रमोद शर्मा ,टेकचंद राणा, सहित आदि वक्ताओं ने अपने-अपने विचार व्यक्त किये और कहा कि समाज की प्रगति महिलाओं की भागीदारी के बिना संभव नहीं है।बैठक में संगठन की मजबूती के लिए महत्वपूर्ण घोषणाएं की गई। जिसमें ममता सैनी को महिला प्रदेश विधिक सलाहकार, अमित सिंह एडवोकेट को प्रदेश विधिक सलाहकार, विजय पारछा को जिला अध्यक्ष अनुसूचित प्रकोष्ठ, वीरेंद्र सिंह उर्फ नीतू को जिला उपाध्यक्ष और मोहम्मद शान को जिला अध्यक्ष अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ नियुक्त किया गया। उपस्थित सदस्यों ने इन नियुक्तियों का स्वागत करते हुए आशा व्यक्त की है कि नए पदाधिकारी संगठन के उद्देश्य और जनकल्याण की दिशा में तत्परता से कार्य करते रहेंगे। इस मौके पर राधा अग्रवाल, अमित सिंह ,पूजा चौधरी, विजय पारछा, ममता सिंह, अनुपम त्यागी, सचिन गुप्ता, आदि मौजूद रहे।

आ | हमारा देश बहु संस्कृतियों का देश

# हम सबको शिक्षा के क्षेत्र में अपने बच्चों को आगे बढ़ाना चाहिए : गुलाब देवी

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुरः** रविवार को संत शिरोमणि गाडगे की 150 वीं जयंती समारोह का आयोजन आंबेडकर पार्क में हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि माध्यमिक शिक्षा मंत्री गुलाब देवी, भाजपा जिलाध्यक्ष हरीश गंगवार,अशोक महाराज के साथ विशिष्ट अतिथि जय सिंह ने दीप प्रज्वलित करते हुए गाडगे महाराज के चित्र पर माल्यार्पण करके पुष्प अर्पित किए। बच्चों ने सभी मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों गीत के साथ स्वागत किया। मुख्य अतिथि गुलाब देवी ने कहा कि शिक्षा ही तरक्की का रास्ता है। हम सबको शिक्षा के क्षेत्र में अपने बच्चों को आगे बढ़ाना चाहिए। हमें अपने समाज की तरक्की के लिए पाखंडवाद और बुराइयों को दूर करने का काम करना चाहिए। अशोक महाराज ने कहा कि हमारा देश



अतिथियों को सम्मानित करते पदाधिकारी। -जागरण मोर्चा

बहु संस्कृतियों का देश है।आज भी हम बहुत सी बुराइयों से जूझ रहे हैं समाज में शिक्षा शराब सेवन दहेज प्रथा आदि बुराइयों को दूर करने के लिए हमें प्रयास करने होंगे। जय सिंह जी आई आई एस भारत सरकार के द्वारा संबोधित करते हुए कहा कि हम लगातार समाज को तरक्की के रास्ते पर ले जाने के लिए काम कर रहे हैं और किसी भी गरीब व्यक्ति को किसी भी प्रकार की कभी भी जरूरत हो तो हम उस गरीब परिवार के साथ है। उसकी शिक्षा उसके हर जरूरत को पूरा करने का काम हम सब मिलकर करेंगे। राकेश आर्य ने कहा कि हम अखिल भारतीय धोबी महासंघ के बैनर तले पूरे देश के अंदर संगठित होने का काम करें। यह एक राष्ट्रीय संगठन है।संगठन में हम एकजुट रहने के कर ही धोबी समाज के हितों को सुरक्षित कर सकते हैं। इस दौरान जिलाध्यक्ष चरन सिंह ने माध्यमिक शिक्षा मंत्री को सभी तिथियां एवं संगठन के पदाधिकारी के साथ मिलकर गाडगे महाराज के 23 फरवरी को अवकाश घोषित करने भारत रत्न दिए जाने एवं रामपुर में स्मारक / स्मारक बनाए जाने के लिए मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार को संबोधित ज्ञापन सौंपा।

**यह लोग रहे मौजूद :** चरन सिंह, रघुवीर शरण, अशोक कुमार, विजयपाल सिंह, राजकिशोर, रामकिशोर, हेमंत दिवाकर, नन्नू सिंह, कृपाल सिंह, ओमवीर सिंह, सतपाल सिंह, विक्रम सिंह, गुलशन दिवाकर, प्रश्न प्रकाश रजनी, प्रकाश, नीतू, आनंद, सरिता, आनंद, सावित्री देवी, वीरेंद्र, मोहनलाल, दिनेश दिवाकर, रामवीर सिंह, हरपाल सिंह, लीलाधर, रामकुमार, रवि कुमार, अजय दिवाकर, राम बहादुर, सुनील कुमार दिवाकर, अनिल दिवाकर, सौरभ, उमेश दिवाकर, राकेश दिवाकर, सोमपाल सिंह, ललित दिवाकर, ओमप्रकाश दिवाकर, जयपाल सिंह, होशियार सिंह, रजनी प्रकाश, भास्कर सिंह प्रताप सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

# यूजीसी को थोपने की कोशिश कामयाब नहीं होने दी जाएगी

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** ब्राह्मण शक्ति संघ के प्रदेश अध्यक्ष विवेक मिश्रा को पुलिस ने दिल्ली जाने से पूर्व हाउस अरेस्ट कर लिया। वह रविवार को जंतर मंतर दिल्ली पर होने वाले यूजीसी के खिलाफ आंदोलन में शामिल होने के लिए जा रहे थे।

पुलिस की घेराबंदी के बाद प्रदेश अध्यक्ष विवेक मिश्रा ने अपील करते हुए कहा कि जो पदाधिकारी दिल्ली जा रहे थे वह सभी पदाधिकारी की और सदस्य निकल जाए और आंदोलन में बढ़ चढ़कर प्रतिभाग करें। क्योंकि उसको पुलिस ने हाउस अरेस्ट कर लिया है। उन्होंने कहा कि देश में प्रत्येक व्यक्ति को अपनी अभिव्यक्ति प्रकट करने की आजादी है। शांतिपूर्ण तरीके से प्रदर्शन अपनी आवाज उठाने के लिए किया जा सकता है, लेकिन उसको रोका जा रहा है जो गलत है। इससे संविधान के अधिकार जो आम



दिल्ली जंतर मंतर पर जाने के दौरान प्रदेश अध्यक्ष का सदस्यों के साथ रोकती पुलिस।

नागरिक को मिले हुए हैं उनका हनन किया जा रहा है। यूजीसी को थोपने की कोशिश कामयाब नहीं होने दी जाएगी, इसको रद्द किया जाये।इस दौरान मुकेश गौड़,अविरल शर्मा, सचिन शर्मा सचिन मिश्रा,विनीत शर्मा, विवेक शर्मा गुमथला, विकास मिश्रा, बृजेश शर्मा, निशांत शर्मा प्रशांत वशिष्ठ, विमल शर्मा, सौरभ शर्मा, पराग शर्मा, अभिषेक पाराशरी, अमोल शर्मा, श्री शर्मा,डॉ निशाकर शर्मा, विभोर भारद्वाज, डा पीके पाण्डे,राजीव मिश्रा,डा विनय शर्मा,उमाकान्त शर्मा,योगेश भारद्वाज आदि लोग मौजूद रहे।

## अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस हर साल आठ मार्च को महिलाओं को सशक्त बनाने की दिशा में एक तरह से संकल्प दिवस के रूप में मनाया जाता है। इसे आधी आबादी के लिए प्रेरक दिवस के रूप में भी याद किया जाता है। हर साल अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस को लेकर एक थीम तय की जाती है। इस वर्ष का विषय गीव टू गेन(पाने के लिए देना ) है, जो उदारता सहयोग और महिलाओं के सशक्तिकरण के माध्यम से लैंगिक समानता को बढ़ावा देने पर केंद्रित है। जो महिलाओं और लड़कियों के लिए नैतिक समानता,सहयोग और उदारता पर जोर को लेकर तय किया गया है। हालांकि सभ्यता का ज्यों-ज्यों विकास हो रहा है समाज में महिलाओं की भूमिका बढ़ रही है। कई देशों में इन्हें पुरुषों के बराबर अधिकार हासिल हैं। बावजूद दुनिया अभी भी पुरुष प्रधान है। यद्यपि प्रकृति ने शारीरिक रूप से महिलाओं को पुरुषों से भिन्न बनाया है। बावजूद दोनों एक दूसरे के पूरक हैं। लेकिन यह भी सही है कि पुरुष इस मामले में महिलाओं के प्रति ईमानदार नहीं रहे। उन्होंने उनके अधिकारों पर अतिक्रमण किया। जिससे विकास की दौड़ में वे पुरुषों की तुलना में पीछे रह गईं। यह सही है कि हालात तेजी से बदल रहे हैं। फिर भी दुनिया में कई ऐसे देश हैं जहां महिलाओं को पुरुषों के समान अधिकार नहीं हैं। यहां तक कि उन्हें लोकतांत्रिक व्यवस्था में भी हिस्सा लेने का अधिकार नहीं है। लेकिन यह कहने में हर्ज नहीं है कि बदलाव की बयार चल चुकी है। भारत की बात करें तो आजादी के बाद से महिलाओं की स्थिति में काफी बदलाव आया है। जीवन के हर क्षेत्र में उनका दखल बढ़ा है। वे अपने अधिकारों को लेकर सजग हुई हैं। यह अलग बात है कि पुरुष प्रधान समाज में उनके वर्चस्व को तोड़ने में अभी भी उन्हें संघर्ष करना पड़ रहा है। लेकिन इन सबके बीच प्रकृति ने मां,बहन,पत्नी और बेटी के रूप में उन्हें जो संवेदना दी है,उस पर रत्ती भर आंच नहीं आई है। इस दोहरी भूमिका में भी वे संघर्ष करते हुए आगे बढ़ रही हैं और अपनी आने वाली पीढ़ियों के लिए भी रास्ता बना रही हैं। जीवन के हर क्षेत्र में आज महिलाएं सफलता के झंडे फहरा रही हैं। कोई ऐसा क्षेत्र नहीं है,जहां उनकी उपलब्धियों की गूंज सुनाई न पड़ रही हो। इन सबके बीच कहीं कुछ है जो उनकी ताकत के एहसास को भुलाने का कारण बन जाता है। इसी एहसास को जगाने के लिए 110 साल पहले अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कुछ प्रयास हुआ था। यह शुरुआत महिलाओं द्वारा रोटी की कमी के कारण रूस में हुई थी। परिवार के भूखे रहने के विरुद्ध शुरू हुआ यह संघर्ष जल्द ही अधिकार की लड़ाई बन गया और इसी कड़ी में आठ मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस घोषित किया गया। हालांकि संयुक्त राष्ट्र संघ में इसे औपचारिक मान्यता 1977 में मिली। इसके बाद से हर साल अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के लिए थीम का ऐलान होता है और उसके सहारे आगे बढ़ने का प्रयास होता है। महिलाओं को बराबरी के आधार पर सभी मानवीय अधिकार मिलने भी चाहिए। फिर भी यह संघर्ष बराबरी को लेकर नहीं है। बल्कि यह सही पहचान और सम्मान पाने की जद्दोहजद है। जिसकी वह अधिकारी है। चीखने का मन होने के बावजूद मुस्कुराने की उसकी ताकत को न जाने क्यों उसकी कमजोरी मान लिया गया। आज औरत की लड़ाई इसी तरह की मान्यता को बदलने की है। आज आधी आबादी को जीवन के पूरे अधिकार चाहिए। आज की औरत मनुष्य के रूप में स्वीकारे जाने की मांग कर रही है। अब उनका संघर्ष अपने वस्तु होने के भ्रमजाल से मुक्त होने का है। यह लड़ाई जीती तब जाएगी,जब दुनिया का पुरुष समाज अपनी सोच बदलेगा। वह पूरा हक जो वह आधी आबादी मांग रही है। उसे पाने के लिए आठ मार्च इस संघर्ष को सफलता के शिखर तक पहुंचाने की कोशिशों को तेज करने की याद दिलाता है। उम्मीद की जानी चाहिए कि सफलता की जिस राह पर वे आगे बढ़ रही हैं, यह कारवां जारी रहेगा और आने वाले समय में वे उपभोग की वस्तु न रहकर समाज को बदलने के लिए अग्रिम पंक्ति खड़ी मिलेंगी। उनके इस अधिकार को दिलाने में समाज के हर वर्ग को सहयोग चाहिए। वरना वे अकेले भी हालात को बदल सकती हैं। लेकिन तब सामाजिक समरसता की जिम्मेदारी उनकी अकेले की नहीं होगी। वैसे भी जो देश अभी भी आधी आबादी की उपेक्षा कर रहे हैं वे वैश्वीकरण की इस दौड़ में बहुत पीछे छूट जाएंगे। यह भी एक हकीकत है।

# बिहार की राजनीति में सत्ता परिवर्तन से जुड़े सवाल



ललित गर्ग

*किसी भी लोकतंत्र में सत्ता परिवर्तन एक सामान्य और आवश्यक प्रक्रिया होती है। यह परिवर्तन यदि लोकतांत्रिक ढंग से और राजनीतिक सहमति के साथ होता है, तो यह व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाता है। बिहार में पिछले दो दशकों में राजनीतिक स्थिरता अपेक्षाकृत बनी रही है और इसका एक बड़ा श्रेय नीतिश कुमार के नेतृत्व को दिया जाता है। अब जब वह सक्रिय प्रशासनिक भूमिका से हटकर संसदीय राजनीति की ओर जा रहे हैं, तो यह देखना महत्वपूर्ण होगा कि नया नेतृत्व उस स्थिरता को किस प्रकार बनाए रखता है। सत्ता परिवर्तन का एक सकारात्मक पक्ष यह भी है कि इससे शासन व्यवस्था में नए विचार, नई ऊर्जा और नई प्राथमिकताएँ सामने आती हैं। इस घटनाक्रम के साथ बिहार की राजनीति में नई पीढ़ी के प्रवेश और नेतृत्व परिवर्तन की चर्चा भी तेज हो गई है।*

बिहार की राजनीति में एक महत्वपूर्ण और ऐतिहासिक मोड़ उस समय सामने आया जब राज्य के लंबे समय तक मुख्यमंत्री रहे नीतिश कुमार ने मुख्यमंत्री पद छोड़कर राज्यसभा जाने का निर्णय स्वीकार किया और इसके लिए नामांकन भी दाखिल कर दिया। उनके नामांकन के अवसर पर देश के गृह मंत्री अमित शाह का पटना पहुँचना भी इस राजनीतिक घटनाक्रम को और अधिक महत्वपूर्ण बना देता है। लगभग दो दशकों तक बिहार की राजनीति के केंद्र में रहे नीतीश कुमार का यह निर्णय केवल एक व्यक्तिगत राजनीतिक निर्णय नहीं है, बल्कि बिहार की सत्ता और राजनीति के स्वरूप में आने वाले बड़े परिवर्तन का संकेत भी है। यह घटनाक्रम ऐसे समय में सामने आया है जब बिहार की राजनीति पहले से ही गठबंधनों, समीकरणों और सत्ता-संतुलन के दौर से गुजर रही है। इस निर्णय के साथ यह स्पष्ट हो गया कि बिहार की राजनीति एक नए दौर में प्रवेश करने जा रही है। यह परिवर्तन जहां एक ओर नई संभावनाओं का संकेत देता है, वहीं दूसरी ओर कई सवाल भी खड़े करता है, क्या यह जनादेश का सम्मान है या उससे विचलन? क्या यह बिहार के लिए नई दिशा का मार्ग है या राजनीतिक रणनीति का एक नया अध्याय?

नीतिश कुमार को लंबे समय से "सुशासन पुरुष" के रूप में जाना जाता रहा है। उन्होंने बिहार को लंबे समय तक स्थिर राजनीतिक नेतृत्व दिया और शासन व्यवस्था को कई स्तरों पर व्यवस्थित करने का प्रयास किया। सड़कों, शिक्षा, महिला सशक्तिकरण, पंचायत सशक्तिकरण और प्रशासनिक सुधार जैसे अनेक क्षेत्रों में उनके कार्यों की चर्चा होती रही है। उनके शासनकाल में बिहार ने अराजकता और अपराध की छवि से बाहर निकलकर विकास और स्थिरता की ओर कदम बढ़ाने का प्रयास किया, इसलिए उनका मुख्यमंत्री पद छोड़कर राज्यसभा की ओर जाना केवल एक पद परिवर्तन नहीं, बल्कि राजनीतिक भूमिका के पुनर्निर्धारण के रूप में भी देखा जा रहा है।

नीतिश कुमार के इस निर्णय के बाद विपक्षी दलों ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। विपक्ष का आरोप है कि विधानसभा चुनाव में जनता ने नीतिश कुमार के नेतृत्व में सरकार बनाने के लिए वोट दिया था और पाँच वर्षों के जनादेश के बीच में मुख्यमंत्री पद छोड़ना जनता के विश्वास के साथ न्याय नहीं है। विपक्षी दलों का यह भी कहना है कि यह निर्णय राजनीतिक समीकरणों का परिणाम है और इसमें जनता की भावना को पर्याप्त महत्व नहीं दिया गया। कुछ विपक्षी नेताओं ने इसे "जनादेश के साथ खिलवाड़" और "राजनीतिक समझौते की राजनीति" करार दिया है। उनका तर्क है कि यदि मुख्यमंत्री बदलना ही था तो जनता के पास फिर से जाने का रास्ता



अपनाया जाना चाहिए था। इस प्रकार यह बहस केवल सत्ता परिवर्तन की नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक नैतिकता की भी बन गई है।

दूसरी ओर, इस पूरे घटनाक्रम को भाजपा की दीर्घकालिक रणनीति के रूप में भी देखा जा रहा है। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि भाजपा बिहार में अपनी स्वतंत्र राजनीतिक पहचान को और अधिक मजबूत करने की दिशा में आगे बढ़ रही है। यदि राज्य में भाजपा का मुख्यमंत्री आता है, तो यह बिहार की राजनीति के लिए एक नया अध्याय हो सकता है। भाजपा लंबे समय से यह दावा करती रही है कि वह राज्य में विकास, सुशासन और अपराध-मुक्त प्रशासन को और अधिक प्रभावी रूप में लागू करना चाहती है। पार्टी के नेताओं का कहना है कि बिहार में विकास की गति को और तेज करने, निवेश को बढ़ाने, रोजगार के अवसर पैदा करने और प्रशासनिक व्यवस्था को और अधिक पारदर्शी बनाने के लिए नई नेतृत्व संरचना की आवश्यकता है।

बिहार में प्रस्तावित सत्ता परिवर्तन को भाजपा एक व्यापक राजनीतिक और प्रशासनिक अवसर के रूप में देख रही है। पार्टी का मानना है कि लंबे समय से विकास, सुशासन, भ्रष्टावार-मुक्ति और सुरक्षा के जिन मुद्दों पर बिहार पिछड़ता रहा है, उन्हें एक निर्णायक नेतृत्व और कठोर प्रशासनिक इच्छाशक्ति के माध्यम से बदला जा सकता है। इस संदर्भ में कई लोग उत्तर प्रदेश का उदाहरण भी देते हैं, जहाँ योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में सरकार बनने के बाद अपराध और माफिया पर कठोर कार्रवाई, प्रशासनिक अनुशासन और विकास योजनाओं के विस्तार ने राज्य की छवि और जनजीवन में उल्लेखनीय परिवर्तन लाने का प्रयास किया। इसी दृष्टि से बिहार में भी यह उम्मीद व्यक्त की जा रही है कि यदि भाजपा को स्पष्ट नेतृत्व का अवसर मिलता है, तो वह अपराध नियंत्रण, भ्रष्टाचार-मुक्ति, प्रशासनिक पारदर्शिता और विकास के नए मानक स्थापित करने की दिशा में काम कर सकती है।

आज भी यह व्यापक धारणा व्यक्त की जाती है कि बिहार में शिक्षा, चिकित्सा, रोजगार और आधारभूत संरचना के क्षेत्र में अपेक्षित गति से विकास नहीं हो पाया है और कई क्षेत्रों में अपराध तथा असुरक्षा की भावना जनजीवन को प्रभावित करती रही है। ऐसे में यदि नई सरकार दृढ़ नीतियों के साथ विकास, कानून-व्यवस्था और सामाजिक सुरक्षा को प्राथमिकता देती है, तो यह सत्ता परिवर्तन राज्य के लिए नई दिशा और नई दशा का वाहक बन सकता है। यही कारण है कि कुछ राजनीतिक विश्लेषक इसे बिहार के लिए संभावित अवसर के रूप में देखते हैं-एक ऐसा अवसर, जिसमें सुशासन, विकास और सुरक्षित जनजीवन की नई धारा प्रवाहित हो सकती है और राज्य प्रगति के एक नए अध्याय की ओर अग्रसर हो सकता है।

बिहार की राजनीति में नीतिश कुमार का राज्यसभा की ओर जाना केवल एक राजनीतिक घटना नहीं, बल्कि एक बड़े परिवर्तन की शुरुआत है। इसमें जहाँ विपक्ष जनादेश के सवाल को उठा रहा है, वहीं सत्ता पक्ष इसे नए नेतृत्व और नई दिशा के अवसर के रूप में प्रस्तुत कर रहा है। इतिहास गवाह है कि कई बार राजनीतिक परिवर्तन ही विकास की नई संभावनाओं का मार्ग खोलते हैं। यदि यह सत्ता परिवर्तन बिहार में बेहतर प्रशासन, अपराध नियंत्रण, भ्रष्टाचार-मुक्तिए आर्थिक प्रगति और सामाजिक समरसता को मजबूत करता है, तो यह राज्य के लिए एक महत्वपूर्ण मोड़ साबित हो सकता है। आने वाला समय ही तय करेगा कि यह निर्णय बिहार की राजनीति में किस प्रकार का अध्याय लिखता है लेकिन इतना निश्चित है कि यह बदलाव राज्य की राजनीति को नई बहसों, नई चुनौतियों और नई संभावनाओं की ओर अवश्य ले जाएगा।

# इस नफरत भरी बर्बरता का इलाज करना होगा



मनोज कुमार अग्रवाल

*यह कौन सी असहिष्णुता अराजकता और वहशियत भरी सोच का नतीजा है जो रंग की दो छींट पड़ जाने पर उस होनहार दलित नवयुवक के खून से होली खेलते हैं जिसका कोई कुसूर भी नही था जिसने कोई रंग भी नही डाला था जो दिन में घटित छोटी सी नोंकझोंक से अनजान था और होली की शाम अपने घर लौट रहा था लेकिन नफरती पडोसियों ने उस का निरीह कत्ल कर दिया इल्ज़ाम यह है कि उसकी नाबालिग बहन ने पडोसी मुस्लिम महिला पर रंग भरा गुब्बारा फेंक दिया था । आपको बता दें कि जब 4 मार्च पूरा देश होली के रंगों में डूबा हुआ था, वहीं भारत की राजधानी दिल्ली खूनी होली में डूबी हुई थी। दिल्ली के उत्तम नगर इलाके में होली के मौके पर हुए एक छोटे से झगड़े ने हिंसक रूप ले लिया।*

आपको बता दें कि उत्तम नगर में बुधवार की रात होली खेल रही 11 साल की बच्ची को नहीं मालूम था कि वह अपने परिवार के सदस्य पर जो पानी का गुब्बारा फेंक रही है, उसके छींटे किसी को इतने नागवार गुजरेंगे कि वह इलाके में सांप्रदायिक तनाव का कारण बन जाएंगे। उसे नहीं पता था कि वह गुब्बारा उसके परिवार के लिए तेजाब की तरह साबित होगा, जिसकी चपेट में उसका पूरा परिवार आ जाएगा। उसे यह भी नहीं मालूम था कि उस गुब्बारे से निकले पानी की वजह से परिवार ना केवल एक अनचाहे विवाद में पड़ जाएगा, बल्कि उसके परिवार के 26 साल के युवक तरुण की जान भी चली जाएगी। हम बात कर रहे हैं, शहर के उत्तम नगर की जेजे कॉलोनी में होली की रात हुए एक ऐसे विवाद की, जिसने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया है।विवाद की शुरुआत एक महिला पर रंग वाले पानी के छींटे लगने से हुई। उस लड़की ने अपने घर के नीचे खड़े अपने रिश्तेदारों पर एक पानी का गुब्बारा फेंका था, जो सड़क पर जा गिरा और फट गया, जिसके बाद रंगीन पानी के कुछ छींटे पड़ोस में रहने वाले दूसरे समुदाय की एक महिला को जा लगे। जिसके बाद हुए विवाद में हिंदू परिवार के युवक की जान चली गई। इस मामले में पुलिस ने शुक्रवार को चार लोगों को गिरफ्तार कर लिया, साथ ही एक नाबालिग को भी हिरासत में लिया। जबकि घटना में शामिल अन्य लोगों की पहचान करने और उन्हें पकड़ने के लिए पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है। साथ ही व्याप्त तनाव को देखते हुए पुलिस कोई कोताही नहीं बरत रही है और अतिरिक्त सुरक्षा बलों को तैनात करते हुए इलाके में कड़ी सुरक्षा की गई है। दरअसल गुब्बारे में भरे पानी के छींटे लगने के बाद पड़ोस में रहने वाली वह महिला ना केवल भड़क गई, बल्कि उसने गंदी-गंदी गालियां देकर विवाद करना शुरू कर दिया। इसी दौरान उसने अपने परिजनों व अपने समुदाय के अन्य लोगों को बुला लिया और होली खेल रहे परिवार पर हमला किया। इस दौरान आरोपियों ने वहां मारपीट करते हुए जमकर तोड़फोड़ भी की। पीड़ित परिवार ने जैसे-तैसे अपने आप को घर के अंदर बंद करते हुए उनसे बचाया। इस झगड़े के दौरान परिवार का सदस्य तरुण अपने दोस्त के घर गया हुआ था और वो इस झगड़े से बेखबर था।

होली खेलने निकला तरुण रात करीब 10.30 बजे अपने दोस्त के घर से वापस लौट रहा था, इसी दौरान रास्ते में करीब 8 से 10 आरोपियों ने उसे घेर लिया और उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। इस दौरान आरोपियों ने लाठी, पत्थर और लोहे की रॉड से तरुण को बेरहमी से पीटा। जब वह बेसुध हो गया तो आरोपी मौके से फरार हो गए। परिजनों को झगड़े का पता चला तो वह मौके पर पहुंचे और उसे नजदीकी अस्पताल में भर्ती किया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। वारदात की सूचना मिलते ही उत्तम नगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया।

हाल की वारदात का दक्षिणी दिल्ली का यह इलाका पाकिस्तान या बांग्लादेश का नही है लेकिन दो अलग अलग धर्म मजहब के परिवार के बीच इस तरह का खूनी संघर्ष समाज में बढ़ती असहिष्णुता और वहशियत भरी बर्बरता को उजागर करता है आखिर ये कौन सी मानसिकता है जो लोगों के बीच नफरत बो रही है? क्या पानी या रंग की दो बूंद पड़ जाने से किसी का मजहब अपमानित हो सकता है? क्या ऐसे किसी मामले में पुलिस से शिकायत नही की जा सकती थी? क्या जाने अनजाने में ऐसा कोई बर्ताव किसी का कत्ल करने की सोच पैदा कर सकता है? क्या यह एक दर गुजर करने लायक बात नही थी? क्या ऐसे खून खराबा करने वाले लोगों में कानून का तनिक भी खौफ है? नयी दिल्ली की कानून व्यवस्था केंद्र सरकार के नियंत्रण में है सरकार गृहमंत्रालय को इन तमाम वारदातों का उच्च स्तरीय न्यायिक जांच समिति से विश्लेषण समीक्षा जांच करानी चाहिए ताकि नफरत का जहर बो रहे असामाजिक असहिष्णु कट्टरपंथी तत्वों को पहचान कर समुचित कार्यवाही की जाए और समाज को नफरती हिंसा से बचाया जा सके।

## कविता

### नारी ना कभी हारी

घर बाहर में आपसी तालमेल बनाना,
इन जिम्मेदारियों को सकुशल निभाना,
बहुत कठिन होता है सामंजस्य बैठाना,
आलोचनाओं को सहकर भी मुस्कुराना ।

बहुत सीमाएं लकीरें रास्ते में होती खड़ी,
सपनों की ये उड़ान होती मुश्किल बड़ी,
बदल कर तस्वीर उसने पार करी ये घड़ी,
आज नारी हौसलों से नर पर भारी पड़ी ।

बनाई नारी ने अपनी एक खास पहचान,
पार किए सूझ-बूझ से दुष्कर व्यवधान,
घोली 'आनंद' मिठास रिश्तों के दरम्यान,
मेहनत हिम्मत से पूरे किए अपने अरमान ।

बनकर मिसाल बाधाओं को किया जो चूर,
आज हर क्षेत्र में बनी वो महारथी व मशहूर,
नारी को कहते थे जो घर तक सीमित मजबूर,
आज वे ठोक बजा यश उसका गाते भरपूर ।

योगदान विश्व में नारी शक्ति का है भारी,
आज जिसके समक्ष दुनिया झुकती सारी,
न रही वो अबला, मासूम, बेकार, बेचारी,
नारी ना कभी हारी नारी से सृष्टि है सारी ।



मोनिका डागा



## आपका मत

### प्रतिक्रियाओं का मर्म समझें

अंतरराष्ट्रीय राजनीति के जटिल और संवेदनशील दौर में किसी भी देश की आधिकारिक प्रतिक्रिया केवल भावनाओं के आधार पर नहीं बल्कि दूरगामी कूटनीतिक और रणनीतिक हितों को ध्यान में रखकर तय की जाती है। हाल ही में भारत के विदेश सचिव द्वारा दिल्ली स्थित ईरान के दूतावास में जाकर ईरान के आध्यात्मिक नेता आयतुल्लाह खुमैनी के मारे जाने पर शोक व्यक्त करना इसी कूटनीतिक परंपरा का हिस्सा माना जाना चाहिए। यह कदम भारत की आधिकारिक प्रतिक्रिया का प्रतीक था, जो अंतरराष्ट्रीय कूटनीतिक मर्यादाओं और परंपराओं के अनुरूप है। इसके बावजूद देश के कुछ विपक्षी नेताओं द्वारा केंद्र सरकार की आलोचना की जा रही है और इस मुद्दे को लेकर प्रधानमंत्री को घेरने की कोशिश भी की जा रही है। लेकिन यह समझना आवश्यक है कि जब विश्व स्तर पर अमेरिका, इजरायल और ईरान के बीच तनाव और युद्ध जैसी स्थिति उत्पन्न हो चुकी हो, तब किसी भी देश के लिए अपनी प्रतिक्रिया अत्यंत संतुलित और सावधानीपूर्ण तरीके से देना आवश्यक होता है। भारत जैसे विशाल और जिम्मेदार राष्ट्र के लिए यह और भी अधिक महत्वपूर्ण हो जाता है क्योंकि उसके आर्थिक, सामरिक और कूटनीतिक हित अनेक देशों से जुड़े हुए हैं।

-वीरेंद्र कुमार जाटव

"पढ़ाई कभी किसी का समय बर्बाद नहीं करती, बल्कि भविष्य को चमकाने का मौका देती है।"





# सफलता-असफलता जीवन के दो अनिवार्य पहलू



संजीव ठाकुर

*मनोबल ही साहस को जन्म देता है और साहस, आत्मबल को और आत्मबल से ही मनुष्य किन्हीं भी परिस्थितियों से जूझना एवं टकराने की क्षमता पैदा करता है। जब मनुष्य के पास खोने के लिए कुछ ना हो तो वह निश्चिंत होकर साहस, क्षमता एवं संयम से आगे बढ़ने का प्रयास करता है, क्योंकि वह जानता है की पीछे पलट कर उसके पास खोने के लिए कुछ भी नहीं है, शिवाय आगे बढ़ने एवं सफलता के लिए अग्रसर होने के।*

मनुष्य को धर्म के साथ ही कर्म की वेदी पर अपने श्रम की की आहुति देनी चाहिए, जिससे मानवीय जीवन अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सकता है। जीवन में लक्ष्य की प्राप्ति और सफलता के लिए मनुष्य को निरंतर कर्म,धर्म की प्रधानता रखकर संयम तथा मनोबल भी रखना होगा। इसके अलावा मनुष्य अपनी इच्छाओं का दास ना होकर उस पर नियंत्रण रख स्वामी बनने का प्रयास करना होगा तब सोची गई सफलता आपके सामने होगी।

कठिन तथा विषम परिस्थितियों में मनुष्य को अपने मनोबल को सदैव विनम्रता, संयम और साहस के साथ ऊंचा रखना चाहिए।अपने द्वारा की गई मेहनत पर विश्वास एवं निरंतरता रखनी होगी। तब जाकर ही जीवन में सफलता के पल आपके सामने आएंगे। निराशा, हताशा और हीन भावना को कठोर श्रम के बलबूते पर ही विजय प्राप्त की जा सकती है।

जीवन में उतार-चढ़ाव, कठिन समय और विषम परिस्थितियां आती ही रहती हैं। संकट का समय विषम परिस्थितियां जीवन



के अलग-अलग पहलू हैं। इनसे जूझ कर जो मानव आगे बढ़ता है, वह उच्च मनोबल वाला साहसी व्यक्ति होता है। व्यक्ति के जीवन में साहस, उच्च मनोबल ही सफलता की कुंजी है। जिस भी व्यक्ति ने विषमताओं में रास्ता निकलने का साहस करके आगे बढ़ने का प्रयास किया है वही सफल हुआ है। हमेशा सफलता का मूल आत्मविश्वास, कठिन श्रम और उच्च आदर्श वाले व्यक्ति की प्रेरणा ही सफलता दिलाने वाली होती है।

मनुष्य को कभी भी किसी भी परिस्थिति में मन से हार नहीं माननी चाहिए। उसे सदैव प्रयासरत रहकर परिश्रम तथा जुझारू पन से हर परिस्थिति का सामना कर सदैव अपने लक्ष्य के प्रति अग्रसर होते रहना चाहिए। मनुष्य को अपनी हर हार, हर पराजय से कुछ ना कुछ सीख लेनी चाहिए एवं इससे अनुभव प्राप्त कर फिर से खड़ा होने एवं उस पराजित मनोदशा से छुटकारा पाकर फिर से लड़ने की ऊर्जा एवं शक्ति प्राप्त करनी चाहिए, यह सफलता का बड़ा मंत्र है। सर्वप्रथम मनुष्य अपने मनोबल से किन्हीं भी परिस्थितियों को जीतने का साहस रखता है, इसीलिए मनोबल मनुष्य की पहली आवश्यकता है।

मनुष्य के जीवन का एक तथ्य और भी अत्यंत महत्वपूर्ण है वह है सकारात्मक सोच, जो उसे हमेशा आगे बढ़ने की ओर उत्साहित करती रहती है। सकारात्मक सोच एवं किसी भी परिस्थिति को अपने नियंत्रण में लाने की सुनियोजित योजना मनुष्य में आशाओं को भर देती है एवं परिस्थितियों को चुनौती देने की क्षमता का विकास करती है। यह मनुष्य ही है जो हर परिस्थिति में साहस और मनोबल के दम पर उससे विजय प्राप्त करता है। मनुष्य के जीवन और पशु के जीवन में यही फर्क है कि मनुष्य के पास सोचने के लिए मस्तिष्क होता है और वह उसके सकारात्मक उपयोग के साथ आगे बढ़ने की क्षमता रखता है। मनुष्य मुस्कुराता, हंसता और खिलखिलाता है। जबकि पशु में मुस्कुराने हंसने की क्षमता नहीं होती, और यही कारण है कि मनुष्य ने विषम परिस्थितियों पर सदैव विजय प्राप्त करने का प्रयास किया है, वह काफी हद तक सफलता पाने में सफल भी हुआ है। मनुष्य यदि परिस्थितियों में अन्य प्रतियोगिताओं में, खेल में, या युद्ध में पराजित होकर भी प्रेरणा लेकर पुनः साहस के साथ पुनःतैयार होता है तो वह आने वाले समय में सफलता का सही हकदार भी होता है, क्योंकि उसने पूरी क्षमता, साहस, मनोबल के साथ पराजय को स्वीकार कर के उससे कुछ सीखने का प्रयास किया है। अपनी कमियों को दूर करने की हर संभव कोशिश भी की है। इस तरह वह अगली परीक्षा में जरूर सफल होता है और यही मानव जीवन का सफल अध्याय भी होता है।

# मतदाता सूची पुनरीक्षण में लापरवाही पर एक बीएलओ निलंबित, एक की सेवा समाप्त

जागरण मोर्चा कार्यालय



**शाहजहांपुर।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में शनिवार को कलेक्ट्रेट स्थित बिस्मिल सभागार में विधानसभा पुवायां से संबंधित विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण-2026 की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में ईआरओ, एईआरओ, सुपरवाइजरों और अन्य संबंधित कर्मचारियों के साथ नो-मैपिंग और लॉजिकल डिस्क्रिपेंसी वाले मतदाताओं को भेजे गए नोटिसों की सुनवाई और कार्य प्रगति की समीक्षा की गई। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों और सुपरवाइजरों से नो-मैपिंग तथा लॉजिकल डिस्क्रिपेंसी के मामलों की जानकारी ली। कुछ कर्मचारियों की प्रगति संतोषजनक न मिलने पर उन्होंने नाराजगी जताई और निर्देश दिया कि अगले दो दिनों के भीतर लंबित मामलों का निस्तारण हर हाल में पूरा किया जाए, अन्यथा संबंधित के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। जिलाधिकारी ने सुपरवाइजर राघवेंद्र की प्रगति खराब मिलने पर उनसे स्पष्टीकरण तलब किया। वहीं बीएलओ अंजू देवी, रजनीश शुक्ला, मंजू शुक्ला, गरिमा, दिग्विजय देवी, छोटे लाल और कल्पना को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। इसके अलावा बीएलओ मोहम्मद जाहिद को निलंबित करने और ओंकार की सेवा समाप्त करने के निर्देश भी दिए गए। डीएम ने निर्देश दिया कि रविवार को सभी कर्मचारी क्षेत्र में जाकर मतदाताओं से मिलें और लॉजिकल डिस्क्रिपेंसी तथा नो-मैपिंग के सभी लंबित मामलों में शत-प्रतिशत सुनवाई सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि नोटिसों की सुनवाई का कार्य प्राथमिकता के आधार पर जल्द पूरा किया जाए और किसी भी स्तर पर लापरवाही मिलने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। बैठक में अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) रजनीश कुमार मिश्र सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर खेल प्रतियोगिताएं आयोजित



जागरण मोर्चा कार्यालय

**शाहजहांपुर।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिलाओं के सम्मान, सशक्तिकरण और खेलों में उनकी भागीदारी बढ़ाने के उद्देश्य से मेरा युवा भारत की ओर से डॉ. सुदामा प्रसाद विद्यास्थली में विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं को खेलों के प्रति प्रोत्साहित करना और उन्हें स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना था। कार्यक्रम में जिला क्रीड़ाधिकारी एस.पी. बमनिया और जिला युवा अधिकारी माय भारत मयंक भदौरिया ने महिला खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि खिलाड़ी अपने लक्ष्य के प्रति ईमानदारी और मेहनत के साथ निरंतर प्रयास करते रहें। जिला गंगा समिति के डॉ. विनय सक्सेना ने इस वर्ष की थीम ह्लगिव टू गेनह्व पर प्रकाश डालते हुए खिलाड़ियों को प्रेरित किया और नमामि गंगे से जुड़ी एक क्विज प्रतियोगिता भी कराई। खेल प्रतियोगिताओं में एथलेटिक्स के तहत 100 मीटर दौड़ में प्रांजली प्रथम, नेहा द्वितीय और वर्षा तृतीय रहीं। 200 मीटर दौड़ में राधिका ने प्रथम, अंजली ने द्वितीय और जानवी गुप्ता ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं 400 मीटर दौड़ में आस्था ने पहला, भावना ने दूसरा और रागिनी ने तीसरा स्थान हासिल किया। रस्साकशी प्रतियोगिता में कुंती के नेतृत्व में रानी लक्ष्मीबाई टीम विजेता रही, जबकि शिवानी के नेतृत्व में रानी अहिल्याबाई टीम उपविजेता बनी। प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को ट्रॉफी, मेडल, प्रमाण पत्र और भारत कैप देकर खेल प्रशिक्षक महजबीन मंसूरी और वंदना सैनी ने सम्मानित किया। नमामि गंगे क्विज प्रतियोगिता में इशिका श्रीवास्तव, आशा और सौम्या राज को भी पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर वंदना सैनी और महजबीन मंसूरी ने कहा कि समाज के समग्र विकास के लिए महिलाओं की समान भागीदारी और सशक्तिकरण बहुत जरूरी है। ऐसे आयोजन महिलाओं को आगे बढ़ने और अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर देते हैं। कार्यक्रम में खेल प्रशिक्षक पंकज सक्सेना, निशांत, शकील, मुजाहिद अली, इरफान, हिमांशु सक्सेना सहित माय भारत के कई स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

# आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में तीन गिरफ्तार

- **एससी-एसटी केस की धमकी से परेशान युवक ने लगाई थी फांसी**

जागरण मोर्चा कार्यालय

**शाहजहांपुर।** रोजा थाना क्षेत्र के पींग गांव में तीन दिन पहले एक युवक द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या करने के मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने का मुकदमा दर्ज कर उन्हें जेल भेज दिया है। जानकारी के अनुसार गांव निवासी गौरव अपने एक दोस्त के साथ होलिका दहन के लिए लकड़ी काटने बालकिशन के खेत में गया था। इसी दौरान बालकिशन वहां पहुंच गया और दोनों के बीच कहासुनी हो गई। आरोप है कि बालकिशन ने गौरव पर जातिसूचक गाली देने का आरोप लगाते हुए पुलिस में तहरीर देने की बात कही। पुलिस की जांच में जातिसूचक गाली देने का आरोप गलत पाया गया, लेकिन इसके बाद भी मुकदमा दर्ज कराने की धमकी से गौरव मानसिक रूप से परेशान रहने लगा। इसी तनाव में आकर उसने तीन दिन पहले खेत में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना के बाद परिजनों ने बालकिशन और उसके साथियों पर गंभीर आरोप लगाए थे। परिजनों की तहरीर के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने पींग पुलिया के पास से आरोपी बालकिशन, साजन और राहुल उर्फ माहुल को गिरफ्तार कर लिया। रोजा थाना प्रभारी राजीव कुमार ने बताया कि तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

# आदर्श शिक्षा मित्र वेलफेयर का होली मिलन समारोह संपन्न

जागरण मोर्चा कार्यालय




**शाहजहांपुर।** आदर्श शिक्षा मित्र वेलफेयर एसोसिएशन की ओर से रोटी गोदाम स्कूल में होली मिलन समारोह एवं बैठक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रान्तीय महामंत्री यदुवीर सिंह यादव रहे, जबकि अध्यक्षता कार्यकारी जिलाध्यक्ष कृष्ण कुमार वर्मा ने की। कार्यक्रम का संचालन जिला सोशल मीडिया प्रभारी संदीप सक्सेना ने किया। बैठक में मौजूद शिक्षा मित्रों ने सरकार द्वारा 5 लाख रुपये तक के कैशलेस इलाज की सुविधा और मानदेय को 10 हजार रुपये से बढ़ाकर 18 हजार रुपये किए जाने पर आभार व्यक्त किया। इस दौरान प्रान्तीय महामंत्री यदुवीर सिंह यादव ने बताया कि संगठन की ओर से शिक्षा मित्रों के लिए चिकित्सा अवकाश, सेवा अवधि 62 वर्ष 11 माह 29 दिन तक करने तथा नियमित मानदेय वृद्धि के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। कार्यकारी जिलाध्यक्ष कृष्ण कुमार वर्मा ने कहा कि जिला स्तर पर शिक्षा मित्रों की समस्याओं के समाधान के लिए संगठन की टीम हमेशा सक्रिय रहती है और समस्याओं का जल्द निस्तारण कराया जाता है। जिला प्रभारी भुवनेश्वर सिंह ने संगठन को और अधिक मजबूत बनाने पर जोर दिया। कार्यक्रम में रामप्रकाश सिंह, अशोक पाल सिंह, श्याम कुमार, सर्वेश कुमार, अनुज पांडेय, अमितोष सिंह, राम कृपाल सिंह, राजेश कुमार, राजेश वर्मा, शरद तिवारी, कुलदीप, अशोक, सीता देवी, शिवराज, ओमकार, रामवीर, महेश, अनूप, अनिरुद्ध सहित कई लोगों ने अपने विचार व्यक्त किए। जिला सोशल मीडिया प्रभारी संदीप सक्सेना ने कहा कि सरकार शिक्षा मित्रों के प्रति सकारात्मक रुख अपना रही है। सभी को संगठित रहकर अपने अधिकारों के लिए निरंतर प्रयास करते रहना चाहिए। कार्यक्रम के अंत में सभी ने एक-दूसरे को होली की शुभकामनाएं दीं और गले मिलकर होली मिलन समारोह मनाया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में शिक्षा मित्र मौजूद रहे।

# ई-रिक्शा पलटने से महिला घायल, इलाज का खर्च मांगने पर चालक ने दी जातिसूचक गालियां

जागरण मोर्चा कार्यालय

**शाहजहांपुर।** जलालाबाद थाना क्षेत्र में ई-रिक्शा पलटने से घायल हुई एक महिला ने चालक पर इलाज का खर्च मांगने पर जातिसूचक गालियां देने का आरोप लगाया है। पीड़िता ने क्षेत्राधिकारी से शिकायत कर कार्रवाई और इलाज का खर्च दिलाने की मांग की है।

इमलिया खुर्द गांव निवासी धीरज देवी पत्नी अंकित ने बताया कि 4 मार्च को वह जलालाबाद बाजार गई थीं। शाम को बाजार से लौटते समय वह चैक मनोरथपुर सहसोबारी निवासी मदनपाल के ई-रिक्शा में बैठकर अपने गांव जा रही थीं। महिला का आरोप है कि चालक तेज और लापरवाही से रिक्शा चला रहा था। मना करने के बावजूद उसने गति कम नहीं की। आरोप है कि हरेवा मोड़ के पास ई-रिक्शा पलट गया, जिससे धीरज देवी का एक हाथ टूट गया और कमर में गंभीर चोटें आईं।

उन्हें अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। घटना के बाद गांव के लोगों की मौजूदगी में पंचायत हुई, जिसमें चालक मदनपाल ने महिला के इलाज का पूरा खर्च उठाने का आश्वासन दिया था। पीड़िता का कहना है कि जब वह इलाज में खर्च हुए पैसे मांगने गईं तो चालक ने कथित तौर पर जातिसूचक गालियां देकर उन्हें भगा दिया। उन्होंने पुलिस से शिकायत भी की, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। रविवार को धीरज देवी क्षेत्राधिकारी कार्यालय पहुंचीं और प्रार्थना पत्र देकर रिपोर्ट दर्ज करने तथा इलाज का खर्च दिलाने की मांग की। क्षेत्राधिकारी अजय राय ने मामले की जांच कर उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

# साइबर ठगी गिरोह का पर्दाफाश, दो शातिर गिरफ्तार

- **27 मोबाइल, एटीएम कार्ड और मशीनें बरामद**

जागरण मोर्चा कार्यालय



**शाहजहाँपुर।** कोतवाली पुलिस, सर्विलांस सेल और जनपदीय स्वाट एसओजी की संयुक्त टीम ने साइबर अपराध में लिप्त दो शातिर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से बड़ी संख्या में मोबाइल फोन, एटीएम कार्ड और माइक्रो एटीएम मशीनें बरामद की हैं। पुलिस के अनुसार 7 मार्च की रात मुखबिर की सूचना पर बरेली मोड़ सड़क पुल के पास पेट्रोल पंप के सामने स्थित गुप्ता सीएसई केंद्र के लकड़ी के खोखे से श्रीश गुप्ता (44) निवासी आवास विकास कॉलोनी, बरेली मोड़ और राहिल (42) निवासी तारीन गाड़ीपुरा को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपियों के पास से 19 कीपैड मोबाइल, 8 एंड्रॉयड मोबाइल, 3 रिकॉर्ड कॉपियां, 25,430 रुपये नकद, 19 जियो पेमेंट बैंक के लिफाफे एटीएम कार्ड सहित, 10 जियो डेबिट कार्ड, 6 एनएसडीएल पेमेंट बैंक के डेबिट कार्ड, 2 माइक्रो एटीएम मशीन और 2 बायोमैट्रिक मशीनें बरामद हुई हैं। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे भोले-भाले लोगों को लालच देकर उनका आधार कार्ड और पैन कार्ड लेकर जियो पेमेंट बैंक और एनएसडीएल पेमेंट बैंक में खाते खोलते थे। इसके बाद इन खातों को बिहार निवासी रोहित रंजन सहित अन्य लोगों को प्रति खाता 4500 रुपये में उपलब्ध करा देते थे। इसके बाद इन खातों का इस्तेमाल साइबर ठगी से प्राप्त रकम को ऑनलाइन ट्रांसफर कर निकालने में किया जाता था। एटीएम कार्ड आने के बाद आरोपी उन्हें श्रमजीवी एक्सप्रेस ट्रेन के अटेंडेंट के माध्यम से बिहार के अलग-अलग स्टेशनों पर भेज देते थे। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उन्हें न्यायालय के समक्ष पेश करने की कार्रवाई शुरू कर दी है, जबकि इस गिरोह से जुड़े अन्य आरोपियों की तलाश जारी है।

# पति की गैर मौजूदगी में घर में घुसा युवक

जागरण मोर्चा कार्यालय

**तिलहर-शाहजहांपुर।** पति की गैर मौजूदगी में घर में घुसे युवक ने महिला को पीट दिया। बाद आए पति पर भी जान लेवा हमला कर घायल कर दिया। पीड़िता की ओर से आरोपी के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज की गई है। गांव गुलामखेड़ा निवासी पूनम पत्नी देवमणि ने दर्ज रिपोर्ट में कहा है कि पांच मार्च को सुबह करीब नौ बजे वह घर पर थी। इसी दौरान गांव का ही टेनी पुत्र महेन्द्र घर मे घुस आया। उसने विरोध किया और कहा कि उसके पति घर पर नही है। इस पर टेनी गाली गलौज करते हुये मारपीट करने लगा। और धमकी देता हुआ भाग गया। जब उसके पति पूर्वान्ह करीब 11 बजे बाजार से वापस आये तो पूरी घटना उन्हें बताई। इसी दौरान तेली दोबारा हाथ मे लोहे की राड लेकर आया और अचानक मेरे पति पर जानलेवा हमला कर दिया।

# हसनापुर में त्रिकोणीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन, हसनापुर टीम बनी विजेता

जागरण मोर्चा कार्यालय



**खुदागंज शाहजहांपुर।** खुदागंज ब्लॉक क्षेत्र के हसनापुर गांव में रविवार को उच्च प्राथमिक विद्यालय के खेल मैदान पर त्रिकोणीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में क्षेत्र की तीन टीमों–सुराही, फुलवा और हसनापुर–ने उत्साह के साथ भाग लिया। मुकाबले बेहद रोमांचक रहे और खिलाड़ियों ने शानदार खेल का प्रदर्शन कर दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया।

कड़े मुकाबलों के बाद हसनापुर और फुलवा की टीमें फाइनल में पहुंचीं। फाइनल मैच में हसनापुर की टीम ने बेहतर तालमेल और दमदार खेल का प्रदर्शन करते हुए फुलवा को पराजित कर खिताब अपने नाम कर लिया। टीम की जीत में कप्तान विशाल सिंह की महत्वपूर्ण भूमिका रही, जिन्होंने पूरे टूनार्मेंट में बेहतरीन नेतृत्व और प्रदर्शन किया।

प्रतियोगिता का सफल आयोजन विद्यालय के इंचार्ज प्रधानाध्यापक एवं कोच शोभित कुमार शर्मा के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। आयोजन में ग्रामवासियों का भी सराहनीय सहयोग रहा और बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। समापन अवसर पर प्रधानाध्यापक द्वारा विजेता टीम को वॉलीबॉल और नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। यह प्रतियोगिता ग्रामीण युवाओं में खेल प्रतिभा को बढ़ावा देने और खेल भावना को प्रोत्साहित करने का सराहनीय प्रयास साबित हुई।

# संदिग्ध परिस्थितियों में बिजली करंट से ग्रामीण की मौत

- **पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया**



**तिलहर-शाहजहांपुर।** संदिग्ध परिस्थितियों में बिजली करंट लगने से सिख ग्रामीण की मौत हो गई। मृतक के बहनोई की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पीएम के लिए भिजवाया। जानकारी के मुताबिक कोतवाली क्षेत्र के गांव बंथरा स्थित झाले स्वामी सरदार कवल सिंह का शव रविवार सुबह घर के बाहर पड़ा देख उनकी पत्नी कुलविंदर कौर चीख पड़ी। कवल सिंह का हाथ बिजली के तार पर था। कुलविंदर कौर ने बताया कि उसके पति व दोनों बेटों के साथ वह शनिवार रात सोए हुए थे। सुबह जब कुलविंदर कौर सोकर उठी और घर के बाहर आई तो देखा उनके पति जमीन पर पड़े हुए थे और उनका हाथ बिजली के तार से चिपका हुआ था। इस घटना से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। चीख सुनकर तमाम लोग इकट्ठे हो गए। लकड़ी के सहारे से कवल सिंह के हाथ से तार को दूर किया गया। कबल सिंह की मौत से उसके परिवार में कोहराम मच गया और चीख पुकार मच गई। परिवार के लोगों ने आशंका जताई कि सुबह तड़के कबल घर के बाहर निकले होंगे और टूटे पड़े बिजली के तार से उनका हाथ चिपक गया और करंट लगने से उनकी मौत हो गई होगी। कवल सिंह के बहनोई कांट निवासी रंजीत सिंह उर्फ लाली ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है।

# रंग पंचमी पर खेली होली... गधे पर बैठाकर निकाले गए लाट साहब





जागरण मोर्चा कार्यालय

**खुदागंज।** नगर के लोगों ने दसको से चली आ रही अनूठी परंपरा का निर्वाह करते हुए इतवार को रंग पंचमी पर हर्षोल्लास के साथ होली मनाई। सुबह से लेकर दोपहर तक लोगों ने खूब अमीर गुलाल खेला और सभी से गले मिलकर शुभकामनाएं दी पुलिस की कड़ी सुरक्षा में गधे पर सवार लाट साहब का पारंपरिक जुलूस निकाला गया सुबह से ही लोग होलिका दहन स्थल पर पहुंचने लगे इसके बाद जिसे जो मिला उसे रंग बिरंगा कर आगे बढ़ते रहे जगह-जगह युवा डीजे पर बज रहे होली गीतों पर थिरकते रहे 10:00 बजने तक बच्चों से लेकर युवा एवं बुजुर्ग तक लाट साहब के जुलूस में शामिल होने के लिए लक्ष्मीपुर में एकत्र हो गए वहां शराब में धुत लाट साहबको गधे पर बैठाकर लोगों का हुजूम अबीर गुलाल उड़ाते हुए चल पड़ा लाट साहब को किसी भी अप्रिय स्थिति से बचाने के लिए थाना प्रभारी सत्य प्रकाश सिंह ने उनके चारों ओर पुलिस का सुरक्षा घेरा बना दिया उप जिलाधिकारी सदानंद सरोज एवं पुलिस क्षेत्र अधिकारी ज्योति यादव भी उपद्रवियों पर नजर रखने के लिए जुलूस में मौजूद रहे जुलूस जब थाना परिसर में पहुंचा तब थाना प्रभारी में लाट साहब का सलामी से स्वागत किया वहां कुछ देकर लाट साहब ने 1 साल का लेखा-जोखा देखने का स्वांग किया इसी दौरान लाट साहबको थाना प्रभारी ने इनाम दिया बाद में जुलुस शांतिपूर्वक तरीके से पक्का तालाब,लाला हरिराम इंटर कॉलेज, सराफा बाजार डाकखाना मार्ग महादेव प्रसाद इंटर कॉलेज मार्ग एवं मेन बाजार, रामसहाय चौराहा होते हुए देवहा नदी के किनारे समाप्त हुआ जुलूस में पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष सुधीर सिंह सभासद सौरव गुप्ता विनोद सिंह प्रवीण मिश्रा उर्फ संजू मिश्रा , रामनिवास मोर्या,नीरज मोर्या सहित क्षेत्र के तमाम लोग मौजूद रहे।

# अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर रिजर्व पुलिस लाइन में सम्मान समारोह, महिलाओं को किया गया सम्मानित



अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर पुलिस लाइन कार्यालय में कार्यक्रम के दौरान मौजूद महिलाएं

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर वामा सारथी फैमिली वेलफेयर एसोसिएशन, उत्तर प्रदेश द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन, के सम्मेलन कक्ष में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महिलाओं को सम्मानित करने के साथ-साथ उनके सशक्तिकरण और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने पर जोर दिया गया।

समारोह में महिलाओं एवं छोटे बच्चों द्वारा आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए, जिन्हें उपस्थित लोगों ने सराहा। कार्यक्रम में मुख्य रूप से नताशा गोयल (आईपीएस, सहायक पुलिस अधीक्षक) तथा किरण जोशी, जो कि सुकीर्ति माधव की पत्नी हैं, ने भी सहभागिता की। इस अवसर पर महिलाओं के उत्थान और आत्मनिर्भरता को लेकर विचार साझा किए गए।

कार्यक्रम के दौरान आत्मनिर्भर एवं उद्यमी महिलाओं और प्रतिभाशाली बच्चों को उपहार एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। उद्यमी महिलाओं द्वारा अपने हाथों से तैयार किए गए अचार, कढ़ाई-बुनाई के वस्त्र तथा अन्य घरेलू उत्पादों के स्टॉल भी लगाए गए, जिन्हें लोगों ने सराहा।

कार्यक्रम के दौरान एक बुजुर्ग महिला ने आईपीएस अधिकारी नताशा गोयल को आशीर्वाद देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य और तरक्की की कामना की, जिसने कार्यक्रम में मौजूद लोगों को भावुक कर दिया। समारोह के अंत में सभी को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की शुभकामनाएं दी गईं और महिलाओं को आगे बढ़ाने के लिए ऐसे आयोजनों की आवश्यकता पर जोर दिया गया।

## महिला दिवस पर हुए कार्यक्रम में पात्रों को किया गया सम्मानित

**पीलीभीत।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर कलेक्ट्रेट स्थित गांधी सभागार में कार्यक्रम आयोजित किया गया। महिलाओं के सम्मान में आयोजित मुख्यमंत्री के लाइव प्रसारण को देखा गया। मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना से लाभान्वित सात लाभार्थियों को जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह एवं बरखेड़ा विधायक स्वामी प्रवक्तानंद ने प्रशस्ति पत्र एवं दो बच्चों को लेपटॉप वितरण कर सम्मानित किया। मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना की पांच कन्याओं को प्रशस्ति पत्र और बारह बच्चों को एजुकेशन किट देकर सम्मानित किया गया। महिलाओं के सम्मान में बरखेड़ा विधायक स्वामी प्रवक्तानंद ने कहा कि वर्तमान में महिला सुरक्षित महसूस कर पा रही हैं इसीलिए वह प्रत्येक क्षेत्र में अपना परचम लहरा रही हैं। महिलाएं वास्तव में समाज के सर्वांगीण विकास की नींव है।जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह ने कहा कि महिलाएं इतिहास से पुरुष के कंधे से कंधे मिलाकर चलती आई हैं।आज भी विकास के प्रत्येक क्षेत्र में अपना स्थान बनाये हुए हैं। सीडीपीओ अनीता चौधरी ने देश की प्रथम शिक्षिका सावित्रीबाई फुले की अमर गाथा गाकर अपनी भावनाओं को सभी के समक्ष रखा।केंद्र प्रसाशिका तृप्ति मिश्रा ने महिलाओं के लिए स्वरचित कविता कही हाँ मैं नारी हूँ सहती हूँ सहमती हूँ दिन भर काम काज करती हूँ फिर भी नहीं थकती हूँ मैं खुद में पूरे घर की जिम्मेदारी हूँ हाँ मैं नारी हूँ। कार्यक्रम में तीन ग्राम प्रधान निर्मला देवी औरैया,सावित्री देवी फूलहर, कुसुमलता गंगवार रामपुरा नब्बू, दो सभासद सुनीता सिंह एवं सीडीपीओ अनीता चौधरी को गिफ्ट देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर पर जिला विकास अधिकारी संजय कुमार मुख्य विकास अधिकारी आर के श्रीवास्तव, अपर जिलाधिकारी न्यायिक रोशनी यादव और डीसी एन.आर. एल. एम वंदना सिंह व महिला कल्याण विभाग के समस्त यूनिट के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।


बच्ची को सम्मानित करते हुए विधायक स्वामी प्रवक्ता नन्द

## रमजान में आसमान पर पहुंचे खजूर एवं फलों के भाव

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बिलसंडा।** रमजान में खजूर खाने का विशेष महत्व होने के साथ ही इसे स्वास्थ्य में लाभदायक भी माना जाता है।पूरे दिन अन्न-जल त्याग कर रोजा रखने वालों की इम्यूनिटी को बढ़ाने व ब्लड प्रेशर को कंट्रोल रखने के लिए रोजा इफ्तार के समय सबसे पहले खजूर का सेवन करते हैं,ऐसा मानना है।इसके बाद ही फल खाना व पानी का सेवन किया जाता है। लेकिन रमजान में लगातार खजूर के दामों में इजाफा देखने को मिल रहा है।

दो दिन में ही खजूर के भावों में 25-30 फीसदी तक का इजाफा हो चुका है। जबकि फलों के भाव भी आसमान छूने लगे हैं। रमजान में ही फलों एवं खजूर के दाम बढ़ने से सबसे अधिक परेशानी रोजेदारों को आ रही है।क्योंकि बिना खजूर रोजा इफ्तार नहीं किया जा सकता।खजूर सेवन से सुन्नत मानी जाती है।माना जाता है कि खजूर पैगंबर मोहम्मद को बेहद पसंद था, और उन्होंने खजूर खाकर ही रोजा खोला था। तभी से यह रिवायत जारी है।रमजान के महीने में खजूर की मांग करीब चार गुना बढ़ गई है।बाहर की मंडियों में खजूर व्यापारियों ने बताया कि रमजान में खजूर की डिमांड काफी बढ़ गई है।इस साल खजूर के दाम रमजान से पहले ही 25-30 प्रतिशत तक बढ़े हैं,लेकिन इससे इनकी बिक्री पर कोई खास फर्क नहीं पड़ा है। क्योंकि भाव कोई भी हो रमजान में लोग खजूर खरीदते ही हैं,जो खजूर का 500 ग्राम का पैकेट अब तक 100 या 120 रुपये बिकता था, वह इस समय मार्केट मे 200 रुपये से 250 तक पहुंच गया है, लेकिन लोगों को सबसे ज्यादा पसंद ईरानी खजूर आ रहा है जिसे कीमिया खजूर भी कहते हैं।इसके दाम भी ठीक-ठाक रहते हैं,और क्वालिटी भी अच्छी रहती है।इसीलिए कीमिया की डिमांड सबसे ज्यादा है।ईरान का कीमिया या शाहनी खजूर के साथ ही सउदी अरब के सफावी (कलमी) मरियम, मवरूम, अजवा, फरत, जॉर्डन के मैटजॉल खजूर खूब बिक रहे हैं।


मोहम्मद अंसार समाजसेवी बिलसंडा

वहीं इन दिनों सेब, संतरा ,अंगूर, पपीता और अनार की कीमतें भी रमजान के चलते आसमान छूने लगी है।भले ही रमजान में खजूर खाना पुण्य हो,लेकिन आमजन के लिए यह कोसों दूर है।बढ़ती महंगाई में गरीब तबके के लिए रमजान में फल और खजूर खाकर रोजा खोलना लोगों को मुश्किल हो रहा है। उधर फल विक्रेता नाजिम शाह का कहना है कि अंगूर, संतरा, पपीता और सेब के भाव भी काफी बढ़ गए हैं।

## संस्थापक का जन्मदिन धूमधाम से मनाएगी बसपा


बसपा की मीटिंग में करकताओं को सम्बोधित करते हुए

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** बहुजन समाज पार्टी के पदाधिकारियों और कार्यकताओं की मीटिंग मंडी समिति गेस्ट हाउस में आयोजित की गयी। बसपा के नेताओं ने पार्टी को बूथ स्तर तक मजबूत करने पर बल दिया। बसपा के संस्थापक मान्यवर काशीराम के 15मार्च को होने वाले जन्मदिन को धूमधाम से मनाये जाने का निर्णय लिया गया।बैठक में जोन कोर्डिनेटर अखिलेश अम्बेडकर, रणवीर कश्यप, रामसनेही गौतम, राजेश सागर, शमशुल कमर, प्रदीप सागर,निरंजन गौतम,अरविन्द तिवारी, लालता प्रसाद सागर,लोकेश,बसपा जिलाध्यक्ष मुन्ना कश्यप सहित तमाम लोग उपस्थित थे।

## युवती से छेड़छाड़ विरोध पर पीटा पुलिस से शिकायत

**पूरनपुर।** कोतवाली क्षेत्र के गांव में एक युवक घर में घुस आया। आरोप है कि युवती को गलत नीयत से जबरन पकड लिया। इसके बाद छेड़छाड़ की। विरोध पर पिटाई लगा कर आग लगाने की कोशिश की। शिकायत पुलिस से की गई है।

कोतवाली क्षेत्र के गांव निवासी एक महिला ने पुलिस को वताया कि सात मार्च को गांव निवासी एक युवक उसके घर में घुस आया। आरोप है कि उसकी पुत्री को गलत तरीके से दवोच लिया। इसके बाद जबरन छेंडछांड की, विरोध करने पर युवक गाली गलौज कर घर से भाग निकला।

इसके बाद युवक व उसके परिजन एक राय होकर उसके घर में घुस आए। महिला व उसकी पुत्री घर पर अकेली थी। महिला ने जब गाली गलौज का विरोध किया तो युवक महिला की पुत्री को खींच कर कमरे में ले जाने लगा।

## विद्या भारती ने आयोजित किया होली मिलन समारोह

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** विद्या भारती के तत्वाधान में पुरातन एवं वर्तमान छात्रों व आचार्यों सहित होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि न्यूरोसर्जन डॉ राकेश सिंह थे।

कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि कर्डियोलाजिस्ट डॉ भरत कंचन थे। इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष बृजेन्द्र भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में उपस्थित पुरातन छात्रों का परिचय नगर संयोजक अरविन्द वर्मा ने करवाया । मंच का संचालन एवं कार्यक्रम की प्रस्तावना जिला चिकित्सालय के रक्तकेंद्र लैब टेक्नीशियन दिग्विजय आर्य ने की ।

इस अवसर पर वतनदीप मिश्रा ने एकल गीत प्रस्तुत किया। सरस्वती वंदना एवं होली गीत का आयोजन संजीव पराशरी एवं कृष्णकुमार ने किया। कार्यक्रम में पुरातन छात्रों ने अपने अनुभवों को बांटा।प्रदेश कार्यकारणी सदस्य पूर्व छात्र परिषद ब्रज प्रांत आशुतोष आर्य ने अपने विचार रखे।डॉ. भरत कंचन एवं डॉ राकेश सिंह ने अपने सम्बोधन में अपने अनुभव भी साझा किये।कार्यक्रम में पुष्प गुच्छों से होली खेलने एवं होली मिलन का कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। सरस्वती विद्या मंदिर के प्रधानाचार्य सुभाष कुमार ने सभी का आभार व्यक्त कर कार्यक्रम का समापन किया। कार्यक्रम में संजीव गोस्वामी , प्रशांत , विनोद, हेमंत , चांदकी राम , विक्रांत मिश्रा, आकाश पाठक आदि छात्र उपस्थित रहे।


कार्यक्रम में उपस्थित पुरातन छात्र

## शिक्षामित्र वेलफेयर एसोसिएशन ने विधायक का किया सम्मान

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर।** सरकार द्वारा शिक्षामित्रों का मानदेय बढ़ाए जाने की घोषणा पर आदर्श समायोजित शिक्षक-शिक्षामित्र वेलफेयर एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने सरकार को धन्यवाद करते हुए क्षेत्रीय विधायक बाबूराम पासवान व जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि गुरुभाग सिंह का समारोह पूर्वक आभार व्यक्त किया।

रविवार को श्रीराम जानकी मंदिर में आदर्श समायोजित शिक्षक-शिक्षामित्र वेलफेयर एसोसिएशन के ब्लाक कार्यकारिणी के नेतृत्व में शिक्षामित्रों ने सरकार द्वारा मानदेय बढ़ाए जाने की घोषणा पर सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक बाबूराम पासवान एवं विशिष्ट अतिथि प्रदेश अध्यक्ष विश्वनाथ सिंह कुशवाहा और सम्मान समारोह की अध्यक्षता मंदिर के महंत बाबा राघवदास ने की। प्रदेश के मा. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने शिक्षामित्रों की मानदेय बढ़ाए जाने, कैशलेस सुविधा दिए जाने, स्थानांतरण आदि की घोषणा किए जाने पर सरकार को धन्यवाद करते हुए क्षेत्रीय विधायक बाबूराम पासवान का आभार व्यक्त किया। शिक्षामित्रों ने कहा कि भाजपा सरकार ने भले ही देर से मानदेय बढ़ाया, पर इतना बढ़ा दिया कि अब शिक्षामित्र अपने परिवार को चला सकते हैं और आगे भी उम्मीद की जा रही है कि भारतीय जनता पार्टी के लोकप्रिय सरकार शिक्षामित्र के संबंध में अन्य बड़े फैसके लेकर उनका और सम्मान बढ़ाएगी। संचालन शिक्षक संतोष कुमार पासवान ने किया। इसके अलावा शिक्षामित्रों ने जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि गुरुभाग सिंह का भी समारोह पूर्वक आभार व्यक्त किया गया।

सम्मान समारोह में सर्वेश कुमार स्वर्णकार, दिलनवाज खां, राधाकृष्ण कुशवाहा, मनोज पासवान, ओमप्रकाश कुशवाहा, प्रभुदयाल, सुरेशचंद्र राठौर, रंजीत सिंह, अमित शुक्ला, रामसनेही, योगेंद्र कुमार, वीरपाल पाल, राम शर्मा, सोयब मंसूरी, कामिल हुसैन, धर्मेंद्र कुमार, गौरव राठौर, जगदीश कुमार, सियाराम, सोनू, अनिल पाण्डेय आदि मौजूद रहे।


राम जानकी मंदिर में आदर्श शिक्षा मित्र संगठन के पदाधिकारी विधायक बाबूराम का सम्मान करते हुए

## तीन गांजा तस्कर गिरफ्तार

**अमरिया।** मादक पदार्थों की रोकथाम के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान में पुलिस को गश्त के दौरान घेराबंदी कर तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार करने में सफलता मिली है। उनके कब्जे से करीब साढे तीन किलो अवैध गांजा बरामद हुआ है। क्षेत्राधिकारी सदर नताशा गोयल के नेतृत्व में पुलिस टीम क्षेत्र में संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान ग्राम धुंधरी से भट्ठे की ओर जाने वाले रास्ते पर झाड़ियों के पास तीन संदिग्ध व्यक्ति दिखाई दिए। पुलिस ने तीनों को मौके पर ही दबोच लिया। पकड़े गए आरोपियों की पहचान मोहम्मद हसनैन निवासी हाजीपुरा, मोहम्मद साकिर और मोहम्मद फैसल निवासी ग्राम कैचूटांडा के रूप में हुई है। तलाशी में हसनैन के पास से 1 किलो 170 ग्राम, साकिर से 1 किलो 770 ग्राम और फैसल से 520 ग्राम अवैध गांजा बरामद हुआ। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे नशे के आदी हैं, और गांजे को बेचकर अपना व परिवार का भरण-पोषण करते हैं। पुलिस ने तीनों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/15 के तहत मुकदमा दर्ज कर आवश्यक विधिक कार्यवाही पूरी करने के बाद न्यायालय में पेश किया जा रहा है।


गांजा में पकड़े गये अभियुक्त

## घर में घुसकर महिला व बेटी से मारपीट

**पूरनपुर।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम रघुनाथपुर में एक महिला ने गांव के ही कुछ लोगों पर घर में घुसकर मारपीट, गाली-गलौज और छेड़छाड़ करने का आरोप लगाया है। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस से कार्रवाई की मांग की गई है। ग्राम रघुनाथपुर निवासी मीना देवी पत्नी रामेश्वर ने कोतवाली पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि 7 मार्च 2026 को सुबह करीब 4:30 बजे गांव का ही देवेंद्र पुत्र रामदीन उनके घर में घुस आया और उनकी पुत्री रीता को गलत नियत से दबोच लिया तथा अश्लील हरकतें करने लगा। विरोध करने पर आरोपी गाली-गलौज करते हुए वहां से भाग गया। तहरीर में यह भी आरोप लगाया गया है कि आरोपियों ने डीजल डालकर आग लगाने का भी प्रयास किया, लेकिन शोर सुनकर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंच गए, जिससे बड़ी घटना टल गई।

## मां पूर्णागिरि रवाना हुआ 35 साइकिल सवार श्रद्धालुओं का जत्था

**बिलसंडा।** राजा मोरध्वज की नगरी के रूप में प्रख्यात गांव मरौरी खास स्थित प्राचीन मां दुर्गा के मंदिर में पूजा अर्चना के उपरांत 35 साइकिल सवार श्रद्धालुओं का जत्था मां पूर्णागिरी धाम की यात्रा के लिए रवाना हुआ ,जिसे पूर्व सैनिक एवं समाजसेवी गुरनाम सिंह अनिल सिंह एवं मंदिर के पुजारी सुधाकर मिश्रा द्वारा पुष्पमाला पहनाकर रवाना किया गया। बता दें कि माता के प्राचीन मंदिर में सजदा करने के उपरांत होली के बाद प्रत्येक वर्ष अरसे से इसी तरह श्रद्धालुओ का जत्था माता पूर्णागिरि के दरबार में सजदा करने पहुंचता है। शनिवार को गांव के गणमान्य लोगों द्वारा आपसी प्रेम एवं एकता का संदेश देते हुए माला पहनाकर और फल भेंट कर रवाना किया गया । सेवानिवृत्त फौजी अनिल सिंह का कहना है कि इस साइकिल यात्रा का दूसरा उद्देश्य युवाओं की शारीरिक फिटनेस का ध्यान रखकर धर्म का सन्देश देना भी है, उन्होंने कहा कि नशा मुक्त युवा ही देश की शक्ति बनेंगे। साइकिल यात्रा जत्थे में मरौरी खास, ओड़ाझार, सिम्भुआ समेत ग्राम पंचयतों के श्रद्धालु शामिल हैं। श्रद्धालुओं में टीम की अगवाई प्रमुख रूप से , मनु सिंह ,, राजेश वर्मा, टिंकू कर रहे थे।


मरौरी में श्रद्धालुओं को रवाना करने से पहले तिलक करते हुए गुरनाम सिंह

## पूर्व राज्यमंत्री डॉ. विनोद तिवारी के आवास पर धूमधाम से हुआ होली मिलन समारोह

- जनता के बीच लोकप्रिय नेता के रूप में अपनी अलग पहचान रखते हैं डॉ. विनोद तिवारी

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर।** प्रदेश से लेकर जिले तक एक लोकप्रिय और सक्रिय नेता के रूप में पहचान रखने वाले पूर्व राज्यमंत्री डॉ. विनोद तिवारी का नाम किसी परिचय का मोहताज नहीं है। लंबे समय तक राजनीति और जनसेवा से जुड़े रहने के कारण क्षेत्र में उनकी मजबूत पकड़ और अलग पहचान बनी हुई है। विधायक और राज्यमंत्री रहते हुए उन्होंने क्षेत्र के विकास के लिए कई महत्वपूर्ण कार्य कराए, जिसके चलते आज भी क्षेत्र की जनता उनके प्रति सम्मान और भरोसा व्यक्त करती है।

सामाजिक और राजनीतिक कार्यक्रमों में उनकी मौजूदगी लोगों को एक मंच पर जोड़ने का काम करती है।इसी क्रम में रविवार को उन्होंने अपने ग्राम कुरैया खुर्द कलां स्थित आवास पर होली मिलन समारोह का आयोजन किया, जिसमें जनप्रतिनिधियों, भाजपा नेताओं और बड़ी संख्या में क्षेत्रीय लोगों ने पहुंचकर एक-दूसरे को होली की शुभकामनाएं दीं और आपसी भाईचारे का संदेश दिया।सेहरामऊ उत्तरी थाना क्षेत्र के ग्राम कुरैया खुर्द कलां में रविवार को पूर्व राज्यमंत्री डॉ. विनोद तिवारी के आवास पर होली मिलन समारोह का भव्य आयोजन किया गया। समारोह में जनप्रतिनिधियों, भाजपा नेताओं, विभिन्न सामाजिक संगठनों के पदाधिकारियों तथा क्षेत्र के सैकड़ों लोगों ने भाग लेकर एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगाकर होली पर्व की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम के दौरान पूरे क्षेत्र में उत्साह और उमंग का माहौल देखने को मिला।कार्यक्रम में मुख्य रूप से के भाजपा विधायक बाबूराम पासवान ने पहुंचकर लोगों से मुलाकात की और होली की बधाई दी। उन्होंने कहा कि होली भारतीय संस्कृति का प्रमुख त्योहार है, जो समाज में आपसी प्रेम, सौहार्द और भाईचारे का संदेश देता है। ऐसे आयोजनों से लोगों को एक-दूसरे से मिलने और रिश्तों को मजबूत करने का अवसर मिलता है। उन्होंने सभी से मिलजुलकर शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में होली मनाने की अपील भी की।होली मिलन समारोह में भाजपा नेता रवि गुप्ता, बृजेश गुप्ता पूर्व ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि आशुतोष दीक्षित राजू, कुंवर धर्मेंद्र सिंह चौहान, पूर्व ब्लाक प्रमुख अजय भारती, पूर्व प्रधान अनुपम बाजपेपेई, नवनीत मिश्रा, हर्ष प्रधान,विवेक तिवारी, शोभित शुक्ला डायरेक्टर,मानस शुक्ला, संतोष सिंह, मुनेंद्र पाल सागर सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।


होली मिलन समारोह में मौजूद पूर्व राज्य मंत्री डॉ विनोद तिवारी विधायक बाबूराम पासवान

### राजनीतिक विरासत को आगे बढ़ाने की तैयारी, बेटे-बहू को दे रहे जिम्मेदारी


*पूर्व राज्यमंत्री डॉ. विनोद तिवारी का पिछले कुछ समय से उनका स्वास्थ्य भी पहले की तरह ठीक नहीं रहता है। लंबे समय तक सक्रिय राजनीति में रहकर क्षेत्र की सेवा करने वाले डॉ. तिवारी अब धीरे-धीरे राजनीतिक और सामाजिक जिम्मेदारियां नई पीढ़ी बेटे और बहू को सौंपते नजर आ रहे हैं।इसी क्रम में वह अपने बेटे अक्षत तिवारी और पुत्रवधू पंखुड़ी तिवारी को राजनीति में आगे बढ़ा रहे हैं। क्षेत्र में आयोजित होने वाले विभिन्न सामाजिक कार्यक्रमों, जनसंपर्क अभियानों और सार्वजनिक आयोजनों में दोनों की सक्रिय भागीदारी देखने को मिल रही है। कई मौकों पर वे क्षेत्रीय लोगों से मिलकर उनकी समस्याएं सुनते और सामाजिक कार्यक्रमों में हिस्सा लेते नजर आते हैं।राजनीतिक जानकारों का मानना है कि डॉ. विनोद तिवारी के अनुभव और मार्गदर्शन में नई पीढ़ी को राजनीति में आगे लाने की यह पहल आने वाले समय में क्षेत्रीय राजनीति में अहम भूमिका निभा सकती है। वहीं समर्थकों का कहना है कि डॉ. तिवारी का अनुभव और जनाधार नई पीढ़ी के लिए मजबूत आधार साबित होगा।*

कार्यक्रम में पहुंचे लोगों ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं और पारंपरिक तरीके से इस पर्व की खुशियां साझा कीं। समारोह के दौरान लोगों ने एक-दूसरे के साथ बैठकर आपसी चर्चा की और सामाजिक एकता तथा भाईचारे को मजबूत करने का संदेश दिया।इस अवसर पर समारोह में मौजूद पूर्व राज्यमंत्री डॉ. विनोद तिवारी उनके पुत्र अक्षत तिवारी और पुत्रवधू पंखुड़ी तिवारी ने सभी अतिथियों का स्वागत और अभिनंदन करते हुए कहा कि होली का पर्व समाज में आपसी मेलजोल और सद्भावना को बढ़ाने का अवसर प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि इस तरह के सामाजिक आयोजनों से लोगों के बीच दूरी कम होती है और समाज में एकजुटता का भाव मजबूत होता है। उन्होंने सभी को होली की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए सुख, शांति और समृद्धि की कामना की।समारोह के दौरान बड़ी संख्या में क्षेत्रीय लोग, सामाजिक कार्यकर्ता और युवा भी मौजूद रहे। सभी ने पूरे उत्साह और उमंग के साथ होली मिलन समारोह का आनंद लिया। कार्यक्रम के अंत में सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया गया।

# समापन समारोह में रिकी मार्टिन, सुखबीर और फाल्गुनी ने बांधा समां, संगीतमय हुआ अहमदाबाद







**अहमदाबाद (एजेंसी)।** टी20 विश्व कप 2026 के समापन समारोह में रिकी मार्टिन, सुखबीर और फाल्गुनी पाठक ने समां बांधा और अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में दर्शकों का मनोरंजन किया। समापन समारोह भारत और न्यूजीलैंड के बीच मैच से ठीक पहले आयोजित हुआ। इस दौरान अहमदाबाद में भारी संख्या में दर्शक स्टेडियम में मौजूद रहे। यहां तक की आईसीसी अध्यक्ष जय शाह भी समारोह का आनंद लेते हुए नजर आए। जय शाह परिवार के साथ मैच का आनंद लेने पहुंचे।

समापन समारोह में फाल्गुनी पाठक ने अपनी प्रस्तुति से दर्शकों का मनोरंजन किया। इसके बाद सुखबीर ने परफॉर्म किया। सुखबीर ने 'जब तारे गिन-गिन याद में तेरे' गाने की शुरूआत की तो नरेंद्र मोदी स्टेडियम में दर्शक खुशी से झूम उठे। सुखबीर के साथ-साथ ये गाना स्टेडियम में बैठे सभी दर्शकों ने गुनगुनाया जिससे अहमदाबाद में माहौल संगीतमय हो गया।

भारत के खिलाफ न्यूजीलैंड ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया है। कीवियों ने प्लेइंग-11 में एक बदलाव किया है। स्पिनर कोल मैककॉन्की की जगह जैकब डफी को जगह दी है। वहीं, भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव ने कहा कि वह पहले बल्लेबाजी करके खुश हैं। भारतीय प्लेइंग-11 में कोई बदलाव नहीं है

## पॉप स्टार रिकी मार्टिन क्लोजिंग सेरेमनी में परफॉर्म करेंगे

- 2 ग्रैमी अवॉर्ड जीते, अहमदाबाद में फाइनल से पहले टीम इंडिया ने होटल बदला

**अहमदाबाद (एजेंसी)।** इंटरनेशनल पॉप सुपरस्टार रिकी मार्टिन, पंजाबी पॉप सिंगर सुखवीर और फाल्गुनी पाठक टी-20 वर्ल्ड कप की क्लोजिंग सेरेमनी में परफॉर्म करेंगे। यह परफॉर्मेंस भारत और न्यूजीलैंड के बीच 8 मार्च को फाइनल से पहले होगी। फाइनल मैच अहमदाबाद नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेला जाएगा।



आईसीसी ने एक सोशल पोस्ट में बताया कि मार्टिन की लाइव परफॉर्मेंस शाम 5:30 बजे से शुरू होगी। आईसीसी ने एक्स पोस्ट में लिखा- 'हमें यह घोषणा करते हुए बेहद खुशी हो रही है कि ग्लोबल आइकन और सुपरस्टार रिकी मार्टिन आईसीसी मेंस टी-20 वर्ल्ड कप 2026 के फाइनल से पहले होने वाली क्लोजिंग सेरेमनी के हेडलाइन परफॉर्मर होंगे। यह एक ऐसा शानदार जश्न होगा, जिसे आप बिल्कुल मिस नहीं करना चाहेंगे।

**जनरल हॉस्पिटल में काम कर चुके हैं मार्टिन-** रिकी मार्टिन 'लिविन' ला विडा लोका' और 'द कप ऑफ लाइफ' जैसे हिट गानों के लिए जाने जाते हैं। सिंगिंग के साथ-साथ रिकी मार्टिन टीवी और लाइव स्टेज शो भी करते हैं। उन्होंने 1994-95 में टीवी शो 'जनरल हॉस्पिटल' में काम किया था।

## पश्चिम एशिया जंग से भारत में नहीं होगी उर्वरक की कमी, युद्ध लंबा खिंचा तो गहरा सकता है संकट

**नई दिल्ली (एजेंसी)। देश** में फिलहाल किसानों के लिए उर्वरक की पर्याप्त उपलब्धता है, लेकिन अगर पश्चिम एशिया में चल रहा संघर्ष लंबे समय तक जारी रहता है तो आने वाले महीनों में समस्या पैदा हो सकती है। यह जानकारी सरकारी कंपनी फर्टिलाइजर्स एंड केमिकल्स त्रावणकोर लिमिटेड (फैक्ट) के एक वरिष्ठ अधिकारी ने दी है।



फैक्ट दक्षिण भारत के राज्यों में उर्वरक की बड़ी आपूर्तिकर्ता कंपनी है। कंपनी उर्वरक बनाने के लिए रॉक फॉस्फेट और फॉस्फोरिक एसिड जैसे कच्चे माल पर निर्भर करती है, जो पश्चिम एशिया और मध्य पूर्व के कई देशों से समुद्री मार्ग के जरिए भारत लाया जाता है।

कंपनी के प्रबंध निदेशक एस. सक्तिमणि ने बताया कि फिलहाल देश में यूरिया की पर्याप्त उपलब्धता है और खरीफ सीजन के लिए कोई समस्या नहीं होगी। उन्होंने उम्मीद जताई कि युद्ध की स्थिति एक महीने के अंदर सामान्य हो सकती है। एस. सक्तिमणि के अनुसार वर्तमान में भारत में कोई फसल कटाई का मौसम नहीं है, और यह जुलाई के बाद ही शुरू होगा। उन्होंने आश्वस्त किया कि खरीफ मौसम के लिए यूरिया की पर्याप्त उपलब्धता है और उम्मीद है कि युद्ध की स्थिति एक महीने के भीतर सुलझ जाएगी। इससे किसानों को कोई समस्या नहीं होगी।

हालांकि उन्होंने चेतावनी दी कि अगर यह स्थिति छह महीने तक बनी रहती है तो अगले फसल सीजन, यानी रबी सीजन में उर्वरक की सप्लाई पर असर पड़ सकता है। इस संभावना को देखते हुए सरकार और कंपनियां पहले से ही जरूरी कदम उठा रही हैं। फैक्ट न केवल मध्य पूर्व से, बल्कि ऑस्ट्रेलिया से भी गैस प्राप्त करती है। वर्तमान में गैस आपूर्ति में कोई बड़ी समस्या नहीं है, हालांकि कुछ स्थानों पर अस्थिरता है, लेकिन यह उर्वरक क्षेत्र के लिए चिंता का विषय नहीं है। अधिकारी ने यह भी बताया कि केंद्र सरकार ने विभिन्न कंपनियों से डाई-अमोनियम फॉस्फेट (DAP) और डबल सुपर फॉस्फेट (DSP) के स्टॉक की खरीद कर ली है, जिससे कोई समस्या उत्पन्न नहीं होगी।

बताया गया है कि अभी कंपनी के पास करीब 1.4 लाख मीट्रिक टन उर्वरक का स्टॉक है। मार्च और अप्रैल 2026 के दौरान कंपनी लगभग 1.5 लाख मीट्रिक टन उर्वरक का उत्पादन करने की स्थिति में है। कंपनी का लक्ष्य सितंबर 2026 तक खरीफ सीजन के लिए लगभग 5.5 लाख मीट्रिक टन उर्वरक का उत्पादन करना है, जबकि करीब 1 लाख मीट्रिक टन उर्वरक आयात करने की भी योजना है। कंपनी ने कहा कि किसानों को घबराने की जरूरत नहीं है। सरकार के सहयोग से उर्वरक की सप्लाई बनाए रखने के लिए हर संभव कदम उठाए जा रहे हैं।

बता दें कि भारत में खरीफ की फसलें जून-जुलाई में मानसून के आगमन के साथ बोई जाती हैं और सितंबर-अक्तूबर में काटी जाती हैं, जबकि रबी की फसलें अक्तूबर -नवंबर में बोई जाती हैं और अप्रैल-मई तक काटी जाती हैं। यूरिया का उपयोग दोनों मौसमों में पैदावार बढ़ाने के लिए व्यापक रूप से किया जाता है।

## सरकार ने निर्यातकों को राहत देने के लिए उठाया कदम; पोर्ट शुल्क में मिलेगी छूट

**नई दिल्ली। (एजेंसी)।** अमेरिका-इस्राइल और ईरान के बीच पश्चिम एशिया में जारी जंग के बीच भारतीय निर्यातकों के लिए बड़ी खबर है। सरकार ने निर्यात से जुड़े अनुपालनों की समयसीमा बढ़ाने का फैसला किया है। इसके साथ ही बंदरगाहों पर शुल्क में छूट के लिए भी नए एसओपी जारी किए गए हैं। पश्चिम एशिया में चल रहे भू-राजनीतिक तनाव और वैश्विक आपूर्ति शृंखला में आए व्यावधान के बीच सरकार ने निर्यातकों को राहत देने का मन बनाया है। इस बारे में सरकार की ओर से शनिवार को कुछ बड़े एलान किए गए। पिछले महीने ईरान पर अमेरिका और इस्राइल के साझा हमले के बाद व्यापारिक जहाजों की आवाजाही बुरी तरह प्रभावित हुई है। इस चुनौतीपूर्ण माहौल में निर्यातकों को असमंजस की स्थिति का सामना करना पड़ रहा है। अब उन्हें भारी नुकसान से बचाने के लिए वाणिज्य और शिपिंग मंत्रालयों ने उनके लिए अनुपालन की समयसीमा बढ़ाने और बंदरगाह शुल्कों में छूट देने का जरूरी फैसला किया है।

अमेरिका और इस्राइल की ओर से ईरान पर हमला और उसके सर्वोच्च नेता आयातुल्ला खामेनेई की मौत के बाद पश्चिम एशिया में राजनीति के साथ-साथ व्यापारिक माहौल भी तनावपूर्ण हो गया। लड़ाई के बाद बीते एक हफ्ते में समुद्री और हवाई दोनों ही तरह के मालभाड़े में भारी इजाफा हुआ है। इसके साथ ही बीमा कंपनियों ने प्रीमियम भी बढ़ा दिया है। यदि यही हालात लंबे समय तक तक बनी रहती है, तो वैश्विक बाजार में भारतीय उत्पादों कीमत से जुड़ी प्रतिस्पर्धा खतरे में पड़ सकती है।

जनवरी के आंकड़ों पर गौर करें तो, देश का निर्यात महज 0.61 प्रतिशत बढ़कर 36.56 बिलियन डॉलर रहा है और देश का व्यापार घाटा तीन महीने के उच्चतम स्तर 34.68 अरब डॉलर पर पहुंच गया है। इसके अलावा, लड़ाई शुरू होने के पहले से ही अमेरिकी टैरिफ के कारण निर्यातकों को टैरिफ की दोहरी मार झेलनी पड़ रही है।

ऑथराइजेशन की समयसीमा में विस्तारः 1 मार्च 2026 से 31 मई 2026 के बीच समाप्त होने वाले एडवांस ऑथराइजेशन और ईपीसीजी ऑथराइजेशन की समयसीमा बिना किसी कंपोजिशन फीस के 31 अगस्त 2026 तक बढ़ा दी गई है।

ईपीसीजी स्कीम का फायदाः ईपीसीजी (एक्सपोर्ट प्रमोशन कैपिटल गुड्स) योजना के तहत घरेलू कंपनियों को ड्यूटी-फ्री मशीनें आयात करने की अनुमति होती है, जिसके एवज में उन्हें तय निर्यात दायित्व पूरे करने होते हैं। यह नई मोहलत मौजूदा फॉरेन ट्रेड पॉलिसी के तहत मिलने वाली सुविधाओं के अतिरिक्त है।

केंद्रीय बंदरगाह, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय ने संकट से निपटने के लिए एक विस्तृत मानक संचालन प्रक्रिया(एसओपी) लागू किया है:

शुल्क में कटौती और छूटः मंत्रालय ने बंदरगाहों को निर्देश दिया है कि वे मौजूदा परिस्थितियों के आधार पर स्टोरेज रेंट (भंडारण किराया) और चेंज ऑफ वेसल चार्ज को कम करने या पूरी तरह माफ करने पर विचार करें।

फास्ट-ट्रैक समाधानः हर पोर्ट पर विभागाध्यक्ष (एचओडी) या उप-विभागाध्यक्ष स्तर का एक नोडल अधिकारी नियुक्त होगा, जिसकी जिम्मेदारी 24 से 72 घंटे के भीतर हितधारकों की समस्याओं का समाधान करना होगी।

स्टोरेज और प्रायोरिटी हैंडलिंगः मध्य पूर्व जाने वाले माल को 'ट्रांसशिपमेंट कार्गो' के रूप में स्टोर करने की अनुमति दी जाएगी और जरूरत पड़ने पर अतिरिक्त जगह उपलब्ध कराई जाएगी। इसके साथ ही, खराब होने वाले माल और मध्य पूर्व से लौट रहे निर्यात कार्गो को प्राथमिकता के आधार पर हैंडल किया जाएगा।

कस्टम्स के साथ समन्वयः कस्टम्स विभाग के साथ मिलकर पोर्ट परिसर में पड़े निर्यात कार्गो के 'बैक टू टाउन' मूवमेंट को तेज किया जाएगा।

पश्चिम एशिया संकट के बीच सरकार द्वारा उठाए गए ये कदम बताते हैं कि नीति निमार्ता लॉजिस्टिक्स बाधाओं के प्रति बेहद सतर्क हैं। बंदरगाहों को कस्टम्स और डीजीएफसी जैसी एजेंसियों के साथ तय समयसीमा में समन्वय करने का निर्देश दिया गया है।

## कोडी रोड्स बने नए अनडिस्प्यूटेड चैंपियन!

### ड्रू मैकिन्टायर को दी पटखनी, रेसलमेनिया 42 में रैंडी ऑर्टन से होगा महा-मुकाबला

**रेसलमेनिया (एजेंसी)।** डब्ल्यूडब्ल्यूई स्मैकडाउन के 6 मार्च के एपिसोड में इतिहास रच दिया गया। एक हाई-वोल्टेज मेन इवेंट मुकाबले में कोडी रोड्स ने द स्कॉटिश वॉरियर ड्रू मैकिन्टायर को हराकर अनडिस्प्यूटेड डब्ल्यूडब्ल्यूई चैंपियनशिप अपने नाम कर ली है। इस जीत के साथ ही कोडी रोड्स का रास्ता अब सीधे रेसलमेनिया 42 के लिए साफ हो गया है।



**मैकिन्टायर का दबदबा और कोडी का पलटवार-** मैच की शुरुआत से ही ड्रू मैकिन्टायर बेहद आक्रामक नजर आए। पिछले हफ्ते एलिमिनेशन चैंबर में कोडी रोड्स को मौका गंवाने पर मजबूर करने वाले मैकिन्टायर इस बार उन्हें पूरी तरह खत्म करने के इरादे से उतरे थे। उन्होंने रिंग के बाहर कोडी की पीठ पर जबरदस्त हमला किया और मैच के एक बड़े हिस्से में अपना नियंत्रण बनाए रखा। हालांकि, कोडी ने अपनी फुर्ती का इस्तेमाल करते हुए कोडी कटर के जरिए मैच में वापसी की।

### मैच का टर्निंग पॉइंट

मुकाबला तब और रोमांचक हो गया जब मैकिन्टायर ने कोडी को रिंग के बाहर टेबल पर पावरबॉम्ब दे दिया। मैकिन्टायर ने कोडी पर उन्हीं का दांव क्रॉस रोड्स भी आजमाया, लेकिन कोडी ने किक-आउट कर दिया। मैच के अंत में जब रेफरी गलती से नॉकआउट हो गया, तब मैकिन्टायर ने कोडी पर चेयर से हमला करने की कोशिश की। तभी जैकब फाटू ने अचानक आकर मैकिन्टायर को रोक दिया। इस दखल का फायदा उठाते हुए कोडी रोड्स ने कोडी कटर और क्रॉस रोड्स का कॉम्बो लगाकर जीत हासिल की।

**रेसलमेनिया 42, अब रैंडी ऑर्टन से होगी भिड़ंत-** इस ऐतिहासिक जीत के साथ कोडी रोड्स अब अनडिस्प्यूटेड चैंपियन के रूप में शो ऑफ शोज यानी रेसलमेनिया 42 में कदम रखेंगे।

## प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट के दावेदारों की घोषणा, 4 खिलाड़ी जिनका प्रदर्शन दमदार रहा

### आईसीसी ने प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट के दावेदारों में नहीं दी जगह



**नईदिल्ली (एजेंसी)।** आईसीसी ने टी20 विश्व कप 2026 के प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट के दावेदारों की घोषणा कर दी है। इसमें इंग्लैंड के विल जैक्स, भारत के संजू सैमसन, पाकिस्तान के साहिबजादा फरहान, अमेरिका के शैडली वैन शाल्कविक के साथ साउथ अफ्रीका के एडेन मार्करम और लुंगी एनगिडी शामिल हैं। न्यूजीलैंड के रचिन रविंद्र और टिम सिफर्ट भी प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट बनने की रेस में हैं। हालांकि आईसीसी ने कई ऐसे खिलाड़ियों को इग्नोर किया है, जिनका प्रदर्शन भी काफी दमदार रहा है।

**हार्दिक पंड्या- 8 विकेट और 199 रन-** 8 मैचों में हार्दिक पंड्या ने भारत के लिए 8 विकेट लिए हैं। सेमीफाइनल में उन्होंने भी कमाल की बॉलिंग की थी। बल्लेबाजी में हार्दिक के बल्ले से दो अर्धशतक की मदद से 199 रन निकले हैं। प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट की रेस में आने के लिए हार्दिक और क्या कर दें।

**फिन एलन- 289 रन-** टिम सिफर्ट प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट की रेस में हैं लेकिन फिन एलन नहीं हैं। 7 पारियों में एलेन ने 289 रन बनाए हैं। उनका स्ट्राइक रेट 203 का है। वह टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा 20 छक्के मारने वाले बल्लेबाज भी हैं।

- ऑल इंग्लैंड बैडमिंटन चैंपियनशिप

तीसरी बार टॉप-4 में एंट्री

## लक्ष्य सेन सेमीफाइनल में पहुंचे

- नंबर-1 के बाद नंबर-6 रैंक प्लेयर को हराया

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** भारत के लक्ष्य सेन ने शानदार खेल दिखाते हुए ऑल इंग्लैंड बैडमिंटन चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में एंट्री कर ली। उन्होंने चीन के पूर्व चैंपियन और वर्ल्ड नंबर-6 ली शिफेंग को सीधे गेम में हराया। लक्ष्य ने तीसरी बार टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में एंट्री की है। उन्होंने पहले राउंड में वर्ल्ड नंबर-1 चीन के शी यूकी को हराया था। टूर्नामेंट की इनामी राशि 14,50,000 अमेरिकी डॉलर है।

**ली शिफेंग को 21-12, 21-16 से हराया-** दुनिया के नंबर-12 खिलाड़ी और 2022 के रनर-अप लक्ष्य ने दुनिया के नंबर-6 प्लेयर ली शिफेंग को एक घंटे चले मुकाबले में 21-12, 21-16 से हराया। अब उनका मुकाबला सेमीफाइनल में कनाडा के विक्टर



लाई से होगा। विक्टर ने अन्य क्वार्टरफाइनल में जापान के कोकी वतानाबे को 18-21, 21-17, 21-15 से मात दी। मुकाबला शनिवार शाम 4.30 बजे से शुरू होगा।

**लंबी रैली के बावजूद अच्छा खेल जारी रखा-** मैच के बाद लक्ष्य ने कहा, मैं दोनों गेम में अपने खेल से खुश हूं। शिफेंग ने भी अच्छा खेला। लंबी रैलियां हुईं और हम दोनों थक रहे थे, लेकिन मैंने लंबी रैलियों के बाद भी अच्छा खेल जारी रखा। उन्होंने कहा, कोच ने कहा था कि लंबी रैलियों के बाद ज्यादा तैयार रहो, क्योंकि वह भी थक रहा है, इसलिए आसान गलती मत करो।

### शिफेंग के ओवरहेड क्रॉसकोर्ट स्मैश को पढ़ने में दिक्कत हुई

मैच में लक्ष्य ने आत्मविश्वास के साथ शुरुआत करते हुए 4-1 की बढ़त बनाई और आक्रामक खेल से इसे 10-4 तक पहुंचाया। ब्रेक तक वे 11-6 से आगे थे। हालांकि, उन्हें शिफेंग के ओवरहेड क्रॉसकोर्ट स्मैश को पढ़ने में थोड़ी दिक्कत हुई, फिर भी उन्होंने 15-11 की बढ़त बना ली। शिफेंग ने लंबी रैली जीतकर स्कोर 13-15 किया, लेकिन लक्ष्य ने नेट कॉर्ड की मदद से बढ़त 18-13 कर दी और पहला गेम 24 मिनट में अपने नाम किया।

## चेस छोड़ पोकर से जीते 2.4 करोड़

### ग्रैंडमास्टर के शोषण का सच बोलने पर फेडरेशन ने किया था जलील, अब दोनों खेलों पर किताबें लिख रहीं



**न्यूयॉर्क (एजेंसी)।** अमेरिकी महिला चेस चैम्पियन रहीं जेनिफर शहाडे ने हाल ही में एक बड़े पोकर टूर्नामेंट में करीब 2.4 करोड़ रुपए जीते हैं। हालांकि अब वे चेस से पूरी तरह दूरी बना चुकी हैं। दो बार की अमेरिकी महिला चेस चैम्पियन जेनिफर शहाडे ने फरवरी 2023 में एक ऐसा खुलासा किया था, जिसने शतरंज की शांत और गंभीर मानी जाने वाली दुनिया में भूचाल ला दिया।

- **फ्रांस में 100 महिला खिलाड़ियों ने लगाए आरोप-** शहाडे की इस पहल का असर दुनिया भर में दिखा। फ्रांस में 100 से ज्यादा महिला खिलाड़ियों ने शोषण और लिंगभेद के खिलाफ ओपन लेटर लिखा। मैग्नस कार्लसन की बहन एलेन कार्लसन ने भी कहा कि शहाडे की पोस्ट के बाद वे अपने साथ हुए कथित उत्पीड़न की शिकायत दर्ज करा सकीं।
- **यूएस फेडरेशन ने नोटिस भेजा, धमकाया-** हालांकि शहाडे के लिए यह सच सामने लाना आसान नहीं था। उन्होंने बताया कि 2020 से 2022 के बीच उन्होंने यूएस फेडरेशन को रामिरेज के खिलाफ कई बार आगाह किया था, लेकिन उन्हें नजरअंदाज कर जलील किया गया। बाद में उन्हें फेडरेशन की तरफ से कानूनी नोटिस भी भेजा गया कि वे युवा खिलाड़ियों से संपर्क न करें। फेडरेशन के रवैये, धमकियों और अपनी साख पर उठते सवालों के कारण उन्होंने अंतत: यूएस चेस छोड़ दिया।
- **चेस में महिलाओं की भागीदारी बेहद कम-** शतरंज में महिलाओं की भागीदारी हमेशा से कम रही है। अब भी क्लासिकल चेस खेलने वालों में सिर्फ 11त्न और ग्रैंडमास्टर्स में केवल 2 प्रतिशत महिलाएं हैं।

## इंडिया-ऑस्ट्रेलिया विमेंस टेस्ट

### भारतीय पारी 198 रन पर सिमटी

- जेमिमा की फिफ्टी, एनाबेल सदरलैंड ने 4 विकेट लिए, ऑस्ट्रेलिया का स्कोर 98/3



**पर्थ (एजेंसी)।** पर्थ में खेले जा रहे एकमात्र महिला डे-नाइट टेस्ट के पहले दिन जेमिमा रोड्रिग्स के अर्धशतक के बावजूद भारतीय टीम 198 रन पर ऑलआउट हो गई। ऑस्ट्रेलिया की तेज गेंदबाज एनाबेल सदरलैंड और डेब्यूटेंट लूसी हैमिल्टन की स्विंग गेंदबाजी के सामने भारतीय बल्लेबाज टिक नहीं सके। इसके जवाब में ऑस्ट्रेलिया ने पहले दिन का खेल खत्म होने तक 3 विकेट खोकर 96 रन बना लिए हैं। एलिस पेरी 43 रन और एनाबेल सदरलैंड 20 रन बनाकर खेल रही हैं। वह पहली पारी में भारत के स्कोर 102 रन पीछे है।

**भारत की खराब शुरुआत-** पहले बल्लेबाजी करने उतरी भारत की शुरुआत खराब रही। टीम ने 18 रन के कुल स्कोर पर स्मृति मंधाना का विकेट गंवा दिया। स्मृति को लुसी हैमिल्टन ने क्लीन बोल्ड किया।

# अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस: सीएम योगी बोले- बेटियों की सुरक्षा में सेंध लगाने वालों को धरती पर जगह नहीं मिलेगी

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर आयोजित रोजगार महाकुंभ 2026 को संबोधित करते हुए कहा कि बेटियों में खूब आत्मविश्वास होता है। उन्हें समान अवसर मिलने चाहिए। इसके लिए जरूरी है कि उन्हें सुरक्षा मिले। प्रदेश में अब कानून का राज है। बेटियों की सुरक्षा में सेंध लगाने वालों को धरती पर जगह नहीं मिलेगी। अगर किसी शोहदे ने बेटियों से अभद्रता की तो चौराहे पर यमराज के दूत उसका टिकट काटने के लिए बैठे हैं। सीएम योगी ने कहा कि कन्या सुमंगला योजना से प्रदेश की करीब 27 लाख बेटियां लाभांवित हो रही हैं। अब बेटियां किसी पर बोझ नहीं हैं। बेटी पैदा होती है और उसका नाम रजिस्टर में चढ़ता है तो उसके अकाउंट में पैसे आ जाते हैं। बेटियां किसी पर अब निर्भर नहीं रहेंगी।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में रविवार को राजधानी में आयोजित राज्यस्तरीय कार्यक्रम में नारी शक्ति का सम्मान किया। महिला सशक्तीकरण के लिए राज्य सरकार द्वारा इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित इस कार्यक्रम में न सिर्फ आधी आबादी का सम्मान किया गया, बल्कि उन्हें रोजगार के नए अवसर भी मिले। मुख्यमंत्री ने विभिन्न योजनाओं के तहत लाभार्थी महिलाओं को चेक, नियुक्ति पत्र व आयुष्मान कार्ड प्रदान किए। सीएम ने आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के लिए 38.49 करोड़ रुपये की धनराशि का डीबीटी अंतरण भी किया। उन्होंने इस मौके पर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के



जरिए विभिन्न योजनाओं की लाभार्थी महिलाओं से संवाद भी स्थापित किया।

उन्होंने कहा कि प्रदेश में बेटियों को विकास के समान अवसर उपलब्ध करवाए जा रहे हैं। 1947 से 2017 तक उत्तर प्रदेश पुलिस में महिला कर्मियों की संख्या करीब 10 हजार थी जो कि अब 44 हजार से ज्यादा हो गई हैं। उन्होंने कहा कि बेटियों में अब खूब आत्मविश्वास है। उन्होंने अभिभावकों से बेटियों को पढ़ाने की अपील की है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आंगनबाड़ी कार्यकताओं के बीमा प्रीमियम व साड़ी/वर्दी के लिए 38.49 करोड़ रुपये डीबीटी के माध्यम से खाते में ट्रांसफर किए। इसमें साड़ी-वर्दी के लिए 29.59 करोड़ रुपये तथा बीमा प्रीमियम की 8.90 करोड़ रुपये की धनराशि अंतरित की गई। सीएम योगी ने नेहा दुबे, मानसी साहू, पूनम तिवारी, मनोरमा मिश्रा को साड़ी और सेवा मित्र आकांक्षा (ब्यूटीशियन) व रत्ना भारती को यूनिफॉर्म प्रदान कीं। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर रोजगार संगम पोर्टल के मोबाइल ऐप का शुभारंभ भी किया।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शानवी गुप्ता, काव्या कश्यप, नैंसी रावत, साक्षी कुमारी, अभिश्री गुप्ता व शायरा बानो को चेक देकर सम्मानित किया। मुख्यमंत्री ने इन बच्चियों से बातचीत की, उन पर अपना स्नेह बरसाया और उन्हें उपहार भी दिए।

सीएम योगी ने सराहनीय कार्य करने वाली महिलाकर्मियों का भी सम्मान किया। उन्होंने महिला कल्याण विभाग की छाया बड़वल (बरेली) व उमैरा मेराज (लखनऊ) और महिला सुरक्षा में उत्कृष्ट कार्य करने वाली पुलिस निरीक्षक नीलम राणा, मुख्य आरक्षी वेदवती व शिमला सिंह को सम्मानित किया। इसी क्रम में मुख्यमंत्री ने बाल विवाह की रोकथाम तथा 181 महिला हेल्पलाइन में उत्कृष्ट कार्य करने वाली कुमारी नैंसी (फतेहपुर), पायल (बागपत) और लखनऊ की स्नेहलता व दीप्ति को भी सम्मानित किया। सीएम योगी ने सभी को प्रशस्ति पत्र के साथ बधाई व शुभकामनाएं दीं।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राजकीय गृहों व मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के तहत पढ़ाई में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली दुर्गा यादव (वाराणसी, हाईस्कूल में 85 फीसदी से अधिक अंक), मोहिनी पाल (लखनऊ, इंटरमीडिएट में 82 फीसदी अंक), स्नेहा यादव (हाईस्कूल में 95 फीसदी), श्रेया अवस्थी (हाईस्कूल में 89 फीसदी), अन्वी शुक्ला (हाईस्कूल में 86 फीसदी), कृतिका शर्मा (इंटरमीडिएट में 95 फीसदी) व प्रांशी (इंटरमीडिएट में 88 फीसदी) को उनकी शानदार सफलता के लिए बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। सीएम ने सभी बच्चियों को सम्मानित भी किया।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने शैलवी शारदा, कीर्ति करमचंदानी, आनंदी अग्रवाल व गीतांजलि को नारी शक्ति अवार्ड से सम्मानित किया।

मुख्यमंत्री ने आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों सरोजिनी नगर की गुड़िया सिंह, प्रियंका सिंह, सुधा अवस्थी, उमा सिंह व लीलावती को मंच पर आयुष्मान कार्ड प्रदान किए।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने श्रम विभाग द्वारा सेवायोजित अपूर्वा, अमृता, शिवानी पांडेय, ऋतुर एन, अमृता वाजपेयी, खुशी कांकर, साक्षी सिंह, अपूर्वा तिवारी, संगीता कुशवाहा व शिवांगी को नियुक्त पत्र सौंपे। इसके अलावा सीएम ने 10 नवचयनित मुख्य सेविकाओं कामिनी मौर्य, सुनयना कुमारी, अंजुम फातिमा, रीता वर्मा, स्मृति कपूर, गुंजा गुप्ता, बबिता वर्मा, रूबी मौर्या, श्रद्धा तिवारी व सुमित्रा को भी नियुक्ति पत्र प्रदान किए। मुख्यमंत्री ने सभी चयनित महिलाओं को बधाई दी।

# मुख्यमंत्री की मां पर टिप्पणी के विरोध में भाजपा का प्रदर्शन, मौलाना के खिलाफ दर्ज की रिपोर्ट

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की माता के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी को लेकर भाजपा कार्यकताओं में रविवार को आक्रोश देखने को मिला।




कार्यकताओं ने जिलाध्यक्ष रवि कुमार मिश्र के नेतृत्व में प्रदर्शन कर आरोपी मौलाना का पुतला दहन किया।

भाजपा कार्यकर्ता पहले पार्टी कार्यालय पर एकत्रित हुए और वहां से जुलूस के रूप में वीर विनय चौराहे पहुंचे। यहां कार्यकताओं ने नारेबाजी करते हुए बिहार के मौलाना अब्दुल सलीम के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया और पुतला फूंका। सदर विधायक पल्टूराम ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ प्रदेश के मुखिया होने के साथ गोरक्षपीठ के पीठाधीश्वर भी हैं। उनकी माता के खिलाफ की गई टिप्पणी निंदनीय है और इससे पूरे प्रदेश की भावनाएं आहत हुई हैं।

तुलसीपुर विधायक कैलाश नाथ शुक्ला ने प्रशासन से आरोपी के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि दोषियों पर सख्त कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन और तेज किया जाएगा।इस अवसर पर गैसड़ी के पूर्व विधायक शैलेष कुमार सिंह शैलू, पूर्व अध्यक्ष चंद्र प्रकाश सिंह गुड्डू, ब्लॉक प्रमुख महिपाल चौधरी, डीपी सिंह बैस, वरुण सिंह मोनू, डॉ. अजय सिंह पिंकू, अवधेश तिवारी तरुण, संदीप वर्मा, प्रभात सिंह, शैलेंद्र सिंह, संदीप उपाध्याय, राकेश गुप्ता, राकेश कश्यप, अमन बंसल, रजनीश पांडे व आदित्य आदि मौजूद रहे।

भाजपा जिलाध्यक्ष रवि कुमार मिश्र की तहरीर पर कोतवाली नगर पुलिस ने बिहार के मौलाना अब्दुल सलीम के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। तहरीर में आरोप लगाया गया है कि एक मजहबी जलसे के दौरान मौलाना ने मुख्यमंत्री की माता के बारे में कथित आपत्तिजनक टिप्पणी की और गो हत्या से जुड़े कानून के खिलाफ लोगों को उकसाने का प्रयास किया। प्रभारी निरीक्षक मनोज सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर संबंधित धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। मामले की जांच की जा रही है।

## बांबे पावभाजी के ठिकानों पर आयकर विभाग का सर्वे

### साफ्टवेयर के जरिए बिक्री में हेराफेरी के मिले प्रमाण

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**लखनऊ।** लखनऊ में बांबे पावभाजी के ठिकानों पर आयकर विभाग की टीम ने सर्वे किया। टीम को साफ्टवेयर के जरिए हेराफेरी के प्रमाण मिले हैं। आयकर विभाग की जांच इकाई ने रविवार को राजधानी में बॉम्बे पावभाजी प्रतिष्ठान के तीन ठिकानों पर सर्वे की कार्यवाही की। विभागीय अधिकारी सुरक्षाकर्मियों के साथ बिक्री से जुड़े दस्तावेजों को खंगाल रहे हैं। यह सर्वे बॉम्बे पावभाजी प्रतिष्ठान द्वारा बिलिंग से संबंधित 'पेट पूजा' साफ्टवेयर का इस्तेमाल करने पर हुई है। बता दें कि आयकर विभाग, हैदराबाद द्वारा बीते दिनों यह साफ्टवेयर मुहैया कराने वाली कंपनी के ठिकानों पर सर्वे में करीब 70 हजार करोड़ रुपये की हेराफेरी अंजाम दिए जाने के प्रमाण मिले थे। सूत्रों के मुताबिक आयकर विभाग की हैदराबाद इकाई द्वारा किए गए सर्वे के दौरान पेट पूजा के ग्राहकों की बिलिंग गतिविधियों से संबंधित 160 टेरा बाइट से अधिक का बैक एंड डाटा प्राप्त किया गया था। डाटा के विश्लेषण में पता चला कि पेट पूजा द्वारा अपने सॉफ्टवेयर में ग्राहकों को कुछ खास फीचर्स एवं सुविधाएं उपलब्ध कराई गईं, जिनका दुरुपयोग बिक्री को कम दिखाने तथा आयकर रिटर्न में टर्नओवर को कम दशार्ने के लिए किया गया। जब विभाग ने डाटा का विश्लेषण करने के लिए आर्टिफीशियल इंटेलिजेंस का उपयोग किया, तो 70 हजार करोड़ से अधिक की संभावित कर-चोरी के सुराग मिले। इसके बाद इस सॉफ्टवेयर का उपयोग कर बिलिंग एवं बिक्री रसीदें तैयार करने वाले रेस्टोरेंट्स एवं आउटलेट्स की क्षेत्रवार सूची तैयार की गई। सूची में राजधानी के हजरतगंज क्षेत्र में स्थित एक प्रमुख रेस्टोरेंट बॉम्बे पावभाजी का नाम मिला, जो बिलिंग एवं बिक्री रसीदों के लिए इस सॉफ्टवेयर का उपयोग कर रहा था। इसके आधार पर बॉम्बे पावभाजी के हजरतगंज तथा गोमतीनगर के विभूति खंड स्थित प्रतिष्ठानों पर सर्वे की कार्यवाही की जा रही है।




# शंकराचार्य बोले, गाय के मांस से आय करने वालों को सनातन समाज कभी माफ नहीं करेगा

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**लखनऊ।** शंकराचार्य ने कहा कि बटुकों की चोटी खींचने का कार्य कोई विधर्मी ही कर सकता है। ऐसा करने वालों के खिलाफ सनातन समाज कभी माफ नहीं करेगा।

उन्होंने प्रयागराज में बटुकों के साथ हुई मारपीट और उनकी चोटी खींचने की घटना पर भी प्रतिक्रिया घटनाओं पर कार्रवाई नहीं होती और पुलिस भी ऐसा करती है या उसका समर्थन होता है, तो वहां हिंदुओं की सरकार कैसे मानी जा सकती है।




कार्रवाई होनी चाहिए।

ज्योतिष पीठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती रविवार को लालगंज पहुंचे। यहां उनका भव्य स्वागत किया गया। उन्होंने मीडिया और अनुयायियों को संबोधित किया। बृजेंद्र नगर के दुर्गा माता मंदिर परिसर में शंकराचार्य ने कहा कि जो व्यक्ति गौ माता को मानता है वह उस पर अत्याचार नहीं कर सकता। जो ऐसा करता है, वह किसी भी दशा में हिंदू नहीं हो सकता। उन्होंने कहा कि गाय के मांस से आय करने वालों को दी। कहा कि बटुकों के साथ दुर्व्यवहार करने वाले दोषियों के खिलाफ सरकार को कार्रवाई करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि यदि ऐसा कोई विधर्मी करता तो समझ में आता, लेकिन जो खुद को हिंदू कहते हैं और हिंदुओं के वोट से सत्ता में आते हैं, उन्हीं के शासन में ऐसी घटनाएं होना चिंताजनक है।

शंकराचार्य ने कहा कि चोटी सनातन धर्म की ध्वजा के समान है। चोटी खींचना सनातन धर्म की ध्वजा पर प्रहार करने जैसा है। उन्होंने सवाल उठाया कि यदि ऐसी

उन्होंने कहा कि गौ प्रतिष्ठा को लेकर धर्मयुद्ध का शंखनाद चल रहा है। उन्होंने बताया कि आगामी 11 मार्च को लखनऊ के मान्यवर कांशीराम जी सांस्कृतिक स्थल पर गौ माता को राज्य माता और राष्ट्र माता घोषित करने की मांग को लेकर कार्यक्रम होगा। उन्होंने लोगों से इसमें शामिल होने की अपील की। कार्यक्रम का संचालन कांग्रेसी नेता महेश प्रसाद शर्मा ने किया।

इस मौके पर राघवेंद्र सिंह, सुमित यादव, राजेंद्र चौहान, नीरज सिंह सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## मायावती बोलीं - राष्ट्रपति के पश्चिम बंगाल दौरे पर हुआ घटनाक्रम दुर्भाग्यपूर्ण

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**लखनऊ।** बसपा सुप्रीमो मायावती ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को उनके पद के अनुसार प्रोटोकॉल न मिलने पर नाराजगी जताई और कहा कि जो भी हुआ वो दुर्भाग्यपूर्ण था।

बसपा सुप्रीमो मायावती ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के पश्चिम बंगाल दौरे पर हुए घटनाक्रम को दुर्भाग्यपूर्ण करार दिया है। उन्होंने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को सीख देते हुए कहा कि राष्ट्रपति एक महिला होने के साथ ही आदिवासी समाज से भी आती हैं। सभी को संवैधानिक पदों पर बैठे लोगों का सम्मान करना चाहिए।

उन्होंने एक्स पर जारी किए गए बयान में कहा कि भारतीय संविधान के आदर्श व मान-मयार्दा के मुताबिक सभी को मा. राष्ट्रपति पद का सम्मान करना एवं इनके प्रोटोकाल का भी ध्यान रखना जरूरी है तथा इस पद का किसी भी रूप में राजनीतिकरण करना ठीक नहीं है।

वर्तमान में देश की राष्ट्रपति एक महिला होने के साथ-साथ वे आदिवासी समाज से भी हैं लेकिन अभी हाल ही में पश्चिम बंगाल में उनके दौरे को लेकर जो कुछ भी हुआ वह नहीं होना चाहिए था। यह अति-दुर्भाग्यपूर्ण है।

इसी प्रकार, पिछले कुछ समय से संसद में भी खासकर लोकसभा अध्यक्ष के पद का भी जो राजनीतिकरण कर दिया गया है यह भी उचित नहीं है। सभी को संवैधानिक पदों का दलगत राजनीति से ऊपर उठकर आदर-सम्मान करना चाहिए व उनकी गरिमा का भी ध्यान रखना चाहिये तो यह बेहतर होगा। इसी क्रम में संसद का कल से शुरू हो रहा सत्र देश व जनहित में पूरी तरह से सही से चले यही लोगों की अपेक्षा व समय की भी मांग है।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
जागरण मोर्चा
क्लासीफाइड
विज्ञापन दर
रू. 400/*- Size 40 Sqcm (Colour)
* नियम एवं शर्तें लागू
विज्ञापन बुकिंग हेतु सम्पर्क करें
7579849555, 9627739857, 9411916020, 9997745413

## सीएम युवा योजना के सहारे प्रभनूर ने खड़ा किया कारोबार

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में ह्यमुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियानह्ल महिलाओं को केवल स्वरोजगार ही नहीं, बल्कि उन्हें आत्मनिर्भर और आर्थिक रूप से स्वतंत्र बनाने का एक सशक्त माध्यम बन गया है। प्रदेश में योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में 'मुख्यमंत्री युवाह्ल योजना महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। इस योजना के तहत, कानपुर की प्रभनूर कौर ने अपने सपने को सच करते हुए न सिर्फ बेकरी व्यवसाय को बढ़ाया बल्कि अन्य महिलाओं को भी रोजगार देने का काम किया। प्रभनूर कौर ने बताया कि पहले मैं अपने रिश्तेदारों और फ्रेंड्स के लिए केक बनाती थी। जिसके बाद बेकरी वर्कशॉप अटेंड करने दिल्ली और बेंगलुरु गई। वहां जाकर मुझे महसूस हुआ कि इस काम को मैं बड़े स्तर पर ले जा सकती हूं। एक दिन मोबाइल चलाते हुए मुझे ह्यमुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियानह्ल के बारे में पता चला। इसके बाद जिला उद्योग केंद्र कानपुर जाकर इस योजना की पूरी जानकारी ली।

योगी सरकार की इस महत्वाकांक्षी योजना के तहत ?4.25 लाख का ब्याजमुक्त ऋण प्राप्त कर अपने बेकरी व्यवसाय को बढ़ाया। इस आर्थिक सहायता से उन्होंने आधुनिक मशीनें और ओवन खरीदे।

## यूपी: तापमान की बढ़ोत्तरी के बीच कुछ जिलों में छाई धुंध

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में मौसम का मिजाज बदलता नजर आ रहा है। रविवार को प्रदेश के अलग-अलग हिस्सों में कहीं तेज धूप और बढ़ती गर्मी महसूस हुई, तो कहीं सुबह के समय धुंध छाई रही। मौसम विशेषज्ञों का अनुमान है कि इस बार प्रदेश में गर्मी सामान्य से ज्यादा पड़ सकती है। मौसम विभाग के अनुसार बिहार की ओर से गुजर रही ट्रफ लाइन और हवा का रुख पूर्वी होने के कारण प्रदेश के मौसम पर असर पड़ रहा है। इसी वजह से कुछ जिलों में तापमान बढ़ रहा है, जबकि कुछ जगहों पर सुबह हल्की धुंध देखने को मिल रही है। रविवार को आगरा प्रदेश का सबसे गर्म जिला रहा, जहां अधिकतम तापमान 37.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इसके बाद झांसी में 36.3 डिग्री और बांदा में 35.8 डिग्री सेल्सियस तापमान रिकॉर्ड हुआ।

# सीएम योगी पर अभद्र टिप्पणी करने वाले को 72 हूरों के पास पहुंचाओ, मुझसे एक करोड़ ले जाओ

**जागरण मोर्चा कार्यालय**

**अयोध्या।** सीएम योगी आदित्यनाथ की मां व गोवंश को लेकर अभद्र टिप्पणी करने के मामले में अयोध्या के संत परमहंस आचार्य ने नाराजगी जताई और बिहार के मौलाना के पोस्टर को पैरों तले रौंदकर जला दिया।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मां और गोवंश को लेकर कथित अभद्र टिप्पणी के मामले में अयोध्या के संत समाज में नाराजगी देखने को मिल रही है। अयोध्या के तपस्वी छावनी के पीठाधीश्वर जगद्गुरु परमहंस आचार्य ने बिहार के मौलाना अब्दुल्लाह सलीम के बयान पर नाराजगी व्यक्त करते हुए अब्दुल्लाह सलीम का पोस्टर जलाया। पोस्टर जलाने से पहले उसे पैरों के नीचे रौंदा और साथ ही अब्दुल्लाह सलीम को 72 हूरों के पास भेजने वाले को एक करोड़ के इनाम की घोषणा भी की है।

रविवार को परमहंस आचार्य ने विरोध जताते हुए अब्दुल्लाह सलीम का पोस्टर जलाया और उस पैरों तले रौंदकर अपना आक्रोश व्यक्त किया। जगद्गुरू परमहंस आचार्य ने आरोप लगाया कि मातृशक्ति और गोवंश के खिलाफ इस प्रकार की भाषा का प्रयोग अस्वीकार्य है और इससे समाज की भावनाएं आहत हुई हैं। उन्होंने केंद्र और राज्य सरकार से मांग की है कि मामले को गंभीरता से लेते हुए अब्दुल्लाह सलीम के खिलाफ देशद्रोह और एनएसए के तहत कार्रवाई की जाए।

परमहंस आचार्य ने यह भी कहा कि गाय भारतीय संस्कृति और आस्था से जुड़ी हुई है और मातृशक्ति के खिलाफ अपमानजनक बयान किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं किया जा सकता। आज मातृदिवस के मौके पर उन्होंने इस बयान के विरोध में प्रदर्शन करते हुए सख्त कार्रवाई की मांग दोहराई।







जागरण मोर्चा राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक स्वामी, किरन दीक्षित के लिए प्रकाशक, मुद्रक, मनोज कुमार दीक्षित द्वारा लक्ष्य प्रिन्टर्स 158/4 भानमती चौराहा मॉडल हाउस हुसैनगंज लखनऊ, ( उ0प्र0) से मुद्रित एवं मीडिया हाउस 20ए शिवाजीमार्ग हुसैनगंज लखनऊ, ( उ0प्र0) से प्रकाशित । सम्पादक योगेश कुमार वर्मा मो0- 7579849555,9627739857 E-mail: www.jagranmorchadaily@gmail.com RNI.No.-UPHIN/2022/82743 समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ मान्य होगा ।
CMYK